दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
सागर ■ मंगलवार 11 मार्च 2025 ■ वर्ष -02 ■ अंक-133 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

अधिक धन सम्पन्न होने पर भी जो असंतुष्ट रहता है, वह निर्धन है, धन से रहित होने पर भी जो संतुष्ट है वह सदा धनी है। -अश्वघोष

## ब्रीफ न्यूज

### मार्क कार्नी होंगे कनाडा के अगले प्रधानमंत्री

**टोरंटो।** कार्नी ने पीएम पद की रेस में शामिल पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड, पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को पछाड़ा। वे बिना किसी विधायी या कैबिनेट अनुभव के पहले कनाडाई प्रधानमंत्री होंगे। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के ट्रम्प के बयान पर कहा कि अमेरिका कनाडा नहीं है। कनाडा कभी किसी भी तरीके से अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा।

### 15वीं मंजिल से कूदे जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर, मौत

**नोएडा।** नोएडा में जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने सुसाइड कर लिया। सोमवार सुबह वह अपार्टमेंट की 15वीं मंजिल से कूद गए। मौके पर उनकी मौत हो गई। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। उनको तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संजय सिंह गाजियाबाद में जीएसटी विभाग में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात थे। घटना नोएडा के सेक्टर-75 एपेक्स सोसाइटी की है।

### अब आईसीसी ने घोषित की टूर्नामेंट की टीम

**दुबई।** आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की है जिसमें विजेता भारतीय टीम के सबसे ज्यादा छह खिलाड़ियों को जगह मिली है। भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर 12 साल बाद इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारत के भले ही छह खिलाड़ी इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे, लेकिन रोहित शर्मा को इस टीम का कप्तान नहीं बनाया गया है।

### मुसलमानों में साक्षरता दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बताया कि मुसलमानों में साक्षरता दर में वृद्धि हुई है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजीजू ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि 2001 में हुई जनगणना की तुलना में वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि मुसलमानों के बीच साक्षरता दर में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2001 में हुई जनगणना के अनुसार, सात वर्ष और उससे अधिक आयु के मुसलमानों के बीच साक्षरता दर 59.1 प्रतिशत थी।

### छत्तीसगढ़ में ईडी की टीम पर ईंट-पत्थर से हमला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर में ईडी की टीम पर हमला हुआ है। यह हमला तब हुआ जब अधिकारी राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर से निकल रहे थे। रेड के दौरान उनके समर्थक विरोध प्रदर्शन करते नजर आए थे। जब टीम रेड के बाद बाहर निकलने लगी तो लोगों ने उनपर हमला कर दिया। ईडी की टीम पर ईंट-पत्थरों से हमले हुए हैं।

**अभिभाषण : राज्यपाल बोले-** अन्नदाताओं को 20 लाख सोलर पंप देंगे, किसान, महिला, युवा, जनजातीय और आम जनता पर फोकस

# 'ज्ञान' को आत्मनिर्भर बनाने जुटी सरकार

- काले नकाब पहनकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक
- कांग्रेसियों ने सरकार पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया
- भाजपा विधायक सीएम और स्पीकर के लिए गंगाजल लेकर पहुंचे

## विधानसभा का बजट सत्र...राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी लेट हो गईं तो दौड़ते हुए सदन में पहुंचीं



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से हुई। राज्यपाल ने कहा कि अगले तीन साल में किसानों को 20 लाख सोलर पंप बांटे जाएंगे। 5 रुपए में सिंचाई के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। नर्मदा घाटी विकास योजना और जल संसाधन विभाग की मदद से प्रदेश की सिंचाई क्षमता 50 लाख हेक्टेयर से बढ़कर अगले 3 साल में 100 लाख हेक्टेयर तक हो जाएगी। नदी जोड़ो परियोजना मप्र की तस्वीर बदलेगी। 21 मिनट तक चले अभिभाषण में राज्यपाल ने पीएम मोदी के 'ज्ञान' यानी गरीब, युवा, किसान और महिला वर्ग के विकास के लिए मोहन सरकार द्वारा किए जा रहे कामों का प्रमुखता से जिक्र किया। अभिभाषण के बाद सदन में दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव** – राज्यपाल ने कहा कि पिछले दिनों भोपाल मे आयोजित जीआईएस में पीएम ने मप्र की ताकत और सरकार के प्रगति के प्रयासों की खुले दिल से प्रशंसा की है। मार्च 2024 में उज्जैन से शुरू हुई रीजनल इंडस्ट्रीज कान्क्लेव से लेकर फरवरी 2025 ग्लोबल समिट के आयोजन तक मप्र को 30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण मिशन बनाया गया है। किसानों के भविष्य में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए किसान कल्याण मिशन बनाया गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 11 लाख 89 हजार पीएम आवास बनाने का लक्ष्य है। योजना में मप्र पहले स्थान पर है। पीएम आवास शहरी के पहले चरण में 8 लाख 33 हजार आवास बनाए गए हैं। इसमें मप्र में दूसरे स्थान पर है। वहीं भोपाल विधायक अभिलाष पांडे सिर पर गंगाजल लेकर विधानसभा आए। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी विधानसभा के लिए तीन टैंकर संगम का जल मंगाया था। उसमें से दो कलश मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के लिए लाया हूं। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा पहुंचने में लेट हो गईं। वे राज्यपाल के पहुंचने के बाद दौड़ते हुए सदन के भीतर पहुंचीं।

### सदन में आज अभिभाषण पर होगी चर्चा

भाजपा विधायक अर्चना चिटनीस ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इसके बाद स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि 11 और 13 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी।

### नेता प्रतिपक्ष बोले-सत्र की अवधि बढ़ाई जाए

बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक मुंह पर काले नकाब लगाकर विधानसभा पहुंचे। हाथों में तख्तियां लेकर गांधी प्रतिमा पर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार चर्चा से मुंह छुपा रही है इसलिए केवल 10 दिन का सत्र बुलाया है। सत्र की अवधि बढ़ाई जाए।

## महाकुंभ के दौरान नहाने लायक था गंगा का पानी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

**केंद्र ने संसद में पेश की सीपीसीबी की नई रिपोर्ट**

गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर छिड़े विवाद के बीच केंद्र सरकार ने संसद में सोमवार को सीपीसीबी की नई रिपोर्ट पेश की। सरकार ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान भी त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी नहाने लायक था। सरकार ने यह भी बताया कि गंगा नदी की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में कुल 7,421 करोड़ रुपए दिए गए हैं। लोकसभा में सपा के सांसद आनंद भदौरिया और कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक गंगा नदी के पानी में सभी तत्व जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन, जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग और फेकल कोलीफॉर्म के औसत मान स्नान के लिए लायक सीमा के अंदर थे। उन्होंने कहा कि सीपीसीबी ने श्रृंगवेरपुर घाट से लेकर दीहाघाट तक, संगम नोज सहित सात स्थानों पर सप्ताह में दो बार जल गुणवत्ता की निगरानी की। निगरानी 12 जनवरी से शुरू हुई और इसमें अमृत स्नान के दिन भी शामिल थे। सीपीसीबी ने तीन फरवरी को एनजीटी को अपनी प्रारंभिक निगरानी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें 12 से 26 जनवरी के बीच एकत्र जल गुणवत्ता डाटा शामिल था।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- भावनाओं के अनुरूप होगा मप्र का बजट



**इधर,** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी की भावना के अनुरूप बजट होगा। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजट का रिकॉर्ड टूटेगा। राज्यपाल के अभिभाषण में भविष्य की रूपरेखा पर बात रखी गई है। सरकार की नियत की रूपरेखा दी गई है। इन सब पर सदन में चर्चा होगी। चर्चा के दौरान पूरा जवाब भी आएगा। सरकार की योजना सर्वजन हिताय है। वहीं दावा किया जा रहा है कि मोहन सरकार का बजट करीब 4.20 लाख करोड़ का होने का अनुमान है। 2024-25 का बजट 3.65 लाख करोड़ का था। वर्ष 2025-26 के बजट में किसान, महिला, युवा, जनजातीय और आम जनता पर फोकस होगा।

**सीएम ने दिए 2-2 लाख की आर्थिक सहायता के निर्देश**

# सीधी में दो वाहनों की टक्कर आठ लोगों की मौत, 13 घायल

- आठ को रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया
- मैहर जा रहे थे 22 लोग, तूफान एक बल्कर से टकराया
- मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल



आठ यात्रियों की असामयिक दर्दनाक मृत्यु का अत्यंत ही दु:खद समाचार मिला है। मेरी गहरी शोक संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मृतकों के परिजनों को सीएम स्वेच्छानुदान से 2-2 लाख की आर्थिक सहायता, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।
-डॉ. मोहन यादव, सीएम

सत्ता सुधार ■ सीधी

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में सिटी कोतवाली क्षेत्र में दो वाहनों की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए। घायलों को भर्ती किया गया है। इनमें से आठ गंभीर को रीवा रेफर किया गया है। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। छह बच्चे भी घायल हैं। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन कराने मैहर जा रहे थे। परिवार के साथ ससुराल पक्ष के लोग भी थे। सीधी से बहरी की ओर जा रहा था। रात ढाई बजे उपनी पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। ग्रामीण और रास्ते से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। इस दौरान तूफान से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। 8 गंभीर को रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया।

**मृतकों के नाम-** कुंजलाल साहू निवासी पड़रिया, एतवरिया साहू, गंगा साहू निवासी अमिलिया, सुखरजुआ साहू निवासी देवरी, फूलकली साहू निवासी देवरी, सुशीला साहू निवासी देवरी सहित दो अन्य शामिल हैं।

### बस्ती में कंटेनर-कार की भिड़ंत, पांच ने तोड़ा दम

इधर, यूपी के बस्ती जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन पर बस्ती के नगर थाना क्षेत्र के गोटवा के पास सोमवार सुबह लाइन बदल रहे कंटेनर में लग्जरी कार की भिड़ंत हो गई। कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द

**पोर्ट विला।** इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व कमिश्नर और भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द होगी। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने नागरिकता आयोग को ललित मोदी को जारी पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। यह फैसला उन रिपोर्ट्स के आधार पर लिया गया है, जिनमें ये दावा किया गया था कि ललित मोदी भारत में प्रत्यर्पण से बचने की कोशिश कर रहा है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कई रिपोर्ट्स छपी थीं। पीएमओ के बयान में कहा गया कि इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट जारी करने से मना कर दिया था। इसके चलते उसके पासपोर्ट आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया गया था।

**दिनदहाड़े हत्या: हमलावर ने घर में घुसकर मारा**

## विदिशा में भाजपा नेता की पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

सत्ता सुधार ■ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम जेतपुरा में अज्ञात हमलावर ने भाजपा नेता और पूर्व सरपंच रामविलास ठाकुर की पत्नी रानी ठाकुर की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। यह वारदात सोमवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की है। रामविलास ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वे सुबह खेत पर गए थे। दोपहर में घर लौटे, तो देखा कि उनकी पत्नी किचन में खून से लथपथ पड़ी हुई थीं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका रानी ठाकुर, रामविलास ठाकुर की दूसरी पत्नी थीं। सात साल पहले उनकी पहली पत्नी की मौत के बाद उनका विवाह रानी से हुआ था। रामविलास के पहले विवाह से तीन बच्चे भी हैं।

**इनका कहना है....**

घटना के समय घर में रामविलास की 22 वर्षीय बेटी भी मौजूद थी, जो वारदात से 10 मिनट पहले बाथरूम में नहाने गई थी। इसी दौरान हमलावर ने हमला कर रानी ठाकुर की हत्या कर दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। मामले की गहनता से जांच कर रही है।
डॉ. प्रशांत चौबे, एएसपी, सिविल लाइन पुलिस, विदिशा

# भारत विरोधी गतिविधियों पर तुरंत एक्शन ले ब्रिटेन

## विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक-दोषियों पर करो कार्रवाई

### भारतीय मिशन को पर्याप्त सुरक्षा भी मिले

एजेंसी ■ नई दिल्ली



भारत ने एक बार फिर ब्रिटेन से कहा है कि वह भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाए और भारतीय उच्चायोग व इसके सभी कार्यालयों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करे। यह आग्रह भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते की अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान वहां के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, उप पीएम एजेंला रेनेर, विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय बैठकों में की। विदेश मंत्री के इस दौरे में ही उनकी कार के सामने एक खालिस्तान समर्थक भारतीय तिरंगे का अपमान करते हुए आ खड़ा हुआ था। इस पर ब्रिटेन ने अफसोस जताया था। अब विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि जयशंकर ने अपनी बैठकों में भारतीय उच्चायोग, मिशनों व इसमें काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया है।

### मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत

जयशंकर की लंदन में भारत व ब्रिटेन की भावी मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भी बातचीत हुई है। दोनों देशों ने कारोबारी संबंधों की राह की बाधाओं को दूर करने और बाजार की हिस्सेदारी बढ़ाने का आह्वान किया है। भारत ने ब्रिटेन के साथ प्रतिभाओं के आसानी से एक देश से दूसरे देश में जाने का मुद्दा खास तौर पर उठाया है। इस बारे में जयशंकर की ब्रिटेन के गृह सचिव के साथ हुई बैठक में खास तौर पर बातचीत हुई है।

**फरवरी की रिपोर्ट** दावा-कोई भी और बदलाव आने वाले महीनों में भोजन की लागत को प्रभावित करेगा

# शाकाहारी थाली सस्ती और मांसाहारी की बढ़ी कीमत

एजेंसी ■ नई दिल्ली



फरवरी में घर में बने भोजन की शाकाहारी थाली पिछले साल के इसी महीने की तुलना में एक फीसदी सस्ती हो गई। हालांकि, इस दौरान मांसाहारी थाली की कीमत में लगभग छह प्रतिशत का इजाफा देखा गया। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत में गिरावट मुख्य रूप से टमाटर और एलपीजी की कीमतों में कमी के कारण हुई। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमतों में इजाफे का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों का बढ़ना रहा। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फरवरी में टमाटर की कम कीमतों के बीच शाकाहारी थाली की कीमत में साल-दर-साल गिरावट आई। दूसरी ओर, ब्रॉयलर की कीमत में वृद्धि जारी रहने के कारण मांसाहारी थाली की कीमत में मामूली वृद्धि हुई।

### टमाटर की कीमतों में राहत

फरवरी में टमाटर की कीमतें एक साल पहले के 32 रुपए किलो से 28 प्रतिशत घटकर 23 रुपए किलो हो गई। यह गिरावट बाजार में टमाटर की आवक में 20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, एलपीजी की कीमतों में भी 11 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे और राहत मिली। दिल्ली में 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले साल के 903 से घटकर 803 रुपए हो गई।

### प्याज 11 फीसदी महंगी

हालांकि, शाकाहारी थाली की लागत में कुल गिरावट अन्य प्रमुख सामग्रियों की बढ़ती कीमतों के कारण सीमित रही। पिछले साल के मुकाबले प्याज की कीमतों में 11 फीसदी, आलू की कीमतों में 16 फीसदी और वनस्पति तेल की कीमतों में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इन मूल्य वृद्धि ने शाकाहारी भोजन की लागत में तेज गिरावट को रोक दिया।

**चिकन की कीमतों में बढ़ोतरी-** दूसरी ओर, ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण मांसाहारी थाली अधिक महंगी हो गई। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा लगभग 50 फीसदी होता है और इसकी कीमत में वृद्धि पिछले साल के कम आधार के कारण हुई थी, जब अधिक आपूर्ति के कारण कीमतें कम हो गई थीं।

**13 महीनों में इस तरह रही थाली की लागत**

| महीना | वेज थाली | नॉन वेज थाली |
|---|---|---|
| फरवरी-2024 | 27.5 | 54.0 |
| मार्च-2024 | 27.3 | 54.9 |
| अप्रैल-2024 | 27.4 | 56.3 |
| मई-2024 | 27.8 | 55.9 |
| जून-2024 | 29.4 | 58.3 |
| जुलाई-2024 | 32.6 | 61.4 |
| अगस्त-2024 | 31.2 | 59.3 |
| सितंबर-2024 | 31.3 | 59.3 |
| अक्टूबर-2024 | 33.3 | 61.6 |
| नवंबर-2024 | 32.7 | 61.5 |
| दिसंबर-2024 | 31.60 | 63.30 |
| जनवरी-2025 | 28.7 | 60.6 |
| फरवरी-2025 | 27.2 | 57.4 |
| मंथली चेंज | -5 फीसदी | -5 फीसदी |
| ईयरली चेंज | -1 फीसदी | 6 प्रतिशत |

नोट- आंकड़े रुपए में हैं। घर पर तैयार की गई प्रति थाली की लागत।

# एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

### मचा हड़कंप: साढ़े 8 घंटे उड़ने के बाद मुंबई लौटी

एजेंसी ■ नई दिल्ली




मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 ने मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 से रात 1:43 बजे न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी। एयरलाइन ने कहा कि फ्लाइट को अब 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। यात्रियों को होटल आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सहायता दी गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### समर्पित भाव से कार्यरत है सीआईएसएफ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के लिए सीआईएसएफ के सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों की राष्ट्रभक्ति को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डों एवं प्रमुख ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा प्रदान करने वाला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल संरक्षण और सुरक्षा के ध्येय वाक्य के साथ राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित भाव से निरंतर कार्यरत है।

### मुख्यमंत्री ने सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक माता सावित्री बाई ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने भारत के शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले ने बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए प्रथम विद्यालय की स्थापना की एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**भोपाल।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं।

## फाइलें पकड़ेंगी रफ्तार...तेजी से होगा शासकीय कार्य

### तकनीकी आधारित नई व्यवस्था से दिखेगा बड़ा बदलाव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र में सुस्त शासकीय व्यवस्था का गति देने के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश पर मंत्रालय के साथ ही विभागाध्यक्ष कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू कर दिया गया है। तकनीकी आधारित इस नई व्यवस्था से प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इससे फाइलों का मूवमेंट ऑनलाइन होने से सरकारी कामकाज में तेजी आएगी।

दरअसल, प्रदेश में सुशासन पर जोर दे रही सरकार का फोकस इस बात पर है कि जनता के काम तेज गति और आसानी से हो। इसके लिए ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया है। इससे सरकारी विभाग में फाइल किस जगह है, ऑनलाइन पता चल जाएगा। संबंधित फाइल में प्रगति और अपडेट जानकारी भी ऑनलाइन मिलेगी। पत्रावलियों के मूवमेंट और कार्यालयों में फाइलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित होगा। ट्रैकिंग से फाइल डिस्पोजल या काम पूरा होने में देरी होती है तो तुरंत उच्चाधिकारियों के निर्देश के जरिये मूवमेंट तेज किया जा सकता है और फाइल से जुड़े काम को अंजाम दिया जा सकता है। मुख्य सचिव के निर्देश पर विभागाध्यक्ष कार्यालयों में एक मार्च से ई-ऑफिस सिस्टम लागू कर दिया गया है। मंत्रालय की तर्ज पर विभागाध्यक्ष कार्यालयों में कुछ फाइलों का मूवमेंट ऑनालाइन होने लगा है। हालांकि नया सिस्टम होने से अधिकारी, कर्मचारी इस पर काम करने में कतरा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी फाइलों का मूवमेंट डिजिटली होने लगेगा। जानकारी के अनुसार इस महीने राजधानी के दो बड़े प्रशासनिक कार्यालयों में तकनीकी आधारित नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इनका मकसद प्रशासनिक काम-काज में तेजी लाना और कर्मचारियों की निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना है।



### नए सिस्टम में ढलने में वक्त लगेगा

एक मार्च से विभागाध्यक्ष कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम शुरू किया गया है। विभागाध्यक्ष कार्यालयों के सभी अधिकारी, कर्मचारियों को जनवरी में इसकी ट्रेनिंग दी गई थी। अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारियों की मैनुअली काम करने की आदत वर्षों पुरानी है, इसलिए उन्हें नए सिस्टम में ढलने में कुछ वक्त लगेगा। कई कर्मचारियों को ऑनलाइन फाइलें आगे बढ़ाने में तकनीकी दिक्कतें आ रही है, इसलिए अभी कुछ फाइलों का मूवमेंट ही ऑनलाइन हो रहा है।

### कर्मचारियों की लेटलतीफी पर भी अंकुश

मंत्रालय में अधिकारी, कर्मचारियों की लेटलतीफी पर अंकुश लगाने के लिए अटेंडेंस की नई तकनीकी आधारित व्यवस्था आधार बेस्ड फेस अटेंडेंस लगना शुरू हो गई है। इस नए सिस्टम में कर्मचारियों को वल्लभ भवन की 100 मीटर की परिधि में अपने मोबाइल से अटेंडेंस लगाना पड़ रही है। अटेंडेंस लगाने के बाद जीएडी के सिस्टम और संबंधित कर्मचारी के मोबाइल पर मैसेज आता है। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी नया सिस्टम ट्रायल पर है, इसलिए कई कर्मचारी आधार बेस्डई अटेंडेंस लगाने से बच रहे हैं। नए सिस्टम में सामने आ रही खामियों को दूर कर इसे अप्रैल से सख्ती से लागू करने की तैयारी है।

## लॉजिस्टिक्स सेक्टर में नए निवेश की बढ़ी संभावनाएं

■ इंदौर-भोपाल में बन रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

■ प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यह प्रदेश उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम के व्यापार मार्गों को सुविधाजनक रूप से जोड़ते हुए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर रहा है। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में की जा रही रणनीतिक पहलों से मध्यप्रदेश अब सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि पूरे भारत की आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत आधार बन रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहा है। अपनी भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण यह प्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का तेज़ी से विस्तार किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, उत्तर-दक्षिण फ्रेट कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना प्रदेश को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रही हैं। इंदौर और भोपाल में विकसित हो रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) व्यापार को आसान और लागत प्रभावी बना रहे हैं।



प्रदेश में लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक विकास का गहरा तालमेल देखने को मिल रहा है। विक्रम उद्योगपुरी आईआईटीवीयूएल जैसी परियोजनाएं लॉजिस्टिक्स सेक्टर के विस्तार में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में स्थापित किए जा रहे 11 औद्योगिक गलियारे और 20 स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र लॉजिस्टिक्स उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। हरित ऊर्जा समाधान और इलेक्ट्रिक लॉजिस्टिक्स वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना, उन्नत तकनीक और उद्योग अनुकूल नीति इसे लॉजिस्टिक्स सेक्टर के सबसे प्रमुख निवेश केंद्रों में शामिल कर रही है। सरकार के स्पष्ट विजन और विकास रणनीति के चलते यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### निर्यात और उद्योग को नई गति

प्रदेश के छह प्रमुख हवाई अड्डों पर एयर कार्गो सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बड़ी ताकत मिल रही है। रीवा हवाई अड्डे के चालू होने से व्यापार और औद्योगिक परिवहन को नई रफ्तार मिली है। फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्र-संस्करण जैसे उद्योगों को अब कम समय में बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

### बिजनेस में आई ट्रांसपेरेंसी

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत विकसित डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्रणाली व्यापारियों के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के माध्यम से पारदर्शी और कुशल लॉजिस्टिक्स सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रदेश के लॉजिस्टिक्स हब में स्मार्ट वेयरहाउसिंग, ऑटोमैटेड ट्रैकिंग और डिजिटल डिलीवरी सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### निवेशकों को आकर्षित करने मजबूत नीति

मध्यप्रदेश सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं लेकर आई है। निश्चित पूंजी निवेश पर 30% तक की वित्तीय सहायता, स्टाम्प ड्यूटी में 100% छूट और लॉजिस्टिक्स पार्कों के लिए अनुदान जैसी योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। ग्रीन लॉजिस्टिक्स को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार आईजीबीसी प्रमाणन प्राप्त इकाइयों को अतिरिक्त रियायतें दे रही है।

### एक हफ्ते में दूसरी बार कर्ज लेगी मोहन सरकार

**भोपाल।** मोहन यादव सरकार एक हफ्ते के अंतराल में मंगलवार को फिर बाजार से चार हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है। इसका भुगतान सरकार को बुधवार को होगा। दो-दो हजार करोड़ रुपए के यह कर्ज 22 साल और 6 साल के अवधि के हैं जिसका भुगतान सरकार छमाही ब्याज के रूप में करेगी। इसके साथ ही मोहन सरकार चालू वित्त वर्ष में 51 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी होगी।इसके पहले चार मार्च को छह हजार करोड़ रुपए का कर्ज दो-दो हजार की तीन किस्तों में लिया गया था। सरकार ने पिछले माह 20 फरवरी को जीआईएस के पहले भी 6 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया था। एक हफ्ते के अंतराल में सरकार दस हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है। अभी कुछ और कर्ज लिए जा सकते हैं। मप्र की जनता पर 31 मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 3 लाख 75 हजार 578 करोड़ रुपए का कर्ज है। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक बीजेपी सरकार ने एक साल में 44 हजार करोढ़ रुपए कर्ज लिया था। इसके पहले 31 मार्च 2023 को सरकार पर कर्ज की राशि 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक थी।

## जीआईएस-भोपाल से स्पीड-अप होने लगा ईवी और ऑटोमोबाइल सेक्टर

● मप्र इस क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के हब के रूप में उभर रहा

● वर्तमान में 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माता कंपनियां कार्यरत



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने जीआईएस भोपाल के शुभारंभ पर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण की बढ़ती संख्या को मध्यप्रदेश में ईवी क्रांति की बढ़ती स्वीकार्यता और निवेशकों के लिए इसमें अपार संभावनाओं को रेखांकित किया था। मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल और ईवी के क्षेत्र में न केवल निर्माण बल्कि नवाचार और अनुसंधान के हब के रूप में उभर रहा है। सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं प्रदान कर रही है। मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऑटोमोबाइल सेक्टर को जबरदस्त गति मिल रही है। जीआईएस भोपाल के मंच से मुख्यमंत्री ने प्रदेश को इस क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। जीआईएस-भोपाल में देश-विदेश की प्रमुख ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान में प्रदेश में 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माता कंपनियां कार्यरत हैं और 200 से अधिक कंपनियां वाहन कल-पुर्जो का निर्माण कर रही हैं। वाणिज्यिक वाहन निर्माण में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जबकि बस और ट्रैक्टर निर्माण में यह दूसरे स्थान पर है।

जीआईएस- भोपाल में ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान इलेक्ट्रो-ग्रेफाइट ने 1,800 करोड़ रुपए के निवेश का करार किया। देवास में बनने वाले इस संयंत्र में ग्रेफाइट एनोड का उत्पादन होगा, जिससे ईवी बैटरियों की लागत में कमी आएगी और उद्योग को नया प्रोत्साहन मिलेगा। मध्यप्रदेश का पीथमपुर ऑटो-क्लस्टर लगभग 4,500 हेक्टेयर में फैला हुआ है और यह देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल केंद्रों में से एक बन चुका है। यहां फोर्स मोटर्स, आयशर मोटर्स, एवीटीएसी मोटर्स, काइनेटिक मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियां कार्यरत हैं। ऑटो कल-पुर्जा निर्माता कंपनियां यहां अपने उत्पाद बना रही हैं। पीथमपुर में स्थित एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड टेस्टिंग ट्रैक 'नैट्रैक्स' (11 किमी) वाहन परीक्षण के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस है।

### एमपी मोबिलिटी एक्सपो नवाचार का केंद्र

जीआईएस समिट में एमपी मोबिलिटी एक्सपो-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रिजस्टोन, ज़ेडएफ स्टीयरिंग, मदरसन गेबियल, आनंद इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने भाग लिया। एक्सपो में सुपर कार और सुपर बाइक प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न स्टार्ट-अप्स ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए, जिससे प्रदेश में नई तकनीकों के समावेश को बढ़ावा मिला। मध्यप्रदेश ईवी बैटरी निर्माण, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन में तेजी से निवेश आकर्षित कर रहा है। स्वच्छ और सस्टेनेबल ऑटोमोबाइल निर्माण को बढ़ावा देने के लिय राज्य सरकार विशेष नीतियां लागू कर रही है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

## प्रदेश के 700 हायर सेकेंडरी स्कूलों में दी जाएगी व्यावसायिक शिक्षा



सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी शुरू किए जाएंगे।

वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सौलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा देने के लिये 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये है।

## प्रदेश में बढ़ सकते हैं 10 फीसदी शराब के दाम

### ई-टेंडरिंग और बिडिंग से नीलामी की जाएगी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में शराब के दाम 10 प्रतिशत बढ़ सकते हैं। वजह यह है कि राज्य सरकार ने शराब पर 10 प्रतिशत वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) बढ़ाने का निर्णय लिया है। उदाहरण के लिए शराब पर वैट 350 रुपये प्रूफ लीटर था, 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने पर यह 385 रुपये प्रूफ लीटर हो जाएगा। बता दें कि एक लीटर के बराबर एक प्रूफ लीटर होता है।

हालांकि, वैट बढ़ाने के साथ ही आबकारी विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि शराब निर्माता कंपनी मनमाने तरीके से शराब का मूल्य नहीं बढ़ा सकेंगी। दरअसल, शराब निर्माता कंपनी का तर्क होता है कि उनकी शराब विभिन्न राज्यों में विक्रय की जाती है। ऐसे में दूसरे राज्यों से तुलना कर शराब की कीमत में वृद्धि की जाती है, लेकिन अब शराब की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और (एमआरपी) मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में शराब पर वैट और कीमत की तुलना कर जो राज्य के अनुकूल होगा, उसके आधार पर ही शराब का मूल्य तय किया जाएगा।



मध्य प्रदेश में 21 जिलों में शराब ठेकों की 100 प्रतिशत नीलामी की जा चुकी है। 81 समूहों ने शराब के ठेके उठाए हैं। अब 31 जिलों में शराब के ठेके होना है। नीलामी की प्रक्रिया के बावजूद जबलपुर और दमोह सहित अन्य जिलों में ठेके नहीं उठ पा रहे हैं। यहां ई-टेंडरिंग और बिडिंग से नीलामी की जाएगी।

### राहुल गांधी के बाद अब मप्र के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा बोले-

## हमारे कई नेता भाजपा के नेताओं से गठजोड़ करते हैं इनपर कार्रवाई हो

सत्ता सुधार ■ भोपाल



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कांग्रेस के भीतर रहकर भाजपा के लिए काम करने वाले नेताओं पर टिप्पणी करने के बाद अब मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी इस विषय को छेड़ दिया है। उन्होंने भोपाल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे कई नेता भाजपा के नेताओं से गठजोड़ करते हैं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में ऐसे नेताओं ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। कई शिकायतें मिली हैं। अनुशासन समिति की बैठक बुलाकर ऐसे नेताओं पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

वर्मा ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए मध्य प्रदेश के संदर्भ में कहा कि ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर किया जाना चाहिए। ये लोग पार्टी के लिए घातक हैं। उन्होंने कहा कि ये नेता पद हमारे यहां लेते हैं और भाजपा से हाथ मिलाकर अपने ही उम्मीदवारों को हराने का काम करते हैं। ऐसी सैंकड़ों शिकायतें मिली हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए दावा किया कि बिहार के विधानसभा चुनाव के बाद मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना सहित कई मुफ्त की घोषणाओं (फ्रीबीज) वाली योजनाओं को बंद किया जाएगा। सरकार की ओर से इसकी तैयारी कर ली गई हैं।

### भाजपा ने साधा निशाना

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि राहुल गांधी गुजरात में कांग्रेसियों को संदिग्ध बता रहे हैं और मध्य प्रदेश में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा उनकी बात का समर्थन करते हैं। कांग्रेस नेताओं को अपनी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं पर ही भरोसा नहीं है। पहले ही लाखों नेता-कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं और जो बचे हैं उन्हें संदिग्ध बताया जा रहा है।

**प्रदर्शन** | विधानसभा घेराव से पहले टूटा मंच, कई कांग्रेसी नेता घायल

## पार्टी ने किया प्रदर्शन, बल प्रयोग समेत वाटर कैनन मारकर रोका

### सरकार केवल लुभावनी घोषणाएं करना जानती है

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अपनी मांगो को लेकर भोपाल में बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने के लिये रंगमहल चौराहे पर जुटे थे। चौराहे पर पार्टी नेताओ के लिये बनाया गया कांग्रेस का मंच अचानक टूट कर गिर गया। इस दौरान रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन में मौजूद कई कार्यकर्ताओं ने घायल नेताओं को अस्पताल ले जाने के लिये गोद में उठाकर गाड़ियों में बैठाया। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान भी बुरी तरह घायल हुए हैं।

अचानक हुए इस हादसे में मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक कांग्रेसी घायल हुए हैं। कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, प्रवक्ता रोशनी यादव सिद्धांता अस्पताल में और पूर्व विधायक रवि जोशी और शैलेंद्र पटेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। हालांकि इसके बाद भी बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिये नारेबाजी करते हुए गे बढ़े। जिन्हें पुलिस ने हल्का-फुल्का बल प्रयोग करते हुए वाटर कैनन मारकर रोक लिया।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंच टूटना बीजेपी की साजिश सो सकती है लेकिन बीजेपी को नहीं पता है कांग्रेस का मंच बहुत मजबूत है। कहा, सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती। कांग्रेस किसानों के हक के लिए आवाज उठाती है तो वाटर कैनन छोड़ा जाता है, लाठीचार्ज किया जाता है। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मंच टूटने को लेकर कहा कि ये भाजपा का षड्यंत्र है। वो चाहती ही नहीं थी कि कांग्रेस का प्रदर्शन हो। बड़ी मुश्किल से मंच लगाने की परमिशन दी, लेकिन मंच के लिए मजबूत पाए लगाने नहीं दिए। और हमारे यहां ये परंपरा है मंच पर पदाधिकारी भी मौजूद रहते हैं। ज्यादा भार के कारण मंच टूट गया।



**पटवारी बोले ये कैसा अहंकार :** पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके बाद वे मंच टूटने से घायल हुए नेता और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा कि घायलों कि हालत अब ठीक है। उन्होंने कहा कि न सोयाबीन के सही दाम हैं न गेहूं के दाम हैं। ये कैसा अहंकार है। जब किसान ज्ञापन देने आते हैं तो वो भी नहीं सुनते। हमारे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार से 10 सवाल पूछे, बीजेपी की मोहन सरकार के पास इन सवालों के कोई उत्तर नहीं है। हम किसानों की लड़ाई तन-मन और धन से लड़ेंगे। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से किए वादे भूल गई है, इसीलिए सोई बीजेपी सत्ता को जगाने के लिए प्रदेश भर से आए किसानों के साथ विधानसभा का घेराव किया! किसान कांग्रेस का एक ही संकल्प है! किसान विरोधी मोहन सरकार,को सबक सिखाना ही,अब विकल्प है।

### जनता के मुद्दों से मुंह छिपा रही सरकार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि उन्हें वाटर केनन और लाठियों से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। उन्होंने कहा कि किसानों की बात करने पर हमारे ऊपर वाटर केनन और लाठीचार्ज करके किया जा रहा है। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि सरकार जनता के मुद्दों से मुंह छिपा रही है और विपक्ष की आवाज दबाने में लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके तमाम विधायक सदन से लेकर सड़क तक किसानों की आवाज उठाते रहेंगे।

# पत्रकार पर बनाए गए फर्जी प्रकरण को लेकर सागर के लोग हुए एकजुट, दिया ज्ञापन

## विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हम शांतिपूर्वक ज्ञापन दे रहे हैं यदि कार्यवाही नहीं तो, होगा उग्र आंदोलन





सत्ता सुधार ■ सागर

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे अनित पंड्या के द्वारा पत्रकार मुकुल शुक्ला पर बनाए गए फर्जी प्रकरण को लेकर पत्रकार लगातार आवाज उठा रहे थे। इसी बीच अब सागर के विभिन्न संगठन ने पत्रकारों की आवाज बुलंद करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि यदि पत्रकार मुकुल शुक्ला पर बनाए गए प्रकरण की निष्पक्ष जांच नहीं होती एवं खनिज अधिकारी अनित पंड्या पर मामला दर्ज नहीं होता है तो सागर में उग्र आंदोलन होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### भीम आर्मी ने दिया ज्ञापन ,जमकर की नारेबाजी

भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भीम आर्मी द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। खनिज अधिकारी अनित पंड्या के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। भीम आर्मी के पदाधिकारी ने कहा कि सागर में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है आए दिन फर्जी प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। पत्रकार मुकुल शुक्ला पर हुए फर्जी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए एवं खनिज अधिकारी पर मामला दर्ज हो।

### व्यापारी महासंघ ने दिया समर्थन पत्र

जिला व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष शिखर कोठिया ने पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ खनिज अधिकारी ने की अभद्रता एवं एक पक्षीय के मामले की घोर निंदा करते हुए आंदोलन में पहुंचकर समर्थन किया एवं खनिज अधिकारी अनित पंड्या पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र कार्यवाही की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी सागर शहर द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंच कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की खनिज अधिकारी अनित पंड्या द्वारा पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ जो मारपीट झूमा झटकी कर गाली गलौज की गई है उसको लेकर पत्रकार की ओर से एफआईआर दर्ज हो एवं अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो जिसके द्वारा फर्जी प्रकरण दर्ज कराया गया है। कांग्रेस के पूर्व सचिव पूर्व युवा अध्यक्ष चैतन्य कुमार पांडे द्वारा भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खनिज अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई।

### आम आदमी पार्टी ने दिया ज्ञापन कार्यवाही की मांग

पत्रकार मुकुल शुक्ला पर दर्ज हुए फर्जी प्रकरण को लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा और उक्त मामले में उच्च स्तरीय जांच कर खनिज अधिकारी पर कार्यवाही करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष डीके सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन के दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई।

### अखिल भारतीय कुशवाहा क्षत्रिय महासभा भी पहुंची ज्ञापन देने

धर्मेंद्र कुशवाहा प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में अखिल भारतीय कुशवाहा क्षत्रिय महासभा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्ट कार्यालय में जाकर दिया गया। ज्ञापन में खनिज अधिकारी अनित पंड्या पर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उक्त मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने आंदोलन की बात कही गई।

### पत्रकारों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को दिया ज्ञापन

पत्रकारों पर फर्जी प्रकरण दर्ज कर उनकी आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है जिसको लेकर नाराज पत्रकारों द्वारा बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर जाकर जमकर नारीबाजी करते हुए महापुरुष की प्रतिमा को ज्ञापन सोपा और कहा कि प्रशासन मूकदर्शक बन गया है जिसके कारण आज हम हमारे महापुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की मांग कर रहे हैं क्योंकि आज जो लोग वर्तमान में जिंदा है वह नहीं सुन रहे। बंडा सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह हिंडोरिया के नेतृत्व में एवं उनके आह्वान पर क्षेत्र की सर्वसमाज के अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से सागर पहुंचकर सागर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि अगर पत्रकारों के साथ ही ऐसी निंदनीय हरकतें अधिकारी करने लगेंगे तो निश्चित रूप से यह घोर निंदनीय अपराध है हम सभी समाजों से आये प्रतिनिधि मांग करते हैं कि पत्रकार को न्याय दिया जाए एवं अधिकारी पर एफआईआर दर्ज कराई जाए साथ ही बंडा क्षेत्र में हो रहे।

अवैध उत्खनन की जांच के साथ ही जिला अधिकारी के पूरे कार्यकाल की निष्पक्ष जांच करायी जाकर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाये ज्ञापन में कहा गया है कि अतिशीघ्र न्याय नहीं मिला तो सभी समाजे मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज से जिला से उपस्थित लोग सुरेंद्र सुहाने पप्पू तिवारी सुधीर यादव सिद्धार्थ बामोरा अशोक कुशवाहा अभिषेक गौर लोकेश तिवारी गडर माखनलाल सोनी चैतन्य पांडे श्याम करवरिया अवधेश शर्मा रामगोपाल गोस्वामी आदेश शुक्ला विनोद तिवारी सेसई संतोष मिश्रा राजपूत समाज से धर्मेंद्र सिंह परासिया भूपेंद्र सिंह सिगदौनी देवप्रशांत सिंह यादव समाज से कपिल यादव संतोष यादव प्रवेंद्र यादव लोधी समाज से जनपद अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह लंबरदार समाज के अध्यक्ष कल्याण सिंह मगरधा रजक समाज से सतीश राजक सेन समाज से सोनू सेन पटेल कुशवाहा समाज से एडवोकेट कुंज बिहारी पटेल साहू समाज से कैलाश साहू नारायण साहू मुस्लिम समुदाय से अनीश कुरेशी अनवर खान अहिरवार समाज से गोपाल अहिरवार सहित सभी समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### प्रशासन पत्रकारों पर फर्जी प्रकरण दर्ज न करें : पप्पू तिवारी

शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने सर्व समाज की ओर से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में सौंपा।ज्ञापन के दौरान पप्पू तिवारी ने कहा कि पत्रकारों पर फर्जी प्रकरण दर्ज कर प्रशासन दबाव बनाना बंद करे यदि पत्रकार आम लोगों की आवाज उठाते हैं तो आम लोग भी पत्रकारों के साथ हैं और यदि हम लोग शांत हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम लोग कुछ नहीं कर सकते,सागर के लोग ने बड़े-बड़े आंदोलन कर यह बता दिया है कि हम क्या कर सकते हैं यदि प्रशासन नहीं सुनता तो हम उग्र आंदोलन करेंगे हमारी प्रमुख मांग है कि खनिज अधिकारी अनित पंड्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो एवं पत्रकार मुकुल शुक्ला पर बनाए गए मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय दुबे ने भी पत्रकारों का समर्थन करते हुए आंदोलन में शामिलहुए।



# नगर निगम के सभी कर्मचारी संघों की बैठक सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के निराकरण एवं समय पर वेतन भुगतान के संबंध में नगर निगम के सभी संघों की संयुक्त बैठक सोमवार को नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें म.प्र.न.नि. / न.पा.कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव श्री राजेषसिंह राजपूत, नगर निगम कर्म.कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक, म.प्र.न.नि./न.पा.कर्म.संघ की इकाई अध्यक्ष वर्षा समद्र, सफाई कामगार यूनियन एवं अखिल भारतीय सफाई मजूदर कांग्रेस संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि विगत 02 माह के बकाया वेतन भुगतान एवं अन्य 11 सूत्रीय मांगो के संबंध में दिनांक 06.03.2025 को कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों एवं आयुक्त नगर निगम के मध्य हुई अनौपचारिक वार्ता अनुसार प्रस्तावित आंदोलन 11 मार्च तक के लिये स्थगित किया गया था। आंदोलन के संबंध में सोमवार 10 मार्च को समस्त कर्मचारी संगठनो के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मिति से 12 मार्च से आंदोलन यथावत् रखने का निर्णय लिया गया है । आंदोलन हेतु निम्नानुसार संघर्ष समिति का गठन किया गया है जिसमें हरेन्द्र खटीक, राजेश सिंह, रामाधार तिवारी, आनंद मंगल गुरू, सईदउद्दीन कुरैशी, माधव प्रसाद चढार ,श्रीमति शकुन्तला गोस्वामी, श्रीमति जया श्रीवास्तव,श्रीमति वर्षा समत, स्वदेश सनकत, राजेन्द्र सनकत, सूरज मछन्दर, मनोज चौबे, विकास उपाध्याय, आशुतोष सोलंकी, राजेश चौबे को शामिल किया गया है। बैठक में आनंद मंगल गुरू, देवकुमार चौबे, सईद उद्दीन कुरैषी ,मनोज चौबे, आषुतोष सोलंकी, सूरज मंछदर, भोला करोसिया, सुदामा मछंदर, सुरेन्द्र महावत, राजेन्द्र सनकत, शकुनतला गोस्वामी, माधव चढार, रामाधार तिवारी, जया श्रीवास्तव, विजया श्रीवास्तव, रागिनी पटैरिया, नीतू तिवारी,ओकार शर्मा, अभिषेक तिवारी, सुमत बरसैंया, प्रदीप सेन, मनोज तिवारी, राजेष नापित, कुलदीप बाल्मीकि, विकास गुरू,, अनुरूद्ध चाचोदिया, संजय सोनी, विकास उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण रैकवार, संजय रैकवार, अभिषेक तिवारी, लक्ष्मी कोरी, अजय रैकवार, नितिन अग्रवाल, राकेष गुजरया, संजय जैन, कृष्णकुमार रैकवार, संध्या तिवारी, आषी, सविता दुबे, सचिन्द्र ठाकुर, आकाष मांझी, रीतेष अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

**वेतन एवं 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण न होने पर12 मार्च से आंदोलन को यथावत् रखे जाने का लिया निर्णय**

# शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा




सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

सोमवार को शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य वंदना गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने कॉलेज में चल रही विभिन्न समस्याओं को बताया। जज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि महाविद्यालय में पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। वाटर कूलर लगा है, लेकिन वह काम नहीं कर रहा है। शौचालयों की नियमित सफाई नहीं होती, जिससे छात्र-छात्राएं इनका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। पार्किंग स्थल का टीन शेड क्षतिग्रस्त स्थिति में है। इससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। प्राचार्य वंदना गोस्वामी ने छात्रों की मांगों को गंभीरता से सुना और। सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## मझेरा गांव में एक व्यक्ती ने दो महिलाओं सहित एक व्यक्ती से मारपीट की

**खुरई(सागर)।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मझेरा गांव में एक व्यक्ती ने दो महिलाओं सहित एक व्यक्ती को लोहे की रॉड डंडे से मारकर घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी रानी पति अनिल प्रजापति उम्र 21 साल निवासी ग्राम मझेरा ने शिकायत दर्ज कराई है कि में घरू कार्य करती हूँ। शाम करीब 6 बजे की बात हैं मैं अपने घर पर खाना बना रही थी। दादी अवधरानी, चाची द्रोपती और देवर शिवा घर पर ही थे उसी समय गाँव का कमलेश रैकवार आया देवर शिवा को आवाज देकर घर से निकलने को बोला। शिवा घर से बाहर निकला तो कमलेश ने शिवा को माँ बहिन की गंदी गंदी गालिया देने लगा। गालिया देने से मना किया तो कमलेश झुमा झटकी करने लगा। मैं और चाची द्रोपती बचाने गई तो उसने हाथ में लिये लौहे की राड से मेरी चाची को सिर में मारा लगकर खून निकलने लगा। फिर दादी अवधरानी बचाने आई तो उसे भी राड से मारा। जाते जाते वह बोल रहा था कि अगर थाना पर रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।

# विधायक लारिया ने क्षेत्र विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु एमपीआरडीसी प्रबंध संचालक से भोपाल में की भेंट



सत्ता सुधार ■ सागर

नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने सोमवार को भोपाल प्रवास के दौरान म.प्र.सड़क विकास निगम लिमि. भोपाल के प्रबंध संचालक भारत यादव से भेंट कर नरयावली विधानसभा में सेतु बंधन योजना अंतर्गत मकरोनिया चौराहे पर फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य को पुनरीक्षित फ्लाई ओवर की लंबाई बढ़ाने के लिए एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर से ढाना तक फोर लाइन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कराए जाने के संबंध में भेंट कर चर्चा की।विधायक लारिया ने कहा कि इन परियोजनाओं के निर्माण से नरयावली सहित सागर जिले के विभिन्न हिस्सों के मध्य आवागमन में सुविधा के साथ यातायात का दबाव भी कम होगा। जिस पर प्रबंध संचालक श्री यादव ने विधायक लारिया को आश्वस्त किया कि नरयावली क्षेत्र के जन विकास के कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत कराया जाएगा।

# महेश मासाब का निधन, गांव में शोक की लहर, पुत्र ने दी मुखाग्नि



सत्ता सुधार ■ जरूवाखेड़ा(सागर)

चांदामऊ सरपंच श्रीराम आठिया रामस्वरूप आठिया शिक्षक के भाई महेश मासाब का निधन हो गया था।अंतिम संस्कार कल प्रातः 9 बजे चांदामऊ में होगा। महेश शिक्षक चांदामऊ में ही नौकरी करते थे,ग्राम में उनका अच्छा व्यवहार और अच्छा परिवार का व्यवहार जिसके कारण उनके छोटे भाई श्री राम सरपंच ने और उनके भाई रामस्वरूप शिक्षक जो वर्तमान में जालंधर में हैं महेश शिक्षण लंबी बीमारी के कारण उनका देहांत हो गया।अंतिम संस्कार कल 9 बजे होगा पूरे ग्राम में दुख की लहर है और विभाग के शिक्षकों अच्छे संबंध होने के कारण सभी ने दुख प्रकट किया। कल पूरी रीती रिवाज से अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूरे ग्राम के लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए और अखाड़े और ढोल बाजे के साथ अंतिम संस्कार हुआ, उनके बड़े लड़के ने अंतिम संस्कार के मुखाग्नि दी।

# रैहपुरा में निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर आयोजित




**गुना।** आयुष ग्राम एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) रैहपुरा में निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. जीके धाकड़ ने जानकारी दी कि सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चले शिविर में 87 रोगियों ने आयुर्वैदिक एवं 44 रोगियों ने होम्योपैथिक इस प्रकार लगभग 131 रोगियों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण का लाभ लिया। जनसामान्य को औषधीय पौधों के उपयोग की जानकारी दी गई तथा औषधीय पौधे प्रदान किये गये। वर्तमान में चल रही बसंत ऋतु में प्रयुक्त आहार विहार सहित दिनचर्या तथा ऋतुचर्या की जानकारी प्रदान की शिविर में आये लाभार्थियों को योगाभ्यास के बारे मे भी जानकारी दी गयी योग प्रशिक्षक व योग सहायक द्वारा योगाभ्यास कराया गया। शिविर मे आये ग्रामीणों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में मुख्यतः प्रतिश्याय,चर्म रोग, श्वास, मधुमेह, स्त्रीरोग, उदररोग, वातरोग, कास, उच्चरक्तचाप, रक्ताल्पता, शिरःशूल, बालरोग की चिकित्सा के साथ साथ रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये आर्सेनिक एल्ब का वितरण किया गया एवं घर बैठे चिकित्सा परामर्श के लिये आयुष क्यौर एप डाउनलोड कराया गया।

## आज भारतीय जनता पार्टी की बैठक



**सागर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में दोपहर 02 बजे से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है बैठक में महापौर,जिला पंचायत अध्यक्ष,नगर निगम अध्यक्ष,नगर पालिका अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष गण एवं आपेक्षित पदाधिकारी शामिल होंगे बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

# महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन




सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे के मार्गदर्शन मे किया गया जिसमें देवरी और सागर नगर से गायत्री परिवार के प्रमुख पांडे जी, कोष्ठी जी और यादव जी उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में ध्यान, साधना के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत व्याख्यान दिया, साथ में आने वाली परीक्षा के लिए कैसे मन को एकाग्र और शांत रखें उसके लिए उपाय बताए। महाविद्यालय परिवार से डॉ. जी आर चौहान और जन भागीदारी समिति अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने भी अपने विचार रखे उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस अनोखी कार्यशाला का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में देवरी नगर के गायत्री परिवार के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज मिश्रा और आभार अनामिका पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र अलावा, डॉ मनीषा पांडे, ज्योति तिवारी, विनोद सोनी एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आगामी त्यौहारो को लेकर शहर थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक आयोजित



सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

आगामी त्यौहारो को लेकर शहर थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के निर्देश। जानकारी देते हुए खुरई शहर थानाप्रभारी निरीक्षक शशि विश्वकर्मा ने बताया कि होली एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई है। होली रंगो का त्यौहार है हुडदंग ना मचाए, हुडदंग मचाने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस पैट्रोलिग लगातार जारी रहेगी, होलिका दहन के समय पुलिस बल मौजूद रहेगा एवं नगरपालिका की ओर से पर्याप्त पानी की व्यवस्था टेंकरो के माध्यम से की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी डॉ. समीर टंडन के बिगड़े बोल- मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा, ऊपर तक जाता है पैसा

# उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दसवीं पास बांट रहा दवा, कार्रवाई करने से ठिठक रहे जिम्मेदार

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दसवीं पास बाहरी व्यक्ति द्वारा दवा बांटकर आने वाले मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, मामला संज्ञान में आने के बावजूद वह कार्रवाई करने से ठिठक रहे हैं। उधर इस स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े सूत्रों की मानें, तो यहां के प्रभारी डॉ. समीर टंडन कहते फिर रहे हैं कि मेरा कुछ नहीं बिगड़ने वाला, क्योंकि पैसा ऊपर तक जाता है।

उल्लेखनीय है कि उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बने दवा वितरण केंद्र में कोई योग्य फार्मासिस्ट द्वारा दवा नहीं बांटी जाती है, बल्कि केंद्र प्रभारी डॉ. समीर टंडन द्वारा अपनी मर्जी से इस दवा स्टोर में लोकल के दसवीं पास व्यक्ति को बैठा रखा है, जो आने वाले मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाएं देता है। दैनिक सत्तासुधार ने विगत अंक में इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर उक्त मामला जिम्मेदार अफसरों के संज्ञान में लाया था। उसके बावजूद यहां हालात जस के तस बने हुए हैं, सूत्र बताते हैं कि आज भी यहां बाहरी अपात्र व्यक्ति ही दवा बांट रहा है।



किंतु सीएमएचओ साहब शायद इस पर कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। उधर अस्पातल से जुड़े सूत्र बताते हैं कि कमीशनखोरी के फेर में डॉ. समीर टंडन के जरिए ही यह सारा गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है, जिनका कहना है कि हम ऊपर तक पैसा बांटते हैं, इसलिए हमारा कुछ नहीं बिगड़ने वाला है।



### टीम पहुंचाने का क्या औचित्य

उधर इस पूरे एपिसोड में सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव का कहना है कि मामला उटीला पीएचसी में फार्मासिस्ट की पोस्टिंग है, मामला संज्ञान में आने पर टीम को जांच के लिए पहुंचाया गया था, उसके द्वारा प्रतिवेदन देने के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता लग सकेगा। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब आज भी वहां बनी फार्मेसी में बाहरी अपात्र व्यक्ति बैठकर मरीजों को दवा बांट रहा है, तो फिर ऐसी टीम को पहुंचाने का औचित्य भी क्या है, जो केवल खानापूर्ति करके लौट आई।

### हकीकत में नहीं पहुंची कोई टीम

सीएमएचओ मामले को टालने के लिए भले ही कुछ भी कह रहे हों, जबकि हकीकत यह है कि उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बरती जा रही इस तरह की गंभीर लापरवाही का पता लगने के बावजूद वहां कोई टीम जांच के लिए पहुंची ही नहीं है। जिससे यहां के प्रभारी द्वारा कही जाने वाली बात कि पैसा ऊपर तक जाता है, सही नजर आती है। ऐसे में सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव की कार्यशैली स्वतः संदेह के घेरे में आ रही है, अन्यथा वह किसी संविदा डॉक्टर को बचाने के लिए गलत जानकारी क्यों देते। बहरहाल मामला भोपाल स्तर तक पहुंच चुका है, जिससे जल्द इस गोरखधंधे में संलिप्त सभी लोगों की सिलसिलेवार जांच करवाई जा सकती है।

# बड़ी शाला में स्वर ताल परिक्रमा कार्यक्रम संपन्न



**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

रागायन, स्वरांजलि कला साधक, आरंभिका, स्वर संस्कार एवं रंगभूमि ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में गंगादास की बड़ी शाला परिसर में स्वर ताल परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शास्त्रीय गायन एवं वादन की प्रस्तुतियों पर आधारित 24 घंटे तक लगातार चलने वाला ग्वालियर में प्रथम बार आयोजित किया जाने वाला आयोजन रहा। ग्वालियर के युवा एवं वरिष्ठ कलाकारों द्वारा 24 घंटे की अनवरत प्रस्तुतियों में आठों प्रहर के रागों का प्रस्तुतीकरण इस कार्यक्रम की विशेषता थी। कार्यक्रम में रात्रि 9 मार्च 2025 की रात्रि से 10 मार्च 2025 की सुबह तक की प्रस्तुतियों में वर्षा मित्रा, डॉ. स्वप्ना मराठे, हेमांग कोल्हटकर, सुजल जैन, रोहन पंडित, देवांश मिश्रा, महेश दत्त पाण्डेय, अनंत महाजनी, अनूप मोघे वैशाली मोघे, डॉ. ईश्वर चन्द करकरे एवं प्रथम जोशी ने शास्त्रीय गायन, योगेश शर्मा, संजय राठौर, मनीष करवड़े ने एकल तबला वादन, पं. श्रीराम उमड़ेकर, भरत नायक, अजय कोंगर ने सितार वादन, अंकुर धारकर ने वायलिन वादन, डॉ. श्याम रस्तोगी ने सुर बहार वादन, श्रीकांत कुलकर्णी, अजय सोनी ने बांसुरी वादन, जयवंत गायकवाड़ और जगत नारायण शर्मा ने युगल पखवाज वादन, डॉ विनय बिन्दे एवं डॉ. प्रणव पराड़कर ने युगल तबला वादन की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में साधना मोहिते देशमुख ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों के पश्चात कार्यक्रम का समापन सत्र आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सच्चिदानंद महाराज ढोली बुआ महाराज एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे कुलगुरु राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर उपस्थित रहे। समापन सत्र की अध्यक्षता गंगादास जी की शाला के महंत रामसेवक दास जी ने की। आभार प्रदर्शन डॉ. स्वप्ना मराठे ने किया। 9 मार्च रात्रि से 10 मार्च सुबह 8 बजे तक बागेश्री, गोरख कल्याण, शिवरंजनी, नारायणी, पूरिया कल्याण, भैरव, अहीर भैरव, बिलावल, एवं अल्हैया बिलावल आदि रागों की प्रस्तुतियां हुई।

# गरीब बस्तियों में फल वितरित कर मनाई पूर्व केंद्रीय मंत्री की जन्म जयंती

## भाजपा जिला मंत्री गिर्राज सिंह गुर्जर ने छतरी पहुंचकर किया स्व. सिंधिया को नमन



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण जिला मंत्री एवं वार्ड क्रमांक– 66 के पार्षद गिर्राज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में विभिन्न गरीब बस्तियों में फल वितरित कर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 80वीं जन्म जयंती मनाई गई। इससे पूर्व सोमवार सुबह वह अपनी टीम के साथ अम्मा महाराज की छतरी पर पहुंचे, जिन्होंने वहां स्थित स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर भाजपा महानगर के जिला कार्यसमिति सदस्य दिनेश शर्मा, भाजपा नेता हिमांशु खत्री व आकाश सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंधिया की जन्म जयंती पर उन्हें याद कर किया नमन

**भितरवार।** भारतीय राजनीति के पुरोधा पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाशवासी माधवराव सिंधिया जी की 80वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मोहना



मंडल के कार्यकर्ताओं ने मोहना स्थित जनजातीय बालक छात्रावास में पहुंचकर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र धाकड़ के नेतृत्व में सर्वप्रथम कैलाशवासी माधवराव सिंधिया जी के चित्र पर सभी साथियों सहित पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मोहना मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र धाकड़, विधायक प्रतिनिधि परमानंद मिश्रा, कमल भदौरिया, धर्मेंद्र तोमर, साहब खान, तारेंद्र व्यास, एहसान खान, अरुण परिहार करण सिंह धाकड़,, पूरन कुशवाह लोकेंद्र गुर्जर, कौशल तोमर, श्री राम धाकड़, पवन राठौर, संदीप गुर्जर, राजेंद्र धाकड़, डॉ राजू पाल अमान खान, करण धाकड़, धनंजय धाकड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े गल्ले से रुपए चोरी कर भाग रहे नशेड़ी को ग्रामीणों ने पकड़ा

**भितरवार।** स्मैक,चरस और गांजे के नशा से क्षेत्र में दिन प्रतिदिन चोरियों की वारदात बढने लगीं हैं। नशे की लत वाले लोग अब दिनदहाड़े चोरी सहित कई अन्य प्रकार की वारदात करने से भी नहीं कतरा रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण गोहिंदा गांव में सामने आया है। जहां एक नशेड़ी ने किराने की दुकान में गल्ले से रुपए चोरी करने का प्रयास किया। गल्ले से रुपए चोरी कर भाग रहे नशेड़ी चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। जानकारी के अनुसार बीते रोज रविवार की दोपहर को भितरवार पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम गोहिंदा में किराना व्यवसाई सुरेंद्र बघेल के प्रतिष्ठान को एक चोर ने अपना निशाना बना लिया। दोपहर 3 बजे के आसपास आधी शटर बंद किराने की दुकान में घुसा चोर गल्ले से रुपए निकालकर अपनी जेब में भरने लगा। जिसे एक ग्रामीण ने देख लिया और उसे आवाज देकर घर के अंदर पानी पीने गए दुकानदार सुरेंद्र बघेल को बुलाया। जिस पर तत्काल आए दुकानदार ने गल्ले से रुपए लेकर भाग रहे चोर को कुछ ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया।

### विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारियों की घोषणा




**ग्वालियर।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल मध्य भारत प्रांत की बैठक गुना में संपन्न हुई। जिसमें हरि सेंगर को बजरंग दल विभाग संयोजक (डबरा, दतिया जिला), विकास शर्मा जिला उपाध्यक्ष एवं लोकेश कुशवाह को जिला संयोजक ग्वालियर बनाया गया।

### गौशाला में मनाई आमलकी एकादशी



**ग्वालियर।** आमलकी एकादशी पर आदर्श गौशाला में भक्तों द्वारा आंवला पूजन, भजन आदि किये गए। इस अवसर पर भक्तों को आंवला के शरीर पर पड़ने वाले वैज्ञानिक लाभ को बताया गया। वहीं संत ऋषभ देवानंद महाराज ने आमलकी एकादशी और गौमाता का हमारे जीवन में महत्व को बताया। संदीप त्याल ने आंवला के वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक लाभ बताते हुए कहा कि आंवला रोग प्रतिरोधक क्षमता, पाचन सुधारक और दीर्घायु देने वाला है। इस आयोजन के द्वारा श्रद्धालुओं को प्रकृति और जीवों की सेवा का संदेश देते हुए मानव और पर्यावरण के सामंजस्यपूर्ण संबंध को प्रोत्साहित किया गया।

### भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अटलजी के साथ बिताए हुए पलों को किया साझा



**ग्वालियर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह के तहत सोमवार को जिला मंत्री एवं जिला संयोजक धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह ने जिला एवं मंडल टोली के साथ उनकी स्मृतियों को ग्वालियर पूर्व विधानसभा के डॉ. भीमराव अंबेडकर मण्डल के ढाटीपुर वार्ड क्रमांक 22 में निवासरत भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ग्वालियर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष धीरसिंह तोमर, रामकृष्ण मंडल में सिटी सेंटर स्थित राज चड्ढा एवं महलगांव स्थित हरीश मेवाफरोश ने उनके साथ बीते हुए ऐतिहासिक पलों को साझा किया।

# माधवराव सिंधिया की जयंती पर हुई भजन संध्या

## मुख्यमंत्री, सिंधिया समेत प्रदेश के अनेक मंत्री शामिल हुए

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



कैलाशवासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती धूमधाम के साथ छत्री एवं शहर में मनाई गई। भजन संध्या में दिल्ली की प्रसिद्ध गायिका चित्रा रॉय ग्वालियर के राजेन्द्र पारिख एवं शिनी सोनोने कलविंत द्वारा भजन प्रस्तुत कर स्वरांजली अर्पित की गई। इस भजन संध्या में म.प्र. शासन के मंत्री तुलसी सिलावट, नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, जयभान सिंह पवैया, बालेन्दु शुक्ल, भगवान सिंह यादव, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक तथा व्यापारीगण एवं महल के सभी प्रमुख सरदार भी उपस्थित रहे। भजन संध्या के बाद मिष्ठान वितरण भी किया गया। भजन संध्या से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव समेत प्रदेश के मंत्रियों तथा श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, महारानी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया, युवराज महानआर्यमन सिंधिया ने कै. महाराज माधवराव सिंधिया एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की। तत्पश्चात भजन संध्या में शामिल हुए। इस अवसर पर चारो धर्मो के धर्मगुरू संत कृपाल सिंह, अब्दुल अजीज कादरी (शहर काजी), ढोली बुआ महाराज, रमेश लाल एवं बलजीत सिंह, फादर संजय भोसले को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। इसके पूर्व सुबह प्रातः 9 बजे नदी गेट एवं छत्री स्थित कै. महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर भाजपा के पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह, माया सिंह, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, बाल खाण्डे, पूर्व पार्षद गुड्डू वारसी, रामनारायण मिश्रा, आनंद सावंत, अर्जुन जाटव, सुरेन्द्र परमार चच्चू, विभिन्न वर्गो के सभी सम्मानीय सदस्यों, वरिष्ठजनों द्वारा पुष्पांजली अर्पित की। ग्वालियर शहर में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें पूर्व पार्षद गुड्डू वारसी, मुक्तेश जैन, रूचिका श्रीवास्तव, प्रियंका गर्ग द्वारा गायों को हरी घास डाल कर सेवा की गई। सुरेन्द्र परमार (चच्चू) द्वारा दृष्टहीन कन्याओं को भोजन वितरित किया गया।

# शादी का झांसा दे शिक्षिका से दुष्कर्म करने वाला कोचिंग संचालक गिरफ्तार

## अश्लील फोटो- वीडियो वायरल करने की धमकी दे आरोपी करता रहा शोषण

**ग्वालियर।** कोचिंग संचालक द्वारा शादी का झांसा देते हुए शिक्षिका से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं वह उसने उसके अश्लील फोटो व वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए लगातार उसका शोषण करता रहा। घटना हजीरा थाना इलाके की है, जिसमें पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



23 वर्षीय युवती पेशे से शिक्षिका है, जो दो वर्ष पूर्व हजीरा इलाके में स्थित एक कोचिंग सेंटर पर जॉब करती थी। जहां कोचिंग संचालक यशराज बिठुआ से उसकी दोस्ती हो गई। इसी बीच एक दिन यशराज ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो उसने उसके साथ शादी करने का वादा किया। इसके बाद जब भी उसे मौका मिलता, वह उसके साथ फिजीकल रिलेशन बनाता रहा। यदि युवती विरोध करती, तो वह कहता कि कुछ दिनों में हम शादी करने वाले हैं, तो फिर इस सबमें क्या दिक्कत है। उसकी बात सुनकर वह शांत रह जाती है। इसी दौरान यशराज ने युवती के अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लिए।

**दबाव बनाने पर की दिखावे की शादी:** शिक्षिका के मुताबिक जब उसने यशराज पर शादी का दबाव बनाया तो वह उसे एक मकान में ले गया और उसके साथ दिखावे की शादी भी रचा ली, लेकिन युवती द्वारा मैरिज सर्टिफिकेट मांगे जाने पर वह उसे नहीं दिखा सका। जिससे उसे शंका हुई और वह उसका विरोध करने लगी। इस पर आरोपी द्वारा उसके अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने एवं भाई की हत्या करने की धमकी दी जाने लगी।

**फेक मैरिज के फोटो वायरल कर किया बदनाम:** पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ की गई फेक मैरिज के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे बदनाम किया गया। इसका पता लगने पर ही वह शिकायत करने थाने पहुंची। जहां पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कृषकों से खरीदी गई कृषि उपज का भुगतान नहीं करने पर दुर्गा देवी ट्रेडिंग कंपनी को नोटिस जारी

**ग्वालियर।** श्री कल्याण सिंह यादव प्रो. फर्म दुर्गा देवी ट्रेडिंग कंपनी द्वारा मंडी प्रांगण लक्ष्मीगंज में 221 किसानों से खरीदी गई कृषि उपज का संबंधित कृषकों को एक करोड़ 77 लाख 79 हजार 195 रूपए का भुगतान कर कार्यालय मंडी समिति लश्कर को तीन दिवस में अवगत कराने का नोटिस जारी किया गया। अन्यथा संबंधित की भण्डारित कृषि उपज की नीलामी कर कृषकों को भुगतान किया जायेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति लश्कर से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी प्रांगण लक्ष्मीगंज लश्कर में 221 किसानो से खरीदी गई कृषि उपज का संबंधित कृषको को राशि रु 17779195/– भुगतान कर कार्यालय मंडी समिति लश्कर को अवगत कराने हेतु दिनांक 29.01.2025, दिनांक 21.02.2025 एवं दिनांक 22.02.2025 से श्री कल्याण सिंह यादव प्रो0 फर्म दुर्गा देवी ट्रेडिंग कम्पनी को लिखा गया था। परन्तु श्री कल्याण सिंह यादव प्रो0 फर्म दुर्गा देवी ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा आज दिनांक तक संबंधित कृषको को भुगतान कर कार्यालय मंडी समिति लश्कर को अवगत नहीं कराया है।

## बाल लीलाओं से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता, किया गोवर्धन पूजन

# श्रीकृष्ण ने तोड़ा इंद्र का घमंडः ध्रुवकांत

**ग्वालियर।** कथावाचक ध्रुवकांत पांडे ने सोमवार को बालकृष्ण की लीलाओं का सिलसिलेवार चित्रण कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण की माखनचोरी लीलाओं का श्रवण कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। अवसर था द्वारिकाधीश मंदिर में भृगु भार्गव समाज समिति द्वारा आयोजित की जा रही



श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन का। इस अवसर पर गोवर्धन पूजा के साथ दीपक नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोवर्धन लीला का बहुत ही सुंदर वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि देवराज इंद्र को अपनी शक्तियों का घमंड हो गया। वे सर्वशक्तिमान को भूलकर खुद को अहम बताने लगे कृष्ण ने यह बात समझ ली और उन्होंने इंद्र की पूजा बंद करा कर गोवर्धन का पूजन करने को कहा। जिससे इंद्र कुपित हो गए और उन्होंने घनघोर वर्षा शुरू कर दी, जिससे सभी गोकुलवासी घबरा गए, लेकिन बालकृष्ण ने एक ऊंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के घमंड को चकनाचूर कर दिया। कालिया मर्दन की कथा सुनाते हुए उन्होंने एक दिलचस्प बात बताई कि राजा बलि ने भगवान को अपना सबकुछ दान कर दिया, तब उनके सिर पर भगवान ने एक पैर रखा, जबकि कालिया ने तो सिर्फ भगवान को विष ही दिया था, फिर भी उसके सिर पर दोनों पैर रखकर भगवान ने उसका उद्धार कर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जब यमुना में से निकलकर आए तो सबसे पहले शेषावतार बलदाऊ ने उन्हें गले लगाया, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि कालिया मर्दन के संपर्क में आने से श्रीकृष्ण पर हुए विष से असर से किसी गोकुलवासी को नुकसान हो। गोपियों के वस्त्र हरण की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने सरोवर में स्नान करती गोपियों के वस्त्रहरण कर यह संदेश दिया कि कभी भी हमें बिना वस्त्रों के स्नान नहीं करना चहिए। इससे वरुण देव का अपमान होता है। इस अवसर पर पारीक्षित लालता प्रसाद मिश्रा, ब्रह्मदत्त शास्त्री, जयवीर भारद्वाज, रमाकांत मिश्रा, अशोक शर्मा, मनोज दीक्षित, रामबल्लभ दुबे, हरस्वरूप उपाध्याय, रामवीर कटारे, पीसी शर्मा, रवि शर्मा, आकाश गर्ग, संतोष गोस्वामी, आशा त्रिपाठी, संगीता शर्मा, रेनू शर्मा, तृप्ति शर्मा, केके भार्गव, महेश भार्गव, राजीव मिश्रा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### धीरेन्द्र शास्त्री के बयान का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया समर्थन

#### यह देश बाबर का नहीं रघुवर का

**ग्वालियर।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए सोमवार को ग्वालियर पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया के सामने बागेश्वर धाम के महाराज पं.धीरेंद्र शास्त्री के बयान का खुलकर समर्थन किया हैं। इस दौरान



उन्होंने प्रदेश को मिले 9वें माधव टाइगर रिजर्व को लेकर सीएम डॉ मोहन यादव को बधाई दी है। वहीं महू की घटना को लेकर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्वालियर स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में अच्छा काम कर रही है,इस दौरान सरकार ने एक ही नहीं कई सौगातें मध्य प्रदेश को दी हैं। प्रदेश को 9वां टाइगर रिजर्व मिलने के साथ ही मध्यप्रदेश की पहचान टाइगर और चीता स्टेट के रूप में बढ़ रही है। उसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूं, उन्हें बधाई देता हूं, क्योंकि उनके प्रयासों से प्रदेश के लोगों के लिए यह नई सौगात मिली है।वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि विपक्ष बाबर के बारे में कहना चाहता है तो कहे, देश धीरेंद्र शास्त्री जी के साथ है। यह देश राम और कृष्ण, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, गांधी और बाबा साहब अंबेडकर का है। धीरेंद्र शास्त्री ने बाबर के बारे में जो कहा है सही कहा है। ऐसे लोग जो बाबर के समर्थक बन रहे हैं , यह देश उनको जवाब जरूर देगा। आपको बता दें कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बिहार में कथा के दौरान कहा था कि 'यह देश बाबर का नहीं रघुवर का है।' वहीं इस मामले में विपक्ष ने धीरेंद्र शास्त्री पर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर वीडी शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बागेश्वर बाबा के बयान का समर्थन किया है।

# युवाओं में रक्तदान के लिए दिखा उत्साह शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्रित

**भितरवार।** सोमवार को शासकीय महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब एवं हेल्थ एवं वेलनेस प्रकोष्ठ के अंतर्गत रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 20 यूनिट जीवनदाता रक्त एकत्रित किया गया स्वेच्छिक रक्तदान को लेकर छात्र-छात्राओ में काफी उत्साह एवं जोश देखने को मिला वही स्टाफ ने भी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि एसडीएम डीएन सिंह,विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी, अध्यक्षता सीबीएमओ डॉ अशोक खरे ने की मंचासीन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ पूजा चौधरी थी।



कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम देवकीनंदन सिंह ने छात्र छात्राओं एवं युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपके शरीर के रक्त की एक बूँद जब किसी मृतप्राय व्यक्ति की आँखे खोलती है तो उच्च जीवन का सच्चा आनंद मिलता है जब हम स्वेच्छिक रक्तदान करते है तो हमारा चेहरा गर्व और हर्ष से खिल उठता है इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ पूजा चौधरी, आयुष पालीवाल, रेड रिबन प्रभारी डॉ रिपुदमन सिंह, कुलदीप शर्मा,डॉ संदीप द्विवेदी, डॉ वीरेंद्र खरे, डॉ रश्मि सिंह, राकेश जोशी,हरि सिंह, पंकज वर्मा सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# 5 साल तक के बच्चों को दें विटामिन ए का घोल -सीबीएमओ डॉ अशोक खरे

**भितरवार।** सोमवार को भितरवार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सीवीएमओ का द्वारा से प्रभार प्राप्त करने के बाद खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक खरे के द्वारा दस्तक अभियान के तहत ब्लॉक के सभी को सीएचओ , एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू की बैठक ली गई जिसमें उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि 9 माह से लेकर 5 साल तक के प्रत्येक बच्चे को विटामिन ए का घोल एवं ग्लूकोज की दवा आवश्यक रूप से पिलाए। क्योंकि जिला स्तर पर आयोजित समीक्षा के दौरान सामने आया है कि भितरवार ब्लॉक में विटामिन ए का जो प्रतिशत है वह 60त्र है जिसे प्रभावी रूप से शीघ्रता पूर्वक बढ़ाने के लिए डोर टू डोर कार्य करने के निर्देश दिए।आयोजित समीक्षा बैठक के माध्यम से खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक खरे ने दस्तक अभियान के साथ ही कहा कि गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जानकारी पंजीकरण के साथ भोपाल से आने वाले नए अनमोल एप टू पर दें, साथ ही 0 से 5 साल तक के बच्चों का सत प्रतिशत टीकाकरण एवं उनकी संपूर्ण जानकारी भी आने वाले नए अनमोल एप पर दर्ज करें।



## ब्रीफ न्यूज

### मात्र 250 रुपये की पेंटिंग से चमकी महिला की किस्मत

**फ्लोरिडा।** ओहियो के ऑकवुड में रहने वाली 27 वर्षीय मरीसा एल्क्रॉन अपने मंगेतर एरॉन हेली के साथ घर लौट रही थीं, तभी अचानक उन्होंने एक चैरिटी शॉप पर जाने का फैसला किया। शॉप में कई नई चीजें आई थीं, जिन्हें देखकर मरीसा को कुछ पेंटिंग्स पसंद आईं। इनमें से एक पेंटिंग उन्हें खासतौर पर आकर्षक लगी, जिसे उन्होंने महज 2.9 डॉलर (करीब 253 रुपये) में खरीद लिया। पेंटिंग खरीदने के बाद जब वह कार में बैठ रही थीं, तभी उनकी नजर कोने में लिखे कलाकार के नाम पर पड़ी–जोहान बर्थेलसन। मरीसा ने पहले तो सोचा कि यह कोई स्थानीय चित्रकार होंगे, लेकिन जब उन्होंने गूगल पर इस नाम को खोजा, तो पता चला कि जोहान बर्थेलसन एक प्रसिद्ध चित्रकार थे, जिनकी कलाकृतियों की कीमत लाखों रुपये में होती है। बर्थेलसन की पेंटिंग्स की कीमत डेढ़ लाख से लेकर 31 लाख रुपये तक आंकी गई है। इससे उत्साहित होकर मरीसा ने पेंटिंग की प्रमाणिकता की जांच करने के लिए कला विशेषज्ञों की तलाश शुरू की। फेसबुक के एक कला समूह में जब उन्होंने यह पेंटिंग साझा की, तो उसे काफी सराहना मिली।

### ट्रूडो के उत्तराधिकारी की तैयारी- भारत के साथ संबंधों को लेकर संशय

**ओटावा।** जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने जा रहे लिबरल पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनने की तैयारी कर रहे हैं। इसके साथ ही एक बार फिर भारत और कनाडा के बीच तल्ख हुए रिश्तों पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लिबरल नेता के चुनाव से पहले ही कार्नी ने संकेत दिए थे कि अगर वह चुने जाते हैं, तो भारत के साथ कारोबारी रिश्ते बेहतर करेंगे। कैलगरी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था, कनाडा समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक रिश्तों में विविधता चाहता है। और भारत के साथ रिश्ते फिर बनाने का मौका है। कार्नी से अमेरिका की तरफ से लगाए गए टैरिफ को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने आगे कहा, वाणिज्य रिश्तों के आसपास मूल्यों की साझा भावना होनी चाहिए। अगर मैं प्रधानमंत्री बनता हूं, तो इसे तैयार करने के मौकों की तलाश करूंगा।

### पेन्सिलवेनिया में प्राइवेट प्लेन कैश, 5 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक प्राइवेट प्लेन क्रैश हो गया, जिसमें 05 लोगों के घायल हो गए। हादसे का शिकार छोटा निजी विमान रविवार दोपहर एक रिटायरमेंट होम के पार्किंग में क्रैश हुआ। इस हादसे में अनेक गाड़ियों में आग लग गई। पेंसिल्वेनिया प्लेन हादसे में कम से कम 05 लोग घायल हो गए, जबकि कई गाड़ियां आग की चपेट में आई हैं। यह हादसा लैंकेस्टर काउंटी के मैनहाइम टाउनशिप में ब्रेथ्रेन विलेज के समीप हुआ है। जानकारी अनुसार एक निजी विमान बीचक्राफ्ट बोनांजा हादसे का शिकार हुआ, जिसने दोपहर करीब 3=15 बजे लैंकेस्टर एयरपोर्ट से टेकऑफ किया। इसके चंद सेकंड बाद ही वह अनियंत्रित हो गया और जमीन पर आ गिरा। उक्त विमान को स्प्रिंगफील्ड, ओहियो जाना था। इस प्लेन क्रैश हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।



हेम्बर्ग में जर्मन एयरपोर्ट पर हड़ताल के कारण चारों ओर सन्नाटा नजर आ रहा ।

# अमेरिका से भयभीत चीन ताइवान को दिखा रहा आंखे- दे रहा सीधे एक्शन की धमकी

**एजेंसी ■ बीजिंग**

अमेरिका चीन को आए दिन आंखे दिखाता रहता है। चीन की हिम्मत नहीं है कि अमेरिका की आंख में आंख डालकर बात कर सके। लेकिन छोटे से देश ताइबान को आए दिन डराता रहता है। ताइवान को अपना हिस्सा मानने वाला चीन कई बार मिलिट्री एक्शन की बात कह चुका है। अब बीजिंग की ओर से एक बार फिर से आक्रामक दावा किया है। चीन की सेना ने कहा कि यदि ताइवान में अलगाववाद की घटनाएं बढ़ेंगी तो उसकी तरफ से एक्शन लिया जाएगा। चीनी सेना ने साफ तौर पर ताइवान की घेरेबंदी की बात कह डाली है।

सैन्य प्रवक्ता वू ने ताइवान को सीधी चेतावनी देते हुए कहा, 'पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) अलगाववाद का मुकाबला करने और एकीकरण को बढ़ावा देने में एक्टिव पावर है। आप अपने घोड़े को चट्टान के किनारे तक ले गए हैं। यदि आप गलत रास्ता अपनाते रहेंगे तो आप डेड एंड तक पहुंच जाएंगे।' चीन की सालाना राजनीतिक महाजुटान के दौरान की गईं ये टिप्पणियां बीजिंग द्वारा 2025 में अपने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा के कुछ दिनों बाद आई हैं। यह सरकार के लगभग 5 प्रतिशत के वार्षिक जीडीपी विकास लक्ष्य से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में चीन ताइवान को लेकर और ज्यादा आक्रामक हो गया है।

वू ने कहा कि अतिरिक्त फंड का उपयोग नए क्षेत्रों में और नई विशेषताओं के साथ फाइटर फोर्सेज को विकसित करने और टोही, ज्वाइंट अटैक और बैटल फील्ड सपोर्ट कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। चीन का सैन्य खर्च दशकों से बढ़ रहा है, जो मोटे तौर पर आर्थिक विकास के अनुरूप है। देश के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है, लेकिन यह अपने प्राथमिक रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी अमेरिका से काफी पीछे है।बता दें कि चीन की नजर ताइवान पर लंबे समय से टिकी है और चीनी लीडरशिप इसे अपने ही देश का हिस्सा मानता है।

# बिजली के खंभे टूटे, घरों को नुकसान पहुंचा, अब चौतरफा अंधेरा

## 130 की रफ्तार से आई तबाही

**एजेंसी ■ ब्रिसबेन**

ऑस्ट्रेलिया में आए अल्फ्रेड तूफान ने कई शहरों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने बिजली के खंडे उखाड़ दिए। कई घरों को क्षति पहुंचाई और सड़के उखाड़ दीं। अब हालात ये है कि चौतरफा अंधेरा छाया हुआ है। न बिजली है और न ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। एक्स-ट्रॉपिकल साइक्लोन में ब्रिस्बेन और गोल्ड कोस्ट के आसमान में तो मानो काले बादलों ने जैसे कयामत का ऐलान कर दिया था। यहां बिजली की लाइनें टूटीं, पेड़ उखड़ गए, और घरों में पानी घुस गया। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार, अल्फ्रेड कैटेगरी 2 का तूफान है, जिसके केंद्र के पास 95 किलोमीटर प्रति घंटे की निरंतर हवाएं और 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाएं चल रही हैं। इसने 'क्वींसलैंड में डबल आइलैंड पॉइंट से लेकर न्यू साउथ वेल्स में ग्राफ्टन तक, ब्रिस्बेन, गोल्ड कोस्ट,



सनशाइन कोस्ट, बायरन बे और बैलिना को प्रभावित किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी इलाकों में ही चक्रवात आते हैं। पिछली बार यहां गोल्ड कोस्ट क्षेत्र में चक्रवात 1974 में आया था। ऑस्ट्रेलिया का दक्षिणी भाग ज्यादा घनी आबादी वाला है, जिसमें ब्रिसबेन देश का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। ऐसे में इस तूफान ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। यहां रविवार रात जब लोग सोने की तैयारी कर रहे थे, तब आसमान से बरसता पानी और तेज हवाएं खतरे का इशारा कर रही थीं। देखते ही देखते क्वींसलैंड के कई हिस्से जलमग्न हो गए। गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन के सैकड़ों इलाकों में बिजली गुल हो गई। घरों की खिड़कियां टूटने लगीं, और लोग बेबस होकर अपने परिवार के साथ सुरक्षित जगह तलाशने लगे। सिर्फ एक रात में बाढ़ का कहर ऐसा टूटा कि 1800 लोग पूरी तरह से पानी में घिर गए। सड़कें नदियों में बदल गईं, और कई गाड़ियां बाढ़ में बह गईं। अधिकारियों ने तुरंत 20,300 लोगों को अपने घर छोड़ने का आदेश दिया। वहीं शनिवार को बाढ़ के पानी से 61 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया, जबकि एक अन्य घटना में बचाव कार्य के लिए जा रहे सैनिकों का काफिला दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद 12 सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया। न्यू साउथ वेल्स में हालात और भी भयानक थे। शुक्रवार को डोरिगो के पास एक 61 वर्षीय व्यक्ति की कार बाढ़ के पानी में बह गई, और उसकी मौत हो गई। लिस्मोर में एक सैन्य ट्रक पलटने से 13 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अभी यह तबाही खत्म नहीं हुई। सोमवार और मंगलवार को हालात और बिगड़ सकते हैं, क्योंकि बारिश का दौर जारी रहेगा। 700 मिमी तक बारिश होने की आशंका है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं। पुलिस और आपदा प्रबंधन दल लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे सुरक्षित ऊंचाई पर चले जाएं। गोल्ड कोस्ट में रविवार रात को 'इमरजेंसी वार्निंग' जारी कर दी गई।

# सीरिया में सैंकड़ों नागरिकों को उतारा मौत के घाट, लगातार की जा रही शांति की अपील




**एजेंसी ■ दमिश्क**

सीरियाई सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर अलावी धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों नागरिकों की हत्या करने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी तट पर अलावी लोगों को निशाना बनाकर किए गए 30 नरसंहारों में लगभग 745 नागरिक मारे गए। राष्ट्रपति शारा ने कहा, हमें यथासंभव राष्ट्रीय एकता और नागरिक शांति को बनाए रखना चाहिए और हम इस देश में एक साथ रह सकेंगे।

सीरियाई ऑब्जर्वेटरी का कहना है कि पिछले चार दिनों में मारे गए लड़ाकों की संख्या को मिलाकर कुल मरने वालों की संख्या 1,000 से ज़्यादा हो गई है। इसमें नई इस्लामिस्ट नेतृत्व वाली सरकार से जुड़े लगभग 125 लड़ाके और असद समर्थक 148 लड़ाके शामिल हैं। वहीं एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में सीरियाई सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि कम से कम 200 लड़ाकों की मौत हुई है। रविवार को दमिश्क की एक मस्जिद से बोलते हुए अंतरिम राष्ट्रपति ने कहा कि सीरिया में वर्तमान में जो कुछ हो रहा है, वह अपेक्षित चुनौतियों के दायरे में है।

**सैकड़ों लोग घर छोड़कर भागे**

भूमध्यसागरीय तट पर रहने वाले सैकड़ों नागरिक अपने घरों से भाग गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में लोगों ने लताकिया के हमीमिम में रूसी सैन्य अड्डे पर शरण ली। वहीं दर्जनों परिवार पड़ोसी लेबनान भाग गए हैं। लताकिया और टार्टस प्रांत अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के पूर्व गढ़ थे।

# पाकिस्तान में 27 से ज्यादा अपराधों में दी जाती है मौत की सजा

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान दुनिया के उन देशों में शुमार है, जहां सबसे ज्यादा मौत की सजा दी जाती है। आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर मौत की सजा का सामना कर रहे कैदियों में 26 फीसदी सिर्फ पाकिस्तान में ही हैं। दरअसल, पाकिस्तान में 27 से ज्यादा अपराधों में मौत की सजा प्रावधान है।



पाकिस्तान का कानून कई मामलों में सख्त है। यहां कई अपराधों में मौत की सजा दी जाती है। हालांकि, समय-समय पर इसमें संशोधन भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान में 27 से ज्यादा अपराधों में मौत की सजा का प्रावधान है। यहां रेप, नाजायज यौन संबंध, महिलाओं की गरिमा पर हमला, ड्रग्स तस्करी, डकैती के दौरान हत्या जैसे मामलों में मौत की सजा दी जाती है। इसके अलावा राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ना या उकसाने पर भी मौत की सजा का प्रावधान है। पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून लागू है। इस कानून के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति इस्लाम या धार्मिक प्रतीकों के अपमान का दोषी पाया जाता है तो उसे मौत की सजा दी जा सकती है। पाकिस्तान का ईशनिंदा कानून कहता है कि पैगंबर मुहम्मद साहब के संबंध में कोई अपमानजनक टिप्पणी, चाहे वह मौखिक हो लिखित या फोटो के जरिए इस पर भी मृत्युदंड या आजीवन कारावास के अलावा जुर्माना भी देना होगा।

बता दें, ईशनिंदा कानून पाकिस्तान का सबसे विवादित कानून है। कानून का विरोध करने वालों का कहना है कि ईशनिंदा कानून से उनके मौलिक अधिकारों का हनन होता है। पाकिस्तान में हजारों लोगों को मौत की सजा दी जा चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबक पाकिस्तान में 3646 लोगों को मौत की सजा दी चुकी है। वहीं, 2024 में कुल 6,161 कैदी मौत की सजा का सामना कर रहे हैं, 2023 में यह आंकड़ा 6,039 था।

### व्हाइट हाउस में घुसने वाला था आत्मघाती हमलावर, सीक्रेट सर्विस ने मारी गोली

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने व्हाइट हाउस के पास एक हथियारबंद व्यक्ति को गोली मार दी है। पुलिस के मुताबिक, इस व्यक्ति ने व्हाइट हाउस में अपने पहुंचने की कोशिश की, जिसके बाद सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे रोकने की कोशिश की और फिर गोली मार दी। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता ने बताया कि उस व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है, हालांकि उसकी हालत के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

इस घटना में किसी भी सीक्रेट सर्विस कर्मी को चोट नहीं आई है। घटना की जांच मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है। स्थानीय पुलिस के अनुसार इस व्यक्ति को आत्मघाती कहा गया था और उसका नाम इंडियाना से वाशिंगटन डीसी की यात्रा कर रहे थे। उसे 17वीं और एफ स्ट्रीट एनडब्ल्यू के पास देखा गया था और फिर गोलीबारी हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय व्हाइट हाउस में नहीं थे।



अर्जेंटीन में आई बाढ़ के बाद राजधानी ब्यूनस आयर्स में क्षतिग्रस्त पड़ी हुई एक कार नजर आ रही।

**समर्थन** 8 महीने से स्पेस में फंसी हैं सुनीता

# सुनीता विलियम्स को 1.26 करोड़ मिलता है वेतन, सुविधाएं अलग

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स इस साल मार्च के अंत में पृथ्वी पर लौटने वाली हैं। वह पिछले आठ महीनों से अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं, क्योंकि तकनीकी समस्याओं और मिशन के पुनर्निर्धारण के कारण उनकी वापसी में देरी हो गई थी। नासा जो दुनिया की सबसे बड़ी और प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसी है, अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अमेरिकी सरकारी वेतनमान के आधार पर वेतन देती है। यह वेतनमान जीएस-13 से जीएस -15 तक होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनीता




विलियम्स आमतौर पर जी-15 श्रेणी में आती हैं और नासा के रिकॉर्ड के अनुसार, इसका मतलब है कि उनका अनुमानित वार्षिक वेतन लगभग 1,52,258 डॉलर है। यह वेतन अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा की जाने वाली कठोर प्रशिक्षण और उनके मिशनों की उच्च-जोखिम प्रकृति को दर्शाता है।

मोटे वेतन पैकेज के साथ नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को कई लाभ और सुविधाएं भी मिलती हैं। इसमें व्यापक स्वास्थ्य बीमा उनका खुद का और उनके परिवारों के लिए भी। इसके साथ मानसिक समर्थन और काम से संबंधित चीजों के लिए यात्रा भत्ते भी शामिल हैं। इस तरह देखा जाए तो विलियम्स को भी सालाना सवा करोड़ रुपये का सैलरी पैकेज देने के साथ बीमा व अन्य सुरक्षा संबंधी सुविधाएं भी दी जाती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उनकी अनुमानित संपत्ति लगभग 50 लाख डॉलर है। सुनीता विलियम्स अपने पति माइकल जे विलियम्स के साथ ह्यूस्टन, टेक्सास में रहती हैं। उनके पति एक फेडरल मार्शल हैं। अपने करियर के दौरान उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में एक प्रमुख हस्ती के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सुनीता ने साल 1983 में नीधम हाई स्कूल से ग्रेजुएशन किया है और 1987 में यूनाइटेड स्टेट्स नेवल एकेडमी से भौतिक विज्ञान बैचलर की डिग्री ली है। उनके पास एक शानदार घर के अलावा और भी प्रॉपर्टीज हैं। इस दौरान उनके तेजी से वजन घटने की चिंताजनक खबरें भी आई हैं। हाल ही में नासा ने अपडेट दिया कि क्रू-10 का मिशन आगे बढ़ा दिया गया है और कैप्सूल का प्रक्षेपण 12 मार्च, 2025 को निर्धारित किया गया है, जबकि वापसी की यात्रा मार्च के अंत तक होने की उम्मीद है।सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर को 12 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर क्रू 10 द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। वे आवश्यक कार्यभार सौंपने के एक सप्ताह बाद वापस लौटेंगे। विलियम्स और विलमोर ने फरवरी में अपने आठ दिन के निर्धारित प्रवास के लिए सभी शारीरिक परीक्षाएं पास कर ली थीं।

# पीएम घोषित होते ही बोले कार्नी- कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

**एजेंसी ■ ओटावा**

कनाडा के घोषित हुए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी तत्काल कहा कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा। पीएम पद का चुनाव जीतते ही मार्क कार्नी ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप पर जबरदस्त हमला बोला है। कार्नी, जो पहले बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर रह चुके हैं, ने 85 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ लिबरल पार्टी का नेतृत्व जीता। इसके अलावा, उन्होंने विपक्षी कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलिवरे की भी आलोचना की और कहा कि वह केवल बाजार की पूजा करते हैं, जबकि कभी खुद कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया। मार्क कार्नी ने कनाडा की ताकत का जोर देते हुए कहा, हमारी ताकत हमारे लोगों में है, और हम इस संकट से उबरकर और भी मजबूत होंगे। उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए भाषण के अंत में कहा- कनाडा अमर रहे।

कनाडा के अगले प्रधानमंत्री के रूप में नामित होने के तुरंत बाद मार्क कार्नी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपने संबंधों को लेकर इरादे स्पष्ट कर दिए।

# खुलेआम मोदी से गले लगने वाले राहुल

संसद में खुलेआम प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी की सीट पर जाकर उनसे गले मिलने वाले प्रतिपक्ष कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अब अपनी ही पार्टी के घुसपैठियों से परेशान है, उनकी पीड़ा है कि गुजरात के बड़े कांग्रेसी नेता अब भाजपा के 'पे-रोल' पर रहकर भाजपा के लिए ही काम कर रहे है। अहमदाबाद में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अपनी यह पीड़ा प्रकट की, उन्होंने कहा कि- कांग्रेस में नेताओं की कमी नही है, कई 'बब्बर शेर' भी है लेकिन सभी अनुशासन की चेन से बंधे हुए है, अब इनका ईमान डगमगा रहा है और ये भाजपा के प्रति आकर्षित है, गुजरात में ही ऐसे दस से लेकर चालीस नेता है, इन्हें पार्टी से बाहर की राह दिखा देना चाहिए, सांकेतिक भाषा में राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी रेस के घोड़ों को बारात में लगा देती है और जो बारात के घोड़े है, उनको रेस में दौड़ा दिया जाता है। अब समय रहते इस स्थिति को ठीक करना पड़ेगा, उनका कहना है कि गुजरात फंसा हुआ है, उसे अपना सही रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है, गुजरात की जनता आगे बढ़ना चाहती है, पर गुजरात की कांग्रेस जनता को सही रास्ता नही दिखा पा रही है, यदि हम गुजरात की जनता का सम्मान करते है तो उन्हें सही रास्ता भी समय रहते दिखाना पड़ेगा। राहुल जी अपने लोगों को खरी-खोटी सुनाने में यही नही रूके, उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस में दो तरह के नेता है, पहले वे जो सीधे जनता से जुड़े है और जिनके दिल में कांग्रेस है, दूसरी तरह के वे जो जनता से कटे हुए है, जनता के दुःख दर्द के बारे में उन्हें कुछ भी पता नही है, ये जनता के बीच जाते नही है और इनमें से आधे ऐसे भी है जो कांग्रेस में रहकर भाजपा के लिए काम कर रहे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे यह सत्य किसी डर या शर्म के कारण उजागर नही कर रहे है, बल्कि गुजरात राज्य की एक वास्तविकता उजागकर कर रहे है। ....अर्थात् कुल मिलाकर अब यह स्पष्ट हो गया है कि अपनी पार्टी और कार्यकर्ताओं को लेकर राहुल जी के ज्ञान चक्षु खुल गए है और मोदी जी के गृह प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति उनके सामने स्पष्ट हो गई है। राहुल जी को अपनी ही नब्ज पर हाथ रखकर निराशा हुई है। अब राहुल जी को समय रहते यह भलीभांति समझ लेना चाहिए कि अब धीरे-धीरे पूरे देश में सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की यही स्थिति सामने आने लगी है और इसके लिए भाजपा या और कोई नही बल्कि स्वयं कांग्रेस व उसका नेतृत्व उत्तरदायी है। नेहरू-गांधी परिवार की यह 'खानदानी पार्टी' है और मोतीलाल नेहरू से लेकर अब तक नेहरू-गांधी परिवार ही इसका सर्वेसर्वा रहा है, किंतु अब सही व अनुभवी नेतृत्व नही मिल पाने के कारण डूबने के कगार पर है। अब इस नाव पर ऐसा कोई 'खिवैय्या' नही बचा है जो इसे सही किनारे पर लेजाकर खड़ा कर सके इसलिए इस राजनीतिक तूफान में इसका डूबना लगभग तय माना जा रहा है और मौजूदा हालात में देश पर राजकर रही भाजपा का राष्ट्रीय स्तर कोई राजनीतिक विकल्प भी नही है।



# श्रीलंका को भी है श्रीराम से आस



▪ बीपी गौतम

> भारत में श्रीराम मंदिर आंदोलन के पश्चात एक वर्ग विशेष श्रीराम को काल्पनिक पात्र सिद्ध करने का प्रयास करने लगा था। राम सेतु को भी न्यायालय में एक समय नकार दिया गया था पर, भारतीयों पर किसी कु-तर्क का कभी कोई असर नहीं हुआ। भारत में जीवन की प्रत्येक भोर राम नाम से शुरू होती है और जीवन की अंतिम यात्रा में भी राम नाम ही सर्वोपरि रहता है, इसके अलावा श्रीराम पर विभिन्न संस्कृतियों की विभिन्न भाषाओं में सैकड़ों वर्ष पहले ही तीन सौ से अधिक रामायण लिखी जा चुकी हैं।

भारत के बाहर भी श्रीराम आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पात्र हैं लेकिन, जहाँ श्रीराम जन्मे, उस देश में श्रीराम को काल्पनिक पात्र सिद्ध करने का कुत्सित प्रयास किया गया। दावा किया गया कि श्रीराम को श्रीलंका में कोई नहीं जानता, वहां उन्हें कोई नहीं पूजता, इस कु-तर्क का एक समय मेरे मन-मस्तिष्क पर भी असर हुआ। मेरे मन में वर्षों पहले विचार आया था कि किसी दिन श्रीलंका जाकर श्रीराम पर उठाये गये प्रश्नों के उत्तर खोजूंगा, वो समय अब आ पाया। मैं रामायण काल की लंका, प्राचीन काल की ताम्रपर्णी, सिंहल द्वीप, सीलोन और आज की श्रीलंका समाजवादी जनतांत्रिक गणराज्य की भूमि पर पहुंचा तो, बिना खोजे ही मुझे हर प्रश्न का उत्तर आसानी से ही मिल गया, इन उत्तरों के साथ बीपी गौतम यह भी बता रहे हैं कि आर्थिक संकट से जूझ रही श्रीलंका को अब श्रीराम का ही सहारा है एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संकटमोचक की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं...



**सिंहबाहु के वंशजों से बन गया सिंहल द्वीप**

माना जाता है कि सिंहल की उपाधि पाने वाले राजा सिंहबाहु के वंशज राजकुमार विजय 700 अनुयाईयों के साथ ई. पू. 543 में श्रीलंका में जहाज से पहुंचे थे, जो श्रीलंका के प्रथम राजा माने जाते हैं। विजय द्वारा स्थापित शासन लगभग 2358 वर्षों तक चला। हालाँकि कुछेक समय के लिये चोल या, पांड्य के राजा ने अधिकार कर लिया था किंतु, वे टिक नहीं पाये, उन्हें सिंहलियों ने शीघ्र ही देश से बाहर खदेड़ दिया था। सिंहलियों ने श्रीलंका को कृषि प्रधान देश बनाया, यहाँ अलसी, सरसों, गरी, ईख, रुई, हल्दी, अदरक, काली मिर्च, मसाले तथा फलों की खेती सामान्यतः होने लगी थी। पशुपालन भी किया जाता था। तालाब बनाने में सिंहली दक्ष थे, उनके द्वारा पेयजल के लिये बनाये गये तालाब आज भी हैं, उन्होंने सिंचाई के लिये एक बड़े भू-भाग पर नहरें भी बनाई थीं। सिंहलियों का श्रीलंका के विकास और संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उनके बिना श्रीलंका का इतिहास पूर्ण हो ही नहीं सकता। श्रीलंका में पांच हजार साल पुराना लिखित इतिहास मौजूद है, जिसके अनुसार सिंहलियों ने प्रत्येक गांव में विद्यालय और चिकित्सालय स्थापित कर दिये थे, साथ ही महिलाओं के प्रसव के लिये अलग व्यवस्था थी लेकिन, सिंहली अच्छी भारतीय परंपराओं के साथ कुछेक कुरीतियों को भी साथ ले गये, जो वहां स्थापित हो गईं, इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कुरीति जाति के आधार पर ऊँच-नीच की भावना ही कही जायेगी, इस कुरीति का लाभ बौद्ध धर्म के प्रचारकों ने उठाया। उत्तर-पश्चिम भारत से गये सिंहल हिंदू धर्म का पालन करते थे, इसके बाद कलिंग तथा बंगाल से ब्राह्मण पहुंचे, जो वैष्णव तथा शैव विचारधारा में बांटने लगे। तीसरी शदी में बौद्ध धर्म का प्रचार थेरा महेंद्र ने किया, जिसके बाद राजा ने राजधर्म घोषित कर दिया, इसके बाद बौद्ध श्रीलंका का मुख्य धर्म बन गया। बुद्ध का भिक्षा पात्र, बाल, दांत और बोधिवृक्ष की एक शाखा भारत से राजाओं द्वारा श्रीलंका मंगवाये गये, इसके बाद कुछ स्तूपों का निर्माण भी कराया गया, इन सबका बौद्ध बने चुके सिंहलियों में बड़ा आदर और सम्मान है। श्रीलंका में आज भगवान बुद्ध सिर्फ पूजे ही नहीं जाते हैं बल्कि, वहां के बौद्धिष्ट बुद्ध को जीते हैं, वहां आज कण-कण में बुद्ध विद्यमान हैं, वे हर शहर और गांव में ही नहीं बल्कि, हर प्रतिष्ठान और हर घर में उपस्थित हैं। श्रीलंका के एयरपोर्ट पर कदम रखते ही बुद्ध की अनुभूति होने लगती है, जो श्रीलंका के अंतिम छोर तक होती रहती है लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि वहां के बौद्धिस्थ किसी अन्य धर्म और उसके अनुयायियों से घृणा नहीं करते, साथ ही उन्होंने हिंदू धर्म की विचारधारा और परंपरा को बौद्ध धर्म का अभिन्न अंग बना लिया है।

**रावण और नागों ने बनवाये हैं प्राचीन शिव मंदिर**

रावण शिवभक्त था, उसने श्रीलंका में शिव के पाँच निवास स्थानों का निर्माण कराया था, जो पंच ईश्वरम कहे जाते हैं, जो उत्तर में नागुलेश्वरम मंदिर, उत्तर पश्चिम में केथीश्वरम मंदिर, पूरब में कोनेश्वरम मंदिर, पश्चिम में मुन्नेश्वरम् मंदिर और दक्षिण में टोंडेश्वरम मंदिर के रूप में आज भी प्रख्यात हैं, इसके अलावा जाफना प्रायद्वीप में रहने वाले नाग भी शिवभक्त थे, जो श्रीलंकाई तमिलों के पूर्वज बताये जाते है।

बात हिंदू धर्म की करें तो, श्रीलंका के सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है। हिंदुओं के मंदिर 2,000 साल से भी पुराने हैं। 1915 की जनगणना के अनुसार श्रीलंका की आबादी में हिंदुओं की संख्या लगभग 25त्र थी। अंग्रेजों द्वारा गिरमिटिया मजदूर भी लाये गये थे, जिससे संख्या बढ़ गई लेकिन, 2011 में 12.6 प्रतिशत हिंदू रह गये, जो अधिकांशतः तमिल हैं। मध्य क्षेत्रों और राजधानी कोलंबो में हिंदू अनुयायियों की संख्या अधिक है। हालाँकि श्रीलंका में हुये गृहयुद्ध के दौरान बड़ी संख्या में तमिल मारे गये और तमिलों ने पलायन भी किया था, साथ ही एलटीटी वाले कब्जे में 2004 की सुनामी के दौरान भी बड़ी संख्या में हिंदू मारे गये थे, जिससे संख्या घट गई लेकिन, हिंदुओं के धार्मिक स्थलों के साथ किसी ने भी कुछ नहीं किया अर्थात, हिंदू मंदिरों आज भी प्राचीन स्वरूप में ही दिखाई दे रहे हैं। भारत के जितने हिंदू देवी-देवता हैं, वे सब श्रीलंका में भी हैं लेकिन, वहां सर्वाधिक लोकप्रिय देवता मुरुगन हैं, जिनके प्रति तमिलों को सर्वाधिक आस्था-श्रद्धा है। मुरुगन शिव-पार्वती के पुत्र हैं, जिन्हें भारत में कार्तिकेय के नाम से पहचाना जाता है, इनके स्कंद, सुब्रमण्य, कंद, कातिरगामा स्वामी और सनमुगा नाम भी हैं, इन्हें देवताओं का सेनापति माना जाता है।

**शिवभक्त तिस्स के शासन काल में पहुंचा बौद्ध धर्म**

प्राचीन नाम लंका है, जिसे ताम्रपर्णी, सिंहल द्वीप, सीलोन और अब श्रीलंका नाम से जाना जाता है। राजुकमार विजय श्रीलंका की धरती पर पहुंचे तो, वहां की मिट्टी के स्पर्श होने से हाथ-पांव ताम्र जैसे हो गये, जिससे श्रीलंका का एक नाम ताम्रपर्णी भी हो गया पर, बाद में सिंहली इतने लोकप्रिय और प्रभावशाली हो गये कि द्वीप को सिंहल कहा जाने लगा। 17वीं शदी में अंग्रेजी भाषा के कवि मिल्टन ने पैरेडाइज लॉस्ट नामक महाकाव्य में ताम्रपर्णी को टाप्रोवेन भी लिखा है, जो संभवतः उच्चारण की समस्या है। हालांकि अब आधिकारिक नाम श्रीलंका समाजवादी जनतांत्रिक गणराज्य है।

# पंजाब-किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा

पंजाब में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर 'आप' पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी-यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है?



पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि 'आप' सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दर्शाता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों-किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है? आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए, अन्यथा पंजाब की अशांति एवं अराजकता प्रांत को न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि सुशासन के मोर्चे पर धराशाही कर देगी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं।

ललित गर्ग

## राजकाज



### दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की घोषणा और जुमला

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महिला समिति योजना लॉन्च कर दी है। पैसा मिलेगा या नहीं,यह कहना मुश्किल है। क्योंकि पैसा कब से शुरू होगा। इसकी तारीख दिल्ली सरकार ने नहीं बताई है। इस योजना की पात्रता किसे होगी, यह भी नहीं बताया। भाजपा के नेता कह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में फ्री की रेवड़ी पर सुनवाई चल रही है। जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह योजना शुरू होने के पहले बंद हो जाएगी। ऐसी स्थिति में घोषणा करने में क्या जाता है। बाद में कह देंगे, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद योजना शुरू नहीं हो सकती है। यह जुमला भी नहीं होगा। ठीकरा भी सुप्रीम कोर्ट पर फूटेगा,भाजपा पर नहीं। सुप्रीम कोर्ट वही करती है,जो केंद्र सरकार चाहती है। केंद्र एवं राज्यों की वित्तीय स्थिति खराब है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट का हथौड़ा सभी राज्यों की फ्री की योजना पर चलने वाला है। चुनाव जीतने के लिए अब राजनीति की नई विसात विपक्षियों को बिछानी पड़ेगी।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा शाह की दादागिरी बर्दाश्त नहीं?

केंद्रीय गृहमंत्री की दादागिरी मणिपुर राज्य में नहीं चल पा रही है। जिसके कारण शाह की नाराजी मणिपुर को लेकर बढ़ती चली जा रही है। गृह मंत्री के आदेश पर फ्री ट्रेफिक मूवमेंट शुरू हुआ। उसके साथ ही हिंसा हो गई। कुकी समुदाय के लोगों ने फ्री ट्रेफिक मूवमेंट का विरोध करना शुरू कर दिया है। उनकी सुरक्षा की गारंटी केंद्र सरकार ने नहीं दी है। अभी भी मैतई समुदाय के लोग कुकी समुदाय पर भारी पड़ रहे हैं। असुरक्षा की भावना के कारण सुरक्षा वालों और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़प देखने को मिल रही है। सरकार भी दोनों समुदाय के बीच विश्वास कायम करने के स्थान पर एक तरफा फैसला ले रही है। उससे एक बार फिर मणिपुर की स्थिति बिगड़ना शुरू हो गई है। केंद्र सरकार के गले में मणिपुर बुरी तरह फंस गया है। ना निगलते बन रहा है, ना उगलते बन रहा है।

### जबरिया धर्म परिवर्तन पर फांसी

जबरिया धर्म परिवर्तन की परिभाषा क्या होगी। यह पुलिस और सरकार तय करेगी। मध्य प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर घोषणा की है। जबरिया धर्म परिवर्तन करने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। मासूम बेटियों के साथ किसी को अत्याचार करने की अनुमति नहीं होगी। मध्य प्रदेश सरकार जल्द ही कानून बनाने जा रही है। जिसमें जबरिया धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपियों को सीधे ऊपर भेजा जाएगा। मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। जबरिया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप किस पर लगता है, यह सबको पता है। लोग तो अब यह भी कहने लगे हैं। सबसे बड़ा धर्म परिवर्तन संघ ओर उसके अनुवांशिक संगठन करा रहे हैं। आदिवासियों को जबरिया हिंदू बनाया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में एक नया विवाद खड़ा हो रहा है। आदिवासी कह रहे हैं कि हमारा धर्म अलग है। हमारे देवता अलग हैं। संघ का रहा है, सभी हिंदू हैं, सभी के भगवान राम है। आदिवासियों को हिंदू बनाने का काम देश में बड़े पैमाने पर हो रहा है।

## फीचर



# टीबी से करें बचाव

> टीबी एक संक्रमण वाली जानलेवा बीमारी है पर इसका इलाज संभव है। जैसे ही जानकारी मिले इसका इलाज करायें। अगर खांसी दो सप्ताह से ज्यादा चले तो जांच जरुर करायें।

टीवी का इलाज पूरी तरह संभव है इसलिए घबरायें नहीं। जागरुकता की कमी के कारण देश में टीबी के मामले बढ़ते जा रहे हैं हालांकि इसके लिए बढ़ता हुआ प्रदूषण भी जिम्मेदार है। टीबी से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आने के बावजूद, इसका उन्मूलन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। पहचान, निदान और उपचार दरों में तत्काल सुधार करने के लिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भागीदार देशों ने टीबी वाले 4 करोड़ लोगों को गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। यह अनुमान लगाया गया है कि कम से कम 3 करोड़ लोगों को इस अवधि के दौरान टीबी निवारक उपचार तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। डब्ल्यूएचओ के अनुसार टीबी की रोकथाम संभव है हालांकि, टीबी की देखभाल में प्रगति के बावजूद, भारत में टीबी रोग में कमी नहीं आयी है।

भारत ने टीबी से मुक्त होने के लिए 2025 की समय सीमा निर्धारित की है। हालांकि टीबी को रोकने और नियंत्रित करने के लिए एक मिलाजुला प्रयास है, जबकि टीबी के नियंत्रण में डॉक्टर प्रमुख हितधारक हैं। टीबी का नियंत्रण प्रारंभिक पहचान पर निर्भर करता है, जिसका अर्थ है टीबी को आगे फैलने से रोकने के लिए प्रारंभिक और बेहतर उपचार। संक्रामक टीबी वाले मरीजों के सभी घरों और घनिष्ठ संपर्कों का पता लगाया जाना चाहिए। यदि टीबी होने पर एटीटी के पूर्ण कोर्स के साथ जांच होती है और उनका इलाज किया जाना चाहिए। अधिकांश डॉक्टर नियमित रूप से टीबी के कई रोगियों का इलाज करते हैं। छींकने, खांसने या मुंह या नाक छूने के बाद अपने हाथ धोएं।

## प्रेरणा

# इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है। लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है।



आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

## अपनी बात



आंध्र प्रदेश के विजयनगरम से सांसद के अप्पाला नायडू को बेटियों से अथाह प्रेम है। वे चाहते हैं कि हर घर में बेटी हो और खुशहाल रहे। इसके लिए उन्होंने एक नई पहल की है। उन्होने ऐलान किया है कि जिसके घर में तीसरी संतान बेटी होगी उसे 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



राहुल गांधी ने कहा कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की टिप्पणी पर हॉ में हॉ मिलाते हुए कहा, सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो ऐसे में अच्छा यही होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो। उन्होंने कहा कि विपक्ष शासित प्रत्येक राज्य में और खासकर महाराष्ट्र में साफ-साफ सवाल उठाए जा रहे हैं। पूरा विपक्ष मिलकर सिर्फ यही कह रहा कि वोटर लिस्ट पर सदन में चर्चा होनी चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### कैंट थाना क्षेत्र में 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** शहर की कैंट थाना पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने सिंगवासा चक गुप्त गंगा के पास से प्रमोद मेहतर (32) को दो बड़ी प्लास्टिक कैनों में अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के पास शराब रखने और बेचने का कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने मौके पर शराब को मापा और सेंपल संग्रह किया। आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### जिला बदर अपराधी को किया गिरफ्तार

**गुना।** कैंट थाना पुलिस ने नानाखेड़ी मंडी गेट के पास से जिला बदर आरोपी विजय कुशवाह (25) को गिरफ्तार किया। चार्ली ड्यूटी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि विजय कुशवाह प्रतिबंध के बावजूद गुना जिले में घूम रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जांच में पता चला कि जिलाधिकारी ने उसे 6 माह के लिए गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा और भोपाल की सीमाओं से बाहर रहने का निर्देश दिया था, लेकिन उसने आदेश का उल्लंघन किया। पूछताछ में वह कोई वैध दस्तावेज या ठोस कारण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को थाना लाकर हवालात में बंद कर दिया गया और उसके विरुद्ध अपराध दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई।

### रेलवे स्टेशन के बाहर से बाइक चोरी

**गुना।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। फरियादी पवन शर्मा, निवासी विंध्याचल कॉलोनी, ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि गत रात लगभग 9 बजे वे अपनी मां को रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्र मांक एमपी 08-2775 स्टेशन के बाहर खड़ी की थी, लेकिन जब वे वापस लौटे तो बाइक गायब थी। पवन शर्मा ने आसपास खोजबीन की, लेकिन बाइक नहीं मिली। काफी प्रयास के बाद भी जब वाहन का पता नहीं चला, तो उन्होंने कोतवाली थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से 11 वर्षीय बालक घायल

**गुना।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार की टक्कर से 11 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना गत शाम करीब 4ः30 बजे दुर्गा कॉलोनी में हुई। घायल बालक अफराज खान अपने पिता रिजबान खान के साथ किराने का सामान लेने गया था। पिता ने अपनी स्कूटी क्रमांक सीजे 15-9840 भोला किराना दुकान के सामने खड़ी की और खरीदारी करने लगे। इस दौरान अफराज स्कूटी पर ही बैठा था। इसी दौरान प्रताप छात्रावास की ओर से तेज और लापरवाहीपूर्वक आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 67-0324 ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।

30 लाख रुपये का सामान जब्त

# चांचौडा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 27 जुआरी गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के चांचौडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारते हुए बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से 3,28,950 रुपये नगद, ताश की एक गड्डी, 26 मोबाइल और 4 चारपहिया वाहन जब्त किए।

जब्त किए गए वाहनों में अल्टो कार एमपी 67 सी 0962, अल्टो कार एमपी 08 जेडए 2092, बोलेरो एमपी 67 सी 3176 और अर्टिगा आरजे 28 यूए 5090 शामिल हैं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 27 जुआरियों को गिरफ्तार किया। जिनमें पवन पुत्र देवेन्द्र चौहान निवासी बीनागंज, अजय पुत्र गोपाल मीना निवासी बीनागंज, रवि पुत्र गब्बर मीना निवासी बीनागंज, रंजीत पुत्र रघुवीर मीना निवासी बीनागंज, संजय पुत्र मांगीलाल मीना निवासी बीनागंज, लखन पुत्र बालू मीना निवासी बीनागंज, दीपक पुत्र रमेश मीना निवासी बीनागंज, रामस्वरूप पुत्र झाबर मीना निवासी बीनागंज, सुरेन्द्र पुत्र बाबूलाल मीना निवासी बीनागंज, विक्रम पुत्र ओमप्रकाश मीना निवासी बीनागंज, विनोद पुत्र मुन्नालाल मीना निवासी बीनागंज, नरेन्द्र पुत्र कन्हैयालाल मीना निवासी बीनागंज, बबलू पुत्र हरीराम मीना निवासी बीनागंज, रमेश पुत्र हरिसिंह मीना निवासी बीनागंज, कमल पुत्र गोपाल मीना निवासी बीनागंज, हरीश पुत्र मदनलाल मीना निवासी बीनागंज, राकेश पुत्र रामस्वरूप मीना निवासी बीनागंज, प्रकाश पुत्र फूलसिंह मीना निवासी बीनागंज, सुनील पुत्र भगवानदास मीना निवासी बीनागंज और अन्य शामिल हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध चांचौडा थाने में अपराध क्रमांक 97/25 के तहत धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। इस बड़ी कार्रवाई में चांचौडा थाना प्रभारी निरीक्षक मचल सिंह मंडेलिया, बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील रघुवंशी, प्रधान आरक्षक चंचल पंवार, आरक्षक संजय सोलंकी, आरक्षक शुभम मिश्रा, आरक्षक सचिन भिलाला, आरक्षक अजय समाधिया, आरक्षक विकास राजावत, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी, आरक्षक सौरभ यादव, आरक्षक नरेन्द्र ओझा एवं साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए विभागीय योजनाओं का करें क्रियान्वयनः कलेक्टर

## समय-सीमा बैठक के दौरान लंबित पत्रों की समीक्षा के दौरान दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सत्ता सुधार ■ गुना

सभी अधिकारी शासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करें। आप जनता के हित में कार्य करेंगे तो लोग आपके कार्यो के साथ आपको याद करेंगे। उक्त आशय के निर्देश आज जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा व्यक्त किए गए। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल सिंह, समस्त अनुविभागीय अधिकारी सहित समस्त जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नवाचार 'मोबाईल कोर्ट' के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को डॉक्यूमेंटेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि डॉक्यूमेंटेशन में भूमि संबंधी शिकायतों के निराकरण की जानकारी, संबंधित फोटोग्राफ्स तथा पेपर कतरन को शामिल किया जाए। इसी प्रकार प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के दौरान किए जा रहे नवाचार आधार कैंप, 70+ आयुष्मान कैंप तथा स्वास्थ्य कैंप को भी जनपद स्तर पर आयोजित किया जाए। ताकि स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य एवं आधार कार्ड की सुविधा मिल सकें।



### सभी अधिकारी प्रो-ऐक्टिव होकर करें कार्य

बैठक के दौरान कलेक्टर कन्याल ने शासन की मंशा के अनुसार सभी अधिकारियों को कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कॉडिनेशन, कम्यूनिकेशन तथा कॉपरेशन के सिद्धांत पर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के निर्देश दिए। अब सभी एसडीएम कार्यालय में आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। कलेक्टर कन्याल ने बैठक के दौरान सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक एसडीएम कार्यालय में आधार कार्ड मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब लोग अपने नजदीकी एसडीएम ऑफिस में जाकर आधार कार्ड बनवा सकेंगे। प्रशासन का यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे आधार कार्ड से जुड़ी परेशानियों का समाधान तेजी से हो सकेगा।

### विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए टोल-फ्री नंबर 1912 का करें उपयोग

बैठक के दौरान एसई एमपीईबी प्रेमराज पाराशर ने बताया कि विद्युत से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए टोल-फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा टोल-फ्री नंबर का उपयोग न कर 181 पर शिकायत दर्ज करा दी जाती है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से विद्युत से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए टोल-फ्री नंबर 1912 के उपयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि इस नंबर पर विद्युत से संबंधित सभी शिकायतें कभी भी दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण भी किया जाता है।

### नलकूप खनन की पोर्टल पर प्रतिदिन एंट्री करें सुनिश्चित

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत किसी भी स्थान पर बिना अनुमति के नलकूप खनन का कार्य न किया जाए। इस कार्य के पीएचई विभाग सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी प्रतिदिन पोर्टल पर संधारित की जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि असफल नलकूप को विधिवत तरीके से ढंकने की कारवाई सुनिश्चित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली, पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित लंबित पत्रों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# गांजा तस्करी करते हुए मां-बेटे गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गुना



जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा राजस्थान तरफ से गांजा तस्करी करते बाईक सबार मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2.1 किग्रा. गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त बाईक जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस को खास मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति व महिला राजस्थान तरफ से गांजा खरीदकर स्पलेंडर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 08-9601 ग्राम अजरोडा-भाउपुरा के रास्ते होते हुए फतेहगढ तरफ आ रहे है। गांजा तस्करी की उक्त सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तस्करों पर कार्यवाही हेतु फतेहगढ़ थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम ग्राम अजरोडा-भाउपुरा रोड की पुलिया पर पहुंची। जहां पर राजस्थान तरफ से मुखबिर द्वारा बताई हुलिये उक्त मोटर साइकिल के आने आने पर पुलिस फोर्स द्वारा उन्हें रोक लिया गया। जिनसे नाम पता पूछने पर बाईक चालक ने अपना नाम विमलेश पुत्र रामदयाल शर्मा एवं पीछे बैठी महिला ने अपना नाम सावित्री बाई पत्नि रामदयाल शर्मा निवासीगण फतेहगढ के होना बताए। जिनकी विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास रहे प्लास्टिक के एक बोरे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ । आरोपियों के कब्जे से बरामद गांजा कीमती करीबन 42 हजार रुपये एवं गांजा तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अप.क्र. 58/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा, सउनि दशरथ दिवाकर, सउनि अनिल कदम, सउनि भैयालाल रघुवंशी, प्रधान आरक्षक इंदल सिंह धाकड़, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक कुलदीप धाकड, आरक्षक सुनील असैया, आरक्षक पवन शर्मा, आरक्षक श्रीकांत यादव, आरक्षक राहुल यादव, आरक्षक अशोक भोज एवं महिला आरक्षक क्रांति रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

सत्ता सुधार ■ गुना

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गुना के पूर्व सांसद माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती पर आज शहर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माधवराव सिंधिया स्मृति पार्क, पुरानी गल्ला मंडी में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पूर्व मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सिसोदिया ने माधवराव सिंधिया को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाया था, और आज उनके सुपुत्र एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता योगेन्द्र लुंबा ने कहा कि माधवराव सिंधिया का पूरा राजनीतिक जीवन राष्ट्र और समाज सेवा को समर्पित रहा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद सिंह धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पूर्व मंत्री गोपीलाल जाटव और अन्य वक्ताओं ने भी माधवराव सिंधिया के व्यक्तित्व व उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।




कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृद्धाश्रम में जरूरतमंद बुजुर्गो को वस्त्र एवं फल वितरित किए गए। इस दौरान हरिसिंह यादव, अशोक शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा, सुनील अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजेश राजपूत, महेंद्र किरार, अलका बिंदल, संजय देशमुख सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। माधवराव सिंधिया को उनकी जयंती पर याद करते हुए सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनकी सेवा भावना को प्रेरणा बताया।

### हाईवे पर कंटेनर से मोबाइल और लैपटॉप चोरी

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र में एक कंटेनर से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री चोरी कर ली। यह घटना विगत रात करीब 9 बजे जोगीपुरा टोल टैक्स के पास हुई, जब ट्रक चालक अवधनारायण पांडे ने कंटेनर की सील टूटी और दरवाजा खुला पाया। शिकायतकर्ता अवधनारायण निवासी ग्राम पिडरिया सेंगरने बताया कि वह पिछले पांच साल से रामसिंह राजपूत की गाड़ी चलाते हैं। घटना के दिन वे गुना से टाटा क्रोमा कंपनी का माल लेकर भोपाल वेयरहाउस जा रहे थे। जब उन्होंने टोल टैक्स के पास वाहन को चेक किया तो पीछे का दरवाजा खुला था और कंटेनर से माल गायब था। चोरी हुए सामान में ऐप्पल का एक आईपैड (10.9 इंच), ऐप्पल के पांच आईफोन, वनप्लस के दो मोबाइल, ओप्पो के दो मोबाइल, सैमसंग के तीन मोबाइल, वीवो के दो मोबाइल, नथिंग कंपनी का एक मोबाइल, एचपी का एक लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री शामिल है।

# जिला कर सलाहकार संघ द्वारा कराधान पर परिचर्चा एवं होली मिलन समारोह आयोजित

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कर सलाहकार संघ गुना द्वारा कराधान पर चर्चा एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आयकर एवं जीएसटी विशेषज्ञों ने नवीनतम संशोधनों पर अपने विचार साझा किए और सदस्यों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थितजनों ने एक साथ रंगारंग होली मिलन का आनंद लिया। कार्यक्रम सोमवार को रोटरी क्लब परिसर, गुना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता निकलंक जैन, सीए पंकज बैश्य एवं राकेश तिवारी ने कराधान से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और हाल ही में हुए संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने करदाताओं की समस्याओं और उनके समाधान पर भी प्रकाश डाला।



**फूलों एवं हर्बल गुलाल से खेली गई होलीः** वक्ताओं के विचार-विमर्श के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने फूलों एवं हर्बल गुलाल से होली खेली। इस दौरान सौहार्द और उमंग का वातावरण बना रहा, और सभी ने इस आनंदमयी क्षण का भरपूर लुत्फ उठाया। इस आयोजन में अभिवासक शिखर चंद जैन, उमेश चंद जैन, श्रवण एबोट, संभुनाथ तिवारी, संघ के अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव प्रदीप गर्ग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मनीष पराशर, राकेश जैन, गौरव अग्रवाल, सीए पुनीत गर्ग और दिव्यांश गोयल थे। होली मिलन समारोह में अरविंद मंडवारिया, प्रकाश जैन, संजय जैन, के. पी. रघुवंशी, सीए दिनेश नेमा, सीए अतुल अग्रवाल, सीए राम यादव, आनंद मंडवारिया, आकाश जैन, मनीष तिवारी एवं हरिओम शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अभियान

## मंचासीन अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन कर पंचमुखी शिक्षा के साथ-साथ एकल कार्य की विस्तार से जानकारी दी

# एकल के पांच दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग का हुआ समापन

सत्ता सुधार ■ गुना

एकल अभियान मध्य भारत अंचल गुना का 5 दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग का सोमवार को समापन हुआ। एकल अंचल कोषाध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि एकल अभियान मध्य भारत अंचल गुना का पांच दिवसीय आवासीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग टेकरी धाम के हाल क्रमांक 6 में आयोजित किया गया था जिसका आज राष्टीय स्वयंसेवक संघ विभाग संघ चालक अशोक सिंह कुशवाह एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह मनोज भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में समापन किया गया। इस अवसर पर एकल अंचल गुना अध्यक्ष मदन सोनी, महिला संभाग समिति उपाध्यक्ष आशा रघुवंशी, कोषाध्यक्ष विकास जैन नखराली, शिक्षा समिति अध्यक्ष अनसुईया रघुवंशी, अंचल अभियान प्रमुख नारायण सिंह मीणा, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख पप्पू सिंह नायक, विजय सिंह मंचासीन रहे।



मंचासीन अतिथियों द्वारा अभ्यास वर्ग में उपस्थित आचार्यो का मार्गदर्शन कर पंचमुखी शिक्षा के साथ साथ एकल कार्य की विस्तार से जानकारी दी। विभाग संघ चालक कुशवाह ने कहा कि पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग में आए आचार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर दूरस्थ, वनांचल में निवासरत समाज को शिक्षा, स्वास्थ, संस्कार, स्वावलंबन एवं समाज जागरण के भाव को स्वाभिमान के साथ जागृत कर शेष समाज के साथ खड़ा करने का कार्य हम सभी को करना हे। उन्होंने कहा कि झारखंड के धनबाद ज़िले के रतनपुर तहसील के टुंडी गांव में भाव राव देशमुख ने एक विद्यालय से एकल अभियान की शुरुआत की थी जो आज देश भर में एकल के 1 लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित हो रहे हे। भदौरिया ने कहा कि एकल अभियान का लक्ष्य गांव गांव में पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों के बच्चों स्वावलंबी बनाना। विकास जैन ने बताया कि यह सभी प्रशिक्षित आचार्य अपने अपने गांव में जाकर संचालित हो रहे एकल विद्यालय में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षित कर उन्हे राष्ट्र उपयोगी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# चांचौड़ा पुलिस की कार्रवाई, दो दिन में चोर गिरफ्तार, चोरी के जेवर बरामद

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीगांव में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो दिनों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चोरी गए चांदी के जेवर बरामद कर लिए। फरियादिया राधा बाई पति संजू लोधी निवासी ग्राम तेलीगांव ने 07 मार्च 2025 को बीनागंज चौकी पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 26 फरवरी से 06 मार्च 25 के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर की अलमारी से चांदी की एक जोड़ पायल और एक करधनी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 94/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से कार्रवाई शुरू की। अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया और तकनीकी संसाधनों की मदद से सघन प्रयास किए गए। इसके परिणामस्वरूप गत दिवस पुलिस ने संदेही संदीप पुत्र स्व. गुलाब सिंह लोधी निवासी ग्राम तेलीगांव थाना चांचौड़ा, जिला गुना को हिरासत में लिया।



# डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा कम होता है दूध, दही, पनीर के सेवन से

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को बीएमजे ओपन डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे। मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है। डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।



**पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।**

# पौदिना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है...

गर्मी के दिनों में पौदिना को भी लोग खूब पसंद करते है। पौदिने का प्रयोग हम किसी सब्जी को स्वादिष्ट बनाने और चटनी में बनाने में लेते है। पौदिने में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते है। पौदिने की पत्तियों में मिंथॉल व एंटी–बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। गर्मियों के दिनों में स्कीन से जुड़ी कई परेशानियां होती है। आज हम पौदिने के सेवन से होने वाले शारीरिक लाभों के बारें में बताने जा रहे हैं, तो आइए जानते हैं।

### कील मुंहासे में फायदेमंद

पौदिना चेहरे के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आपकी तैलीय त्वचा हैं आप पौदिने की पत्तियों को पीसकर चेहरे पर लगाओंगे तो आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद होगी।

### मुंह की बदबू के लिए फायदेमंद

कई लोग मुंह की बदबू के कारण काफी परेशान रहते है। ऐसे व्यक्तियों के लिए पौदिना काफी फायदेमंद हो सकता है। अगर आपके मुंह में बदबू आती हैं तो आपको पौदिना की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद

पौदिना हमारी पेट से संबंधित बीमारी के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हो तो आपको प्रतिदिन पौदिने की पत्तियों का सेवन करना चाहिए।

### पीरियड में फायदेमंद

कई महिलाएं अपने मासिक धर्म से काफी परेशान रहती हैं क्योंकि उनका मासिक धर्म समय पर नहीं आता है। जिस कारण वो काफी तनाव में रहती है। लेकिन अगर आप प्रतिदिन पौदिने का सेवन करेंगे तो ये महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। महिलाएं पौदिने की पत्तियां सूखाकर उनका चूर्ण बनाकर शहद के साथ सेवन करेगी तो शानदार इस बीमारी से फायदा मिलेगा।



# संजीवनी बूटी का काम करता है गिलोय

गिलोय एक चमत्कारी पौधा है, यह कई बीमारियों को दूर करने में मददगार होता है। इसके पत्ते पान के पत्तों की तरह होते हैं और इसके सेवन से शरीर स्वस्थ्य रहता है। आइए आज हम आपको यहां बता रहे हैं कि गिलोय किन–किन बीमारियों को दूर करने में मददगार होता है। बता दें कि गिलोय सबसे ज्यादा लाभकारी डायबिटिज के रोगियों के लिए होता है। इसमें हाइपोग्लैसेमिक होता है जो शरीर में शुगर की मात्रा को संतुलित बनाये रखता है। इसी कारण से डायबिटीज के रोगियों को शुगर कंट्रोल करने के लिए गिलोय का सेवन करने की राय दी जाती है। हालांकि बिना डॉक्टर के परामर्श के इसका सेवन नहीं करना चाहिए। यदि गिलोय के पत्तों को पानी में उबालकर आंखों पर रखा जाए तो इससे नेत्र रोग दूर होते हैं और आंखों की रोशनी बढ़ती है। गिलोय में रोगप्रतिरोधक क्षमता होती है इसी कारण से ये छोटी–छोटी बीमारियों को शरीर से दूर रखता है। इसका सेवन करने से सर्दी–जुकाम, गैस, कब्ज और अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है।

# ठंडी चीज खाने से कम होता है तनाव और मोटापा

मौसम कोई भी आइसक्रीम खाने तो मजा ही कुछ और है। आइसक्रीम कई प्रकार के फ्लेवर में आती है जिसका टेस्ट बहुत यम्मी–यम्मी स्वाद होता है और आइसक्रीम का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बडों तक के मुंह में पानी आ जाता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आइसक्रीम हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। आइसक्रीम में विटामिन, कैल्शियम व प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। एक रिसर्च के अनुसार सुबह–सुबह नाश्ते में आइसक्रीम खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ये अध्ययन क्योंरीन यूनिवर्सिटटी के प्रोफेसर कोगा के सहयोग से की गई। जिसमें कहा गया है कि सुबह उठकर आइसक्रीम खाने से मानसिक तौर पर तनाव कम देखा गया। रिसर्च में एक ऐसे व्यक्ति के दिमाग की सक्रियता की तुलना की जिसे तुरंत सुबह उठने के बाद आइसक्रीम दी गई। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति के ब्रेन की गतिविधियों को भी देखा गया जिसे सुबह नाश्ते में आइसक्रीम नहीं दी गई। अध्ययन में पता चला कि जिस व्यक्ति को सुबह आइस्क्रीम दी गई थी उसकी सक्रियता बेहतर थी। प्रोटीन– मिल्क के अन्य उत्पादों की तरह आइसक्रीम प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। प्रोटीन से बॉडी के हर पाटर्स़मांसपेशियां, त्वचा, हड्डियों, ब्लड के लिए लाभ होता है। प्रोटीन खाने से ऊतक और मांसपेशियां स्ट्रॉन्ग होती है।

विटामिन स्त्रोत–आइसक्रीम में विटामिन ए, बी–2 और बी– 12 खूब पाये जाते हैं। विटामिन ए, स्किन, बॉन्स, रोगप्रतिरोधक क्षमता के लिए बेस्ट होता है। विटामिन ए आंखों की रोशनी बढाता है। विटामिन ए से मजबूत हडिड्यां, स्वस्थ त्वचा, स्वस्थ दांत, व आंखें, बाल की देखभाल विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है इसकी एक संतुलित मात्रा शरीर में जानी चाहिए, क्योंकि यह शरीर में एकत्र होता रहता है यदि हमारे शरीर में विटामिन ए की अधिक मात्रा ऊतकों को आक्सीराइज्ड करती है तथा अधिक उम्र कारण बनती है व्यक्ति अपनी उम्र से अधिक दिखने लगता है। आइसक्रीम खाने से शरीर में कैल्शियम की मांग पूरी हो जाती है परन्तु कैल्शियम की शरीर में पूर्ति के लिए दूध के अलावा दूध से बने पदार्थ मक्खन, आइसक्रीम पनीर, दही आदि का सेवन करना चाहिए । कैल्शियम केवल हड्डियों के लिए नहीं होता है बल्कि यह मोटापा भी घटाता है।





# ऑनलाइन बदमाशी से डिप्रेशन का शिकार होते हैं किशोर

माता–पिता ध्यान दें, जो किशोर ऑनलाइन बुलिंग (बदमाशी) के शिकार होते हैं उन्हें कम नींद और डिप्रेशन (अवसाद) का सामना करना पड़ता है। एक अध्ययन ने इस बात को लेकर चेताया है। साइबर शिकार और नींद की गुणवत्ता के बीच संबंध का पता लगाने के लिए कुछ अध्ययनों में से एक में बफेलो विश्वविद्यालय की अनुसंधान टीम ने 800 से अधिक किशोरों के बीच ऑनलाइन बुलिंग और अवसाद के बीच संबंधों की जांच की। बफेलो विश्वविद्यालय से पीएचडी के छात्र मिशोल क्वोन ने कहा, ''इंटरनेट और सोशल मीडिया पर साइबर उत्पीडन सहकर्मी उत्पीडन और किशोरों के बीच एक उभरती मानसिक स्वास्थ्य चिंता का एक अनूठा रूप है।'' क्वोन ने कहा कि 15 प्रतिशत अमेरिकी हाई स्कूलों के छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तंग किया जाता है। गंभीर स्तर पर स्कूल में प्रदर्शन से लेकर, रिश्तों में दूरियां और यहां तक की आत्महत्या का कारण भी डिप्रेशन बन सकता है। अमेरिका के किशोर स्वास्थ्य के कार्यालय के अनुसार, लगभग एक तिहाई किशोरों में अवसाद के लक्षण अनुभव हुए हैं, जिनमें नींद के पैटर्न में बदलाव के अलावा, लगातार चिड़चिड़ापन, क्रोध और सामाज से कटाव शामिल हैं।

# कॉफी पीने के होते है कई फायदे



अगर आप कॉफी पीते है तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। ज्यादातर लोग सिर दर्द दूर करने, सुस्ती भगाने और मूड अच्छा करने के लिए कॉफी पीते हैं। इसके अलावा कई ऐसे भी होते हैं जिन्हें कॉफी पीने की लत होती है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि कॉफी पीने से कई फायदे होते हैं। सुबह का बेहतरीन पेय होने के साथ ही दिल दुरुस्त रहता है। इसके आलावा कॉफी प्रोस्टेट कैंसर को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे दवा–प्रतिरोधी कैंसर के इलाज का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। शोध में कहा गया है कि एक या दो कप कॉफी पीने वालों में कॉफी नहीं पीने वालों की तुलना में दिल से जुड़ी परेशानियों के चलते मरने की आशंका 20 फीसदी तक कम होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो कॉफी हार्ट–अटैक के बाद दिल को मजबूत रखने का काम करती है और इसे रेग्युलर लेने से दोबारा हार्ट अटैक आने की आशंका भी काफी कम हो जाती है। लेकिन शोधकर्ताओं ने ये चेतावनी भी दी है कि कॉफी को नियंत्रित मात्रा में ही लेना फायदेमंद है। वहीं दूसरे शोध में जापान के कनाजावा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कहविओल एसिटेट व कैफेस्टोल तत्वों की पहचान की है, जो प्रोस्टेट कैंसर की वृद्धि को रोक सकते हैं। ये दोनों तत्व हाइड्रोकॉर्बन यौगिक हैं, जो प्राकृतिक रूप से अरेबिका कॉफी में पाए जाते हैं। इसके पायलट अध्ययन से पता चलता है कि कहविओल एसिटेट व कैफेस्टोल कोशिकाओं की वृद्धि को रोक सकते हैं, जो आम कैंसर रोधी दवाओं जैसे कबाजिटेक्सेल का प्रतिरोधी है। शोध के प्रमुख लेखक हिरोकी इवामोटो ने कहा, ''हमने पाया कि कहविओल एसिटेट व कैफेस्टोल ने चूहों में कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि रोक दी, लेकिन इसका संयोजन एक साथ ज्यादा प्रभावी होगा।'' इस शोध के लिए दल ने कॉफी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले छह तत्वों का परीक्षण किया। इस शोध को यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ यूरोलॉजी कांग्रेस में बार्सिलोना में प्रस्तुत किया गया। शोध के तहत मानव की प्रोस्टेट कैंसर की कोशिकाओं पर प्रयोगशाला में अध्ययन किया गया।





## 'भारत के एडिसन' जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

**निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन' के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन' रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।**

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।



# मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी करेंगी सान्या

सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज हाल ही में सा रिलीज हुई। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन की रीमेक है। इसे आरती कड़व ने डायरेक्ट किया। फिल्म में सान्या ने एक ऐसी हाउसवाइफ का किरदार निभाया, जो अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती है लेकिन परिवार उसे सिर्फ किचन तक सीमित रखना चाहता है। यह सोच इरादतन नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण बनी रहती है। आरती ने इसी सोच को फिल्म में दिखाया है।



### फिल्म को मिली जबरदस्त तारीफ

आरती कहती है... फिल्म को उम्मीद से ज्यादा प्यार मिला। मैंने इसे जिम्मेदारी से बनाया था। मुझे लगा था कि लोग इस विषय पर चर्चा करेंगे लेकिन इतनी तारीफ मिलेगी, यह सोचा नहीं था। कई दर्शकों ने अपनी मां और बहनों की जिंदगी से जुड़ी कहानियां साझा कीं, जो फिल्म के किरदार से मेल खाती थीं। यह जानकर दुख भी हुआ कि समाज में अब भी ऐसी दकियानूसी सोच बनी हुई है।

### थिएटर में रिलीज का इरादा नहीं था

आरती ने बताया कि फिल्म को थिएटर में लाने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करना सही फैसला रहा। आगे साइंस फिक्शन जॉनर की फिल्म भी लाऊंगी। पहले कार्गो नाम की फिल्म बनाई थी। ऐसी फिल्मों के लिए बड़े बजट की जरूरत होती है। सान्या को दो साइंस फिक्शन कहानियां सुनाई है। मुमकिन है कि जल्द ही सान्या की कोई साइंस फिक्शन फिल्म आए।

### नॉर्थ इंडियन दर्शकों के लिए फिल्म में किए गए थे बदलाव

मूल फिल्म मलयाली दर्शकों के लिए बनी थी। हिंदी वर्जन में इसे नॉर्थ इंडियन दर्शकों के हिसाब से बदला गया। साउथ वर्जन में सबरीमाला विवाद को दिखाया गया था, जहां महिलाओं को घर में बंद कर दिया गया था। हिंदी वर्जन में इसे करवा चौथ से जोड़ा गया। मूल फिल्म में घर में मेड नहीं थी लेकिन हिंदी वर्जन में मेड का किरदार जोड़ा गया।

### फिल्में बदलाव ला सकती हैं...

आरती का मानना है कि फिल्मों से बदलाव की शुरुआत होती है। जब किसी मुद्दे पर बातचीत होती है, तो पॉलिसी लेवल पर भी बदलाव का माहौल बनता है। हालांकि यह प्रयास पर्याप्त नहीं होते लेकिन जरूरी होते हैं।

### फ्रेंचाइज बनाने की प्लानिंग नहीं है...

आरती ने कहा कि मिसेज में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई जरूरी मुद्दे हैं। इसे फ्रेंचाइज बनाना प्राथमिकता नहीं है। सान्या इस फिल्म के मुद्दे से इतनी जुड़ गई थीं कि शूटिंग के बाद भी उन्हें इससे बाहर आने में महीना भर लगा था।



# कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने शुभकामनाएं दी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती है, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# शिवाजी महाराज की जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना मेरे लिए बेहद खास है



आज छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी की अपकमिंग फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में वीर शिवाजी बने ऋषभ शेट्टी देवी मां की विशाल मूर्ति के सामने खड़े नजर आ रहे हैं।

### ऋषभ शेट्टी ही बनेंगे शिवाजी महाराज

बॉलीवुड से लेकर मराठी सिनेमा तक कई सारे सितारे शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ चुके हैं। अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही आगामी फिल्म द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज में ऋषभ शेट्टी शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।

### ऋषभ शेट्टी ने कही ऐसी बात

पोस्टर रिलीज के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। उन्हें हमेशा धैर्य, बुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना वाकई मेरे लिए बेहद खास है। मैं आशा करता हूं कि उनकी विरासत को मैं अच्छे तरीके से पर्दे पर दिखा सकूं। सभी भारतीयों को उनकी अमर वीरता का एहसास दिला सकूं।

### फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे

स्वराज्य का सपना देखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस फिल्म की टीम के बारे में भी मेकर्स ने बताया है। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ – गरिमा ने लिखी है। फिल्म को संगीत प्रीतम ने दिया है। गानों ने बोल प्रसून जोशी ने लिखे हैं। वहीं, सिनेमेटोग्राफी रवि वर्मन ने की है। गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा हैं।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म 21 जनवरी 2027 में हिंदी समेत छह अन्य भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म भारत और विदेशों में भी शिवाजी के स्वराज्य का सपना दिखाने वाली है।



# शबाना आजमी ने बताई डब्बा कार्टेल का हिस्सा बनने की वजह

एक्सेल एंटरटेनमेंट की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' के ट्रेलर लांच इवेंट पर शबाना आजमी की अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। महबूब स्टूडियो में इस कार्यक्रम का आयोजन शानदार तरीके से हुआ। लोगों में काफी उत्साह रहा लेकिन, आदतन प्रोग्राम अपने समय से ही शुरू हुआ। जनता बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार करी दिखी। महबूब स्टूडियो में जब बारी इस ट्रेलर लॉन्च की आई तो मामला बहुत ही रोचक हो गया है। आहिस्ता आहिस्ता किरदारों पर से परदा हटा और जब बारी शबाना आजमी की आई तो फिर तो माहौल बदलना ही थी। इवेंट में मीडिया के साथ सवाल जवाब के समय शबाना आज़मी ये कहा कि इस सीरीज की पूरी कास्टिंग घर का मामला था। शिबानी अख्तर ने क्रिएट किया ये प्रोजेक्ट और मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा तो प्रोड्यूसर ही है। साथ ही उन्होंने एक कन्फेशन ये भी किया की जब इस सीरीज की कास्टिंग चल रही थी तो वह नहीं चाहती थी कि अभिनेत्री ज्योतिका को इसमें कास्ट किया जाए। इवेंट के दौरान ही शबाना आजमी ने इसके लिए ज्योतिका से माफी भी मांगी और कहा कि अच्छा हुआ शिबानी ने उनकी नहीं सुनी और दोनों ने साथ काम किया। सीरीज के निर्देशक हितेश भाटिया ने इस मौके पर बताया कि शुरू में तो वह काफी परेशान थे लेकिन जब सारे लोग साथ आ गए तो उनकी घबराहट भरोसे में बदल गई। ज्योतिका के मुताबिक उन्हें ये प्रोजेक्ट इसलिए काफी पसंद आया क्योंकि इसमें महिलाओं की अहम भूमिका है। वह कहती है, इस सीरीज में सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में भी महिलाओं की बहुत भागीदारी रही। हमारे क्रू में लगभग 60-70% महिलाएं थीं, जो हर विभाग में शानदार काम कर रही थीं। यह देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। अभिनेता आदर्श रावल के साथ फिल्म 'बमफाड़' से हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू करने वाली साउथ सिनेमा की अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी ज्योतिका की बात का समर्थन किया और कहा कि यह शो महिलाओं के दम पर आगे बढ़ा है। उन्होंने उलाहना दिया कि शानदार अभिनेता गजराज राव के साथ उनका एक भी सीन नहीं है। वहीं, गजराज राव ने कहा, आमतौर पर मैं सिर्फ अपने डायलॉग्स याद करता हूँ, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा मेहनत फार्मास्युटिकल्स के नाम याद करने में करनी पड़ी। और, अब तो मुझे इतने नाम याद हो गए है कि मेडिकल इंडस्ट्री में भी एंट्री ले सकता हूं। नेटफ्लिक्स की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' 28 फरवरी को रिलीज होगी।

# सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता पर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे



हर्षवर्धन राणे अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम की सफलता का जश्न मना रहे हैं। यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। आज भी अभिनेता ने एक इमोशनल नोट शेयर किया और सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा- एक प्रेम कहानी जो लंबे समय तक नहीं चलनी थी। हर्षवर्धन ने आगे लिखा- फिर भी हम यहां है, 10 दिन बाद, अभी भी हर पल ऐसा महसूस कर रहे हैं जैसे यह पहली बार हो। अभिनेता ने आगे लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें जो इसे दोबारा देखने की योजना बना रहा है। सनम तेरी कसम अब तक बॉक्स ऑफिस पर 36.01 करोड़ रुपये की कमाई की।

## ब्रीफ न्यूज

### अस्पताल में शराब का अडडा है तो कांग्रेस

**सीहोर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के द्वारा जिला अस्पताल में शराब का अडडा जैसे बयान देने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होने कहा कि झूठे निराधार आरोप लगाकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष वर्षो से कांग्रेस पार्टी के सत्ता से बाहर होने का गुस्सा निकाल रहे है। अगर जनता के पैसों से संचालित सरकारी जिला अस्पताल में शराब का अडडा चल रहा है तो वह सबूत दें या फिर झंठे बयान देने पर जनता से माफी मांगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस केवल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और भाजपा सरकार को बदनाम करने की साजिश रचने का कार्य करती है क्योंकी कांग्रेस नेताओं के पास फिलहाल कोई काम नहीं है, बिना कोई सबूत के बेबुनियाद आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है। नगरीय निकाय के चुनाव हो या विधानसभा लोकसभा के चुनाव हो या फिर उप चुनाव हो सभी में जनता ने कांग्रेस को सिरे से खारिज किया है और भाजपा को जनता ने हदृय से वोट के रूप में समर्थन देकर चुना है, यहीं बात कांग्रेस के नेताओं को परेशान कर रही है परिणाम स्वरूप कांग्रेस पार्टी अपनी धुमिल होती प्रतिष्ठा बचाने के लिए हमेशा झंठ का सहारा लेती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष को झंठे निराधार आरोप लगाने के प्रायश्चित के रूप में जनता से क्षमा याचना करना चाहिए।

### विकसित भारत युवा संसद के बैनर पोस्टर का विमोचन

**खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 10 मार्च को जिला स्तरीय युवा संसद में छात्र भागीदारी कैसे करें विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.शैल जोशी ने विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम के बैनर एवं पोस्टर का विमोचन किया। नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे ने बताया कि जिला स्तरीय चयन के लिए उन्हें सर्वप्रथम माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना होगा। इसके बाद उन्हें नोडल जिला को चयन कर यूथ पार्लियामेंट इवेंट के अंतर्गत अपना एक मिनट का वीडियो विकसित भारत आपकी दृष्टि में विषय पर 16 मार्च तक अपलोड करना होगा। इसके बाद महाविद्यालय द्वारा 17 मार्च तक स्क्रुटनी कर 150 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी जिला स्तरीय दिनाक 21 एवं 22 मार्च 2025 को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### नदी किनारे चल रही थी शराब भट्टियां, पुलिस ने कि नष्ट

**खरगोन।** त्यौहारों पर शराबी कोई हुडदंग करते हुए खलल न करें, इसके लिए पुलिस और आबकारी अमला अवैध शराब विक्रेताओं के साथ ही निर्माण के ठिकानों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। सोमवार को कसरावद थाना पुलिस ने नदी किनारे चल रही शराब भट्टियों पर दबिश देकर हजारों लीटर महुला लहान के साथ ही शराब नष्ट की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम भादलपुरा व ग्राम भीलगांव में कुंदा नदी के किनारे अवैध शराब की भट्टी संचालित किए जाने की सूचना मिली थी।

### रामकिशोर नाविक को मिला वर्ष 2025 का साहित्य साधक सम्मान, साहित्य के लिए जिये स्व. गोहिया

# वरिष्ठ गीतकार रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान समारोह संपन्न

### घमंड से रहे कोसों दूर-राकेश राय जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष

सत्ता सुधार ■ सीहोर

स्थानीय रुकमणी गोविंद गार्डन के सभागार में सोमवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं सृजन साहित्य परिषद सीहोर के बैनर तले गीतकार स्व. रमेश गोहिया की जन्म जयंती पर काव्य समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस अध्यक्ष राकेश राय रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पं. शैलेश तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में नवी मुंबई से आये भारतीय रेल विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर राजेश टैगोर, इंजीनियर बाबा पंडित रामचंद्र मिश्रा, विनोद पंसारी अध्यक्ष सृजन साहित्य परिषद, डॉ. विजेंद्र



जायसवाल अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्व. गोहिया जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना एवं स्व. रमेश गोहिया की कालजयी रचना माटी का दिया कि सस्वर प्रस्तुति कवि आदित्य हरी गुप्ता ने दी। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर प्रदीप एस. चौहान ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प माला पहना कर हरिश्चंद्र आर्य, सुरेश सोनी, देव ऋषि गोहिया एवं हिमालय गोहिया ने किया।

स्वागत भाषण देते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने कहा कि ऐसे साहित्यकारों का सानिध्य पाकर हम गौरांवित हैं और हृदय की गहराइयों से सभी अतिथियों एवं सदन में बैठे साहित्य प्रेमियों का स्वागत वंदन अभिनंदन करते हैं। वर्ष 2025 का रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान वरिष्ठ गीतकार रामकिशोर नाविक इटारसी को शाल ,श्रीफल, सम्मान निधि एवं सम्मान पत्र भेंट कर अतिथियों एवं वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, देव ऋषि गोहिया, हिमालय गोहिया द्वारा भेंट किया गया। साथ ही मुंबई से पधारे राजेश टैगोर सहित समस्त अतिथियों को प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश राय द्वारा स्व. गोहिया स्मृति साहित्य सम्मान समारोह पर बोलते हुए कहा कि स्व. रमेश भाई साहब सहज सरल और नेक दिल इंसान थे। उन्हें हम सदैव याद करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि राजेश टैगोर ने कहा कि उनका स्नेह और आशीर्वाद सदा हमारे साथ रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र श्रीवास्तव ने स्व. रमेश गोहिया के व्यक्तित्व पर आधारित रचना सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। अध्यक्षता कर रहे पंडित शैलेश तिवारी ने भाई साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाई साहब ने छोटी-छोटी गोष्ठियों बड़े-बड़े कवि सम्मेलन के साथ साथ आकाशवाणी पर अपने गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया था। वह बहुत ही सरल व्यक्तित्व के धनी थे। वह गीतों के माध्यम से सदैव हमारे बीच रहेंगे। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से गीतकार रामनारायण राठौर, जयमल सिंह रजपाल, द्वारका बांसुरिया ,हरिश्चंद्र आर्य, हरिओम शर्मा, विनोद पंसारी, राजेश टैगोर, रामकिशोर नाविक इटारसी,हिमांशु शर्मा होशंगाबाद,संतोष सिसोदिया, हीरालाल शर्मा ,हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, जोरावर सिंह ,निर्मल पचौरी ,आकाश माथुर, आदित्य हरी गुप्ता ,राम सिंह परमार ,शैलेंद्र श्रीवास्तव , रामबार्ब सक्सेना, जितेंद्र नारोलिया,डॉ. विजेंद्र जायसवाल आदि मुख्य रूप से रहे । इस अवसर पर राज कुमार गुप्ता, पत्रकार सेख मुंशी, केजी बैरागी, पत्रकार आशीष गुप्ता, अशोक सोनी, डॉ अशोक पिचोनिया, प्रदीप चावड़ा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का आभार विनोद पंसारी ने माना।

# बहादुरपुर सरपंच की कारगुजारी, 20 ट्राली कोपरा डालकर निकाल लिए 8 लाख से अधिक रुपए

### मामला सांसद निधि से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत हुई ग्रेवल सड़क के निर्माण का

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिले की बहादुरपुर ग्राम पंचायत में सांसद निधि से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत हुई ग्रेवल सड़क में सरपंच द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है। एक वर्ष पूर्व स्वीकृत हुई इस सड़क में सरपंच ने बिना कोई कार्य किए फर्जी बिल लगाकर 8 लाख 19600 रुपए की राशि आहरित कर ली। जबकि मौके पर सरपंच ने महज कुछ हिस्से में 20 ट्राली कोपरा डलवाया है। इस कार्य के लिए सरपंच द्वारा आदर्श ट्रेडर्स मुंगावली के तीन फर्जी बिल लगाकर आठ लाख रुपए से अधिक की राशि आहरित की जा चुकी है। गौर करने वाली बात यह है कि शासन के नियमानुसार बिना कार्य किए कोई राशि आहरित नहीं की जा सकती। वहीं इस मामले में पंचायत सचिव से लेकर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री की भूमिका बेहद संदिग्ध नजर आ रही है। सवाल यह है कि उप यंत्री द्वारा बिना निरीक्षण किए सड़क निर्माण के संबंध में कैसे अप्रूवल दे दिया। वहीं सरपंच की पद मुद्रा से जो बिल लगाए गए हैं उनमें 5000/ रुपए प्रति ट्राली के मान से मुरम एवं कोपरा खरीदना दर्शाया गया है। जबकि जिले में मुरम क्रय विक्रय के लिए खनिज विभाग द्वारा कोई लीज आवंटित नहीं की गई है। इससे स्वतः स्पष्ट होता है कि सरपंच द्वारा इस कार्य में फर्जी बिलों का प्रयोग कर शासन की राशि डकारने का प्रयास किया गया।




### चार गुना कीमत के बिल लगाकर खाली कर रहा शासन का खजाना

बहादुरपुर सरपंच धर्मेंद्र खटीक द्वारा काम किए बिना ही तीन फर्जी बिल लगाकर राशि निकाल ली गई है। इन बिलों में 5000 हजार रुपए प्रति ट्राली के मान से कोपरा क्रय करना दर्शाया गया है। जबकि बाजार एक ट्राली मिट्टी युक्त कोपरा की औसतन कीमत 1000 रुपए प्रति ट्राली आंकी जाती है। इस तरह से सरपंच द्वारा औसतन कीमत से चार गुना अधिक कीमत के फर्जी बिल लगाकर शासन को लाखों रूपए का चूना लगाया जा रहा है। यहां हैरान करने वाली बात तो यह है कि सरपंच द्वारा बिलों में जिस दुकान से यह मुरम कोपरा खरीदना बताया गया है, उस दुकान संचालक ने कोपरा मुरम बेचने से साफ इंकार किया है। दुकानदार के अनुसार सरपंच ने उनसे सिर्फ बिल बनवाए थे।

### सचिव,उप यंत्री जनपद सीईओ की कार्य प्रणाली संदिग्ध-

सरपंच द्वारा कार्य किए बिना जिस तरह से फर्जी बिलों के माध्यम से राशि आहरित की गई है वह पंचायती राज अधिनियम के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसा नहीं है कि मामला अधिकारियों के संज्ञान में न हो,बावजूद इसके अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में मुंगावली जनपद सीईओ आलोक इटोरिया को फोन लगाकर जानकारी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उपयंत्री ने भी फोन नहीं उठाया। वहीं पंचायत इंस्पेक्टर एसपी माहौर ने बताया कि कृषि उपज मंडी से गौशाला तक डलने वाली ग्रेवल सड़क की जो राशि आहरित की गई है, मेरे हिसाब से उतना काम हो गया है। उक्त सड़क के लिए 20 लाख रुपए की राशि सांसद निधि से स्वीकृत है।

### इनका कहना है.....

कृषि उपज मंडी से गौशाला तक डलने वाली ग्रेवल सड़क की जो राशि आहरित की गई है, मेरे हिसाब से उतना काम हो गया है, उक्त सड़क के लिए 20 लाख रुपए की राशि सांसद निधि से स्वीकृत है।

**एसपी माहौर,पंचायत इंस्पेक्टर, जनपद पंचायत मुंगावली।**

कोपरा मुरम का काम नहीं करते, पंचायत वाले बिल ले जाते हैं,वो ही भरकर लगा देते हैं। कंपोजिशन स्कीम में, गवर्नमेंट की स्कीम है। उसमें एक परसेंट जमा रहती है,गवर्नमेंट ही करती है। गवर्नमेंट के थ्रो फर्म है, प्राइवेट फर्म नहीं है।

**आदर्श ट्रेडर्स, मुंगावली।**

# पंद्रह सूत्रीय मांगों लेकर सीएम के नाम दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ सीहोर

अपनी पंद्रह सूत्रीय मांगों लेकर सोमवार को आशा ऊषा संयुक्त मोर्चा की सैकड़ों कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। भोपाल नाका से बस स्टेड जाने वाली प्रमुख फोरलेन सड़क पर जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की कतारे लग गई तो अनेक वाहन चालको को रास्ता बदल कर जरूरी स्थान तक जाना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान भेदभावपूर्ण तरीके से आशा एवं पर्यवेक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान रोके जाने के विरोध में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। संयुक्त मोर्चा ने जिलाध्यक्ष चिंता चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को दिया। आशा ऊषा सहयोगिनी एकता यूनियन संयुक्त मोर्चा ने कहा कि 29 जुलाई 2023 को भोपाल में विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति तथा हजारों आशा एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में आयोजित महा सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा आशा एवं पर्यवेक्षकों के लिये 1,000 रुपये का वार्षिक वेतन वृद्धि करने की घोषणा की गई थी लेकिन आज तक इस घोषणा को पूरा नहीं किया गया है। जबकी इस संबंध में 2 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विधिवत आदेश जारी किया गया था। मुख्यमंत्री को घोषणा का लगभग 2 वर्ष होने को है इसके बावजूद विभाग एवं सरकार के द्वारा आशा एवं पर्यवेक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि के भुगतान को भेदभावपूर्ण तरीके से रोका जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाडी कर्मियों के लिये भी इसी तरह वार्षिक वेतन वृद्धि की घोषणा किया था उन्हें जुलाई 2024 से 1,000 रुपये वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन आशा एवं पर्यवेक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान को रोक कर रखा जा रहा है।

# करीला मेला के दायित्वों का निर्वहन अधिकारी पूर्ण उत्तर दायित्व के साथ करें: कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

आगामी रंगपंचमी पर 18 से 20 मार्च तक लगने वाले तीन दिवसीय वार्षिक करीला मेला का आयोजन तहसील बहादुरपुर के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेडा स्थित मां जानकी मंदिर करीला धाम में किया जायेगा। इस वार्षिक करीला मेला के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में जो दायित्व एवं जिम्मेदारी सौंपी गई है,उसका निर्वहन पूर्ण उत्तरदायित्वों के साथ करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री द्विवेदी ने कहा कि करीला मेला में आने वाले



श्रद्धालुओं को आने जाने से लेकर माता जानकी के दर्शन करने तक सभी व्यवस्थाएं बेहतर मिले यह सुनिश्चित किया जाए। मेला परिसर में लगने वाली दुकानों एवं झूलों का संचालन पूर्ण नियमानुसार कराया जाए। खाद्य पदार्थो की सघन जांच नियमित जारी रखी जाए। मेला पहुंच मार्गो की मरम्मत एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेला परिसर में पेयजल,विद्युत,स्वास्थ्य,खोया पाया केन्द्र की व्यवस्थाएं व्यवस्थित रूप से की जाए। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था,परिवहन तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। मेला परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन के तहत विभागों द्वारा शिकायतों के निराकरण की स्थिति तथा लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# एक्सीडेंट से मृतक आदिवासी परिवार को आष्टा न्यायालय से क्लेम के मिले 13 लाख में से 5.5 लाख के लगभग राशि दो वकिलों ने हड़पी वापस दिलाये जाने की मांग

### सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष खंगराले के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिला पीड़ित परिवार

सत्ता सुधार ■ सीहोर

आदिवासी पीड़ित आवेदिका सुनीता पत्नि कमलसिंह कोरकु मृतक पिता अनार सिंह कोरकु एंव माँ लीलाबाई कारकु, मृतक के बच्चे पूजा, भावना, सलोनी, सतीष निवासी ग्राम देवली, थाना व तहसील आष्टा, जिला सीहोर म.प्र. द्वारा सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में जिले के पुलिस अधीक्षक दीप कुमार शुक्ला से मिले। पीड़ित परिवार ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मृतक कमलसिंह कोरकु का एक्सीडेंट में निधन हो गया था। मृतक का क्लेम हेतु प्रकरण आष्टा न्यायालय में जिसकी पेरवी योगेन्द्र ठाकुर एवं सीताराम परमार द्वारा की गई थी। हाल ही में आष्टा न्यायालय द्वारा 13 लाख रूपये क्लेम राशि पीड़ित परिवार को दिये जाने के आदेश हुए, जिसमें 7.5 लाख रूपये मृतक की पत्नि तथा 4 बच्चे एवं मृतक के माता-पिता के नाम न्यायालय द्वारा बैंक आफ इंडिया में एफडी कराई गई तथा



शेष नगद राशि 5.5 रूपये दोनों वकिलों द्वारा हड़प लिये गये। पीड़ित परिवार द्वारा कई बार वकिलों से मेहंताना राशि कितनी लोगे के सम्बंध में पूछा गया और वकिलों द्वारा गोल-माल जवाब देते हुए कहा गया कि राशि मिलने पर बैठ कर बात कर लेगें। लेकिन क्लेम की राशि के आदेश होने पर 40 प्रतिशत के लगभग मेहंताना राशि हड़प ली गई। मृतक पत्नि द्वारा बताया गया कि पति के ईलाज दाह संस्कार तथा नुक्ता रोटी रसोई कार्यक्रम व बच्चों के शिक्षा व पालन पौषण के समय नाते रिश्तेदारों व गाँव के लोगों से उधार लेकर काम चलाया गया। क्लेम की राशि मिलने पर जिन लोगों से उधार लिया था वह घर के चक्कर लगा रहे हैं। जिसे लेकर पीड़ित आदिवासी महिला सुनीता बाई कोरकु सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में जिले के पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि आनन्द सिंह रजावत से मिले तथा आवेदन आष्टा बार काउंसलिंग न्यायालय अध्यक्ष एवं स्टेट बार काउंसलिंग हाईकोर्ट जबलपुर को भी आवेदन से अवगत कराया गया है।

**खुलासा** 24 घंटें में ही गिरफ्तार

# पारिवारिक विवाद के चलते की थी अपने ही जीजा की हत्या

सत्ता सुधार ■ खरगोन

जिले के बैडिया थानाक्षेत्र के ग्राम बागदा बुजुर्ग स्थित एक खेत में हत्या कर फेंके गए शव की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटें में ही सुलझाने का दावा किया है। इस मामले में मृतक के साले को गिरफ्तार किया है, जिसने पारिवारिक विवाद में अपने जीजा की हत्या का अपराध कबुला है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 9 मार्च 25 को बागदा बुजुर्ग के पास खेत में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। घटनास्थल पर परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया



मामला धारदार हथियार से हत्या करने का प्रतीत हुआ था। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये टीम का गठन किया जाकर हत्या के आरोपी की तलाश शुरु की गई। एफएसएल टीम, फिंगरप्रिन्ट टीम व डॉग स्क्राड के द्वारा भी घटना स्थल पर निरीक्षण कर मत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया। गठित पुलिस टीम ने मृतक के फोटो को आसपास के ग्रामो में सोशल मिडिया के माध्यम से प्रसारित किया, जिसके आधार पर देवसिंग उर्फ देवा पिता अंतरसिंग करजरे (40) निवासी ग्राम चैनपुर हाल मुकाम बैडिया के नाम से मृतक की शिनाख्त हुई। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर गोपनीय तरीके से मृतक के बारे में सूचना एकत्रित की गई। परिणामस्वरूप 08 मार्च की शाम मृतक देवीसिंग उर्फ देवा को अपने साले बादल रघुराम दागोडे निवासी बोरुट भीकनगांव के साथ शराब पीते देखे जाने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर बादल को चितल नदी रेल्वे ब्रिज के नीचे ग्राम बागदा से हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर पहले तो बादल पुलिस टीम को बार-बार गुमराह करते हुए स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा था, जिस पर संदेह होने लगा। अंततः सख्ती दिखाने पर वह टूट गया और पारिवारिक विवाद के चलते गुस्से में आकार अपने ही जीजा की हत्या की घटना को कारीत करना स्वीकार किया। बादल की निशानदेही पर हत्या के समय पहने हुए कपड़े व चाकू को जप्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# निरोगी काया अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में निरोगी काया अभियान 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का जिले में बेहतर क्रियान्वयन हो। साथ ही निरोगी काया अभियान अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डो में शिविरों का आयोजन किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निरोगी काया अभियान के आयोजन संबंधी बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर श्री द्विवेदी ने कहा कि निरोगी काया अभियान के दौरान स्क्रीनिंग के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न बीमारियों के लक्षण, उससे बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी जाए। इसके साथ ही



लोगों को संतुलित आहार, बेहतर खानपान, नियमित योग, प्राणायाम तथा व्यायाम करने की सलाह भी दी जाए। निरोगी काया अभियान के जिले के प्रतिदिन के स्क्रीनिंग लक्ष्य को पूरा करते हुए लक्षित व्यक्तियों की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही एसडीएम स्तर पर अभियान की सतत मॉनीटरिंग की जाए। उन्होने निर्देश दिये कि ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों की स्क्रीनिंग की समस्त जानकारी पोर्टल में फीड करायें तथा चिन्हित हितग्राहियों को दवाईयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करायें। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित इस अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### पॉश इलाके में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के ऑफिस में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने संदिग्धता के आधार पर पूछताछ शुरू कर दी है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, घटना साउथ तुकोगंज स्थित मानव ट्रेड सेंटर की है, जहां अभिजीत महाजन का ऑफिस है। वह दो दिन पहले रात में ऑफिस बंद करके गए थे। सुबह जब उनकी एक महिला कर्मचारी ऑफिस पहुंची तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और केबिन की दराजों के लॉक भी टूटे हुए थे। चोर ऑफिस से 50 हजार रुपए नकद, चांदी के कुछ आभूषण और एक सोने का पैडल चुरा ले गया। इसके बाद ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें एक संदिग्ध आरोपी नजर आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तुकोगंज में सीए के ऑफिस में चोरी:पॉश इलाके में दिया वारदात को अंजाम

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के ऑफिस में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने संदिग्धता के आधार पर पूछताछ शुरू कर दी है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, घटना साउथ तुकोगंज स्थित मानव ट्रेड सेंटर की है, जहां अभिजीत महाजन का ऑफिस है। वह दो दिन पहले रात में ऑफिस बंद करके गए थे। सुबह जब उनकी एक महिला कर्मचारी ऑफिस पहुंची तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और केबिन की दराजों के लॉक भी टूटे हुए थे। चोर ऑफिस से 50 हजार रुपए नकद, चांदी के कुछ आभूषण और एक सोने का पैडल चुरा ले गया। इसके बाद ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें एक संदिग्ध आरोपी नजर आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हीरानगर क्षेत्र में भी चोरी की वारदात हुई, जहां महिला प्रोफेसर के घर चोरों ने धावा बोला। इस मामले में पीड़िता ने रविवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, नमिता हिरवानी, जो पेशे से प्रोफेसर हैं, ने बताया कि रात में घर के सभी सदस्य सो रहे थे। सुबह नींद खुलने पर अलमारी का लॉक टूटा मिला। जांच करने पर पता चला कि अलमारी से दो सोने की अंगूठियां, बिछिया और आर्टिफिशियल गहने समेत अन्य कीमती सामान चोरी हो गया।

### हत्या के बाद इंदौर के एमआईजी में चक्काजाम

**इंदौर।** एमआईजी में क्रिकेट मैच के जुलूस के बाद आपसी रंजिश के चलते केटरिंग कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रात में इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि बचाव में मृतक की मां आई थी। उन्हें चाकू हाथ में लगा इसके बाद बेटा बीच में आया। जिसमें बदमाशों ने उसे चाकू मार दिए। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोगों ने एमआईजी इलाके में चक्काजाम कर दिया। दरअसल महेश (27) पुत्र शंकर बामनिया को सूरज पुत्र संतोष निवासी नयाबसेरा, आशू उर्फ आशुतोष पुत्र संतोष और राम ने चाकू मार कर हत्या कर दी।

---

### पुलिस ने रात में इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया

# हत्या के बाद एमआईजी में चक्काजाम, परिजन बोले- बदमाशों ने घरों से निकलना मुश्किल कर दिया

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

एमआईजी में क्रिकेट मैच के जुलूस के बाद आपसी रंजिश के चलते केटरिंग कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रात में इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि बचाव में मृतक की मां आई थी। उन्हें चाकू हाथ में लगा इसके बाद बेटा बीच में आया। जिसमें बदमाशों ने उसे चाकू मार दिए। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोगों ने एमआईजी इलाके में चक्काजाम कर दिया। दरअसल महेश (27) पुत्र शंकर बामनिया को सूरज पुत्र संतोष निवासी नयाबसेरा, आशू उर्फ आशुतोष पुत्र संतोष और राम ने चाकू मार कर हत्या कर दी। महेश नया बसेरा इलाके का रहने वाला था। परिवार ने बताया कि रविवार रात को भारत-न्यूजीलैंड मैच के बाद महेश जुलूस में निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर पुरानी रंजिश के चलते सूरज से उसका सामना हो गया। सूरज ने उसकी छाती पर चाकू से हमला कर दिया।महेश के पिता कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। पुलिस ने देर रात हत्या की जानकारी लगने पर कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।





#### मां भी हुई घायल

पुलिस की एफआईआर के मुताबिक मरूबाई पर महेश से हो रहे विवाद में बचाव करने पहुंची। इस दौरान आरोपियों ने चाकू निकाला। मरूबाई के हाथ में चाकू लगा। जब महेश बीच में आया तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई।

#### परिजन बोले- बच्चियां-महिलाओं को रास्ते में रोकते हैं, धमकाते हैं

महेश के परिजनों ने पुलिस से कहा कि हमारे इलाके में आए दिन घटनाएं घट रही हैं। छोटी बच्चियां निकले, महिलाएं निकले कमेंट करते हैं। और सभी को ऐसे दबाकर रखते हैं, जैसे इलाके पर उन्होंने कब्जा कर रखा हो। लोगों को चाकू लेकर चमकाना, मारना रोज की बात है। इसके पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। बेचारे पुलिस को रिपोर्ट करने में भी डरते हैं। रास्ते में रोककर परेशान करते हैं। फोटो -02 ≈ हत्या के आरोपी सूरज पुत्र संतोष, आशू उर्फ आशुतोष पुत्र संतोष और राम।

---

# इंदौर में होगी लट्ठ मार होली, 8 हजार किलो टेशू के फूलों से तैयार होगा गुलाल

### रंगपंचमी पर गेर निकालने की परंपरा वर्षों पुरानी, गेर में आने का दे रहे निमंत्रण

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

शहर में रंगपंचमी पर गेर निकालने की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। लोगों को गेर में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। यह गेर टोरी कॉर्नर से शुरू होकर राजबाड़ा तक पहुंचेगी, जहां इसका भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा। लाखों लोग दूर-दूर से इसे देखने आते हैं, और बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस उत्सव का आनंद उठाते हैं। विभिन्न संस्थाएं अपनी-अपनी पारंपरिक गेर निकालती हैं। संस्था सृजन संगम कार्नर चल समारोह समिति के नाम से गेर निकालती आ रही है। इस बार समिति की परंपरागत समरसता गेर का 75वां वर्ष रहेगा। संस्था के अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल और संयोजक महेश दलोदरा ने बताया कि इस वर्ष गेर में प्रमुख आकर्षण बरसाना की लट्ठमार होली होगी, जिसे एक विशेष टीम प्रस्तुत करेगी। साथ ही, भगवान राधा-कृष्ण की जोड़ी रासलीला करेगी, और बांके बिहारी का विशालकाय ढोल मुख्य आकर्षण रहेगा। देशभक्ति और सद्भावना के संदेश के साथ युवाओं की टोली भांगड़ा करती हुई चलेगी।



#### 200 फीट ऊंचाई तक पानी की बौछार

गेर के दौरान एक ओर जहां डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आएंगे, वहीं 200 फीट ऊंचाई तक पानी की मिसाइलें छोड़ी जाएंगी, जो श्रद्धालुओं को भिगोएंगी। राजबाड़ा पर 8,000 किलो टेसू के फूलों से बने गुलाल से तिरंगे की आकृति उकेरी जाएगी। पृथ्वी मिसाइल से सुगंधित गुलाल उड़ाकर लोगों का स्वागत किया जाएगा, जबकि अग्नि मिसाइल से गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई जाएंगी।

#### मालवा की पगड़ी पहनाकर होगा स्वागत

गेर शुरू होने से पहले, इसके सभी पुराने आयोजकों का मालवा की पगड़ी पहनाकर सम्मान किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, विधायक रमेश मेंदोला, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, सांसद शंकर लालवानी, राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन, विधायक हेमंत खंडेलवाल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संत समाज भी इस आयोजन में आशीर्वाद देने पहुंचेगा।

#### कोचिंग-कॉलेज से लेकर सोशल मीडिया तक दिया जा रहा निमंत्रण

गेर के सुचारू संचालन के लिए 25 समितियों के 500 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, जनता को स्वच्छता बनाए रखने और त्योहार को शालीनता से मनाने का संदेश दिया जा रहा है। इस ऐतिहासिक गेर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। एक लाख से अधिक युवाओं को घर-घर, कोचिंग संस्थानों, कॉलेजों, व्यापारिक क्षेत्रों और आसपास के गांवों में जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का अभियान चल रहा है।

---

# हमेशा दूसरों के लिए नहीं कभी खुद के लिए भी खुलकर जीएं

**सत्ता सुधार ■ धामनोद**

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल धामनोद में आज बहुत ही सम्मान के साथ समस्त नारी शक्ति का दिन वूमेंस डे मनाया गया। विद्यालय की महिला स्टाफ के लिए आज विद्यालय के सभी पुरुष स्टाफ ने एकजुट होकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिक्षिकाएं विद्यालय में उपस्थित हुई उन पर फूलों की वर्षा के साथ उनका स्वागत किया। विद्यालय के संचालक विजय पारीक, विजय गाड्या, प्रधानाचार्य धीरज जायसवाल तथा कॉर्डिनेटर रफीक अंसारी व सौरभ उपाध्याय ने पुष्प गुच्छ व ग्रीटिंग कार्ड, जिसमें शिक्षिकाओं के व्यक्तित्व से संबंधित कविताएं लिखी गई थी भेंट किया। इसी तारतम्य में विद्यालय के संचालक विजय पारीक ने समस्त नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति क्या होती है उसका आभास कराते हुए कहा कि हमें अपने आत्मसम्मान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जब हम अपने आप को ,अपने काम को सम्मान देंगे तभी दूसरे हमें सम्मान देंगे। हम अपने घर ,परिवार,अपने कार्यस्थल, सभी के लिए बहुत कुछ करते हैं लेकिन जब बात स्वयं की आती है तो महिलाएं अपनी इच्छाओं को, अपने सपनों को कभी महत्व नहीं देती है। आप ऐसा ना करें खुद के लिए भी थोड़ा समय निकालें, खुद के लिए हंसे, खुद के लिए जिएं। जब आप खुश होंगे तब आपका परिवार भी खुश रहेगा। शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय की कर्मचारी दिदियां जो दिन भर विद्यालय परिवार के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करती है उनका भी सम्मान किया गया। स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### महिला प्रोफेसर के घर में चोरी

**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में भी चोरी की वारदात हुई, जहां महिला प्रोफेसर के घर चोरों ने धावा बोला। इस मामले में पीड़िता ने रविवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, नमिता हिरवानी, जो पेशे से प्रोफेसर हैं, ने बताया कि रात में घर के सभी सदस्य सो रहे थे। सुबह नींद खुलने पर अलमारी का लॉक टूटा मिला। जांच करने पर पता चला कि अलमारी से दो सोने की अंगूठियां, चार चांदी के कड़े, चांदी की पायल, बिछिया और आर्टिफिशियल गहने समेत अन्य कीमती सामान चोरी हो गया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस चोरी की जांच में जुटी है।

---

# श्री मुनिसुव्रत नाथ महिला मंडल का स्वास्थ्य परिक्षण शिविर

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर तुलसी नगर में रविवार को जिनालय स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्री मुनिसुव्रत नाथ महिला मंडल (मैत्रीयम) तुलसी नगर के तत्वाधान में एक स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन विभिन्न धार्मिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। महिला मंडल की संरक्षिका मालती दिनेश कुमार जैन द्वारा बताया गया कि इस शिविर के अंतर्गत शहर के विभिन्न चिकित्सक एवं विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर के अंतर्गत एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं अर्हम् ध्यान योग, हीलिंग आदि सभी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से तुलसीनगर, महालक्ष्मी नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लगभग 170 मरीज लाभांवित हुए! सभी का स्वास्थ्य परीक्षण व मार्गदर्शन दिया गया! सभी चिकित्सक जिसमें नाक कान एवं गला रोग विशेषज्ञ,छाती दमा एलर्जी टीबी रोग विशेषज्ञ,नेत्र रोग विशेषज्ञ दंत चिकित्सक, जनरल फिजिशियन, होम्योपैथिक चिकित्सा से संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे एवं अर्हम् ध्यान योग एंव हीलिंग के बारे में प्रमाणिक सारिका नवनीत जैन द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जीव दया परमार्थ जनकल्याण समिति द्वारा आयुर्वेदिक औषधि एवं आयुर्वेदिक ई मलहम ,एवं लेप का वितरण किया गया। प्रियंका अनुज जैन द्वारा सभी चिकित्सकों का परिचय दिया गया। सुमन आरके जैन एवं अध्यक्ष छाया महावीर जैन द्वारा सभी चिकित्सकों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला मंडल की सभी सदस्य एवं समाज जन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद, इंदौर के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने दी।



---

# डॉ. वीणा बरडे का किया सम्मान



**धामनोद।** रोटरी क्लब द्वारा शनिवार को महिला दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा बरडे का सम्मान किया। शनिवार शाम 5 बजे के बाद क्लब सदस्यों ने कॉलेज जाकर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान पर उनका पुष्पहार से स्वागत कर सम्मान पत्र, शाल, गिफ्ट और मिठाई देकर सम्मानित किया। सम्मान पत्र का वचन रोटरी क्लब सचिव शैलेंद्र जायसवाल ने किया। क्लब अध्यक्ष मनीष छाबड़ा ने बताया कि कॉलेज में अपनी सेवाओं से डॉ. बरडे ने एक अलग ही स्थान बनाया है।और सेवा देने के लिए वे हमेशा तैयार रहती है। सम्मान से अभिभूत डॉ. बरडे ने सब का आभार मानते हुए कहा कि ये मेरे लिए गौरव का पल है। हम जिस शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े है वहा सब बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी हैं। यह अगर नजर आता है तो ये काफी अच्छा है। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष मनीष छाबड़ा,सचिव शैलेंद्र जायसवाल,महेंद्र राठौड,सुनील मिश्रा, अरविंद राठौड़ सहित कॉलेज स्टाफ सदस्य उपस्थित था।

---

## जश्न

### क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर की आतिशबाजी, राजबाड़ा पर तिरंगा लेकर पहुंचे

# भारत की जीत के जश्न पर इंदौर में मनी दीपावली

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल जीत लिया। जीत के साथ ही इंदौर में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। लोग घरों से बाहर निकलकर जमकर आतिशबाजी करने लगे। छोटे-बड़े रॉकेट छोड़कर लोगों ने जश्न मनाया, जिससे माहौल दीपावली जैसा नजर आया। क्रिकेट प्रेमी अपनी गाड़ियों पर सवार होकर इंदौर के हृदय स्थल राजबाड़ा पहुंच गए। कई लोग पहले ही वहां जुट गए थे और भारत की जीत का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही भारत विजयी हुआ, राजबाड़ा पर भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। हाथों में तिरंगा थामे क्रिकेट प्रेमी जश्न मनाते नजर आए। भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर रास्तों को नियंत्रित किया गया और बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए।



#### ढोलक की थाप पर जमकर थिरके

भारत की जीत के साथ युवाओं की टोलियां गाड़ियों पर ढोलक और तिरंगा लेकर राजबाड़ा पहुंची। ढोलक की थाप पर युवा जमकर थिकरते रहे। परिवार के साथ भी लोग इस जश्न में शामिल हुए। सभी एक-दूसरे को भारत की जीत की बधाई दे रहे थे। बड़ों से लेकर बुजुर्ग सभी भारत की जीत के रंग में रंगे नजर आए। कोई सीटियां बजा रहा था तो कोई राजवाड़ा पर पटाखे फोड़ रहा था। वहीं दूसरी तरफ घरों में भी जीत का जश्न लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मनाया। लोगों ने अपने घरों के बाहर भी पटाखे फोड़े। भारत-न्यूजीलैंड के मैच के दौरान तो क्रिकेट प्रेमी घरों में टीवी के सामने डटे रहे। जैसे-जैसे मैच रोमांचक होता गया क्रिकेट प्रेमियों के दिल की धड़कने भी तेज होती चली। जैसे ही भारत ने मैच जीता वैसे ही क्रिकेट प्रेमियों का हुजूम राजबाड़ा जाने के लिए निकल गया। रास्ते में जय-जय सियाराम के नारे लगाते हुए युवाओं की टोलियां नजर आई। रविवार होने से लोग अपने परिवार के साथ भी यहां पहुंचे और जीत के जश्न में शामिल हुए। इंदौर के कोने-कोने से लोग जश्न मनाने के लिए राजबाड़ा पहुंचे। हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी राजबाड़ा पर जश्न मानने पहुंचे। शहर का पूर्वी क्षेत्र हो या पश्चिमी सभी क्रिकेट प्रेमी राजबाड़ पर जाकर भारत की जीत का जश्न मनाने और उसे अपने मोबाइल में कैद करने पहुंचे।

---

# होटल संचालक और स्टाफ ने दूध व्यवसायी को पीटा

**इंदौर।** हीरानगर में रविवार रात एक दूध व्यवसायी और उसके दो दोस्तों को एक होटल संचालक और उसके स्टाफ ने बुरी तरह पीटा। इस मामले में पुलिस ने देर रात शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। हीरानगर पुलिस ने अभय परमार की शिकायत पर ए.जे. ग्लोबल होटल के संचालक प्रेम सैनी और उनके कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। अभय ने बताया कि, रात करीब साढ़े बारह बजे वह अपनी गाड़ी से घर पहुंचे थे। उनके साथ उनके दोस्त रूद्र और प्रियांशु भी थे।

इस दौरान होटल की ओर से किसी ने उनके घर के पास बाइक खड़ी कर दी थी। अभय ने बाइक हटाने की बात कहकर घर के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वे दोबारा बाहर आए, तो होटल संचालक प्रेम सैनी और उनके कर्मचारियों ने उन्हें अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडों और बेसबॉल के बल्ले से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव कर रहे उनके दोस्तों को भी पीटा गया। सोमवार को स्थानीय निवासी एकत्रित हुए। उन्होंने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि, होटल में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

# बिना जीएसटी के प्रतिदिन दिल्ली आगरा से आ रहा करोड़ों रुपए का परचून

## एक दर्जन से अधिक ट्रांसपोर्ट पर आ रही गुटका मसाला पाउच की गाड़ियां

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जीएसटी विभाग की अनदेखी के कारण केंद्र और राज्य सरकार को मुरैना के व्यापारी भारी जीएसटी का चूना लगा रहे हैं और प्रतिदिन करोड़ों रुपए का परचून तथा अन्य सामान मुरैना में ट्रकों के द्वारा ट्रांसपोर्टर के माध्यम से मंगाया जा रहा है। जीएसटी की चोरी कर व्यापारी लाखों रुपए बचा रहे हैं। जीएसटी विभाग इस और क्यों करवाई नहीं कर रहा यह समझ से परे है, जबकि मुरैना में करोड़ों रुपए का माल प्रतिदिन ट्रांसपोर्टर के माध्यम से आता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुरैना शहर में प्रतिदिन एक सैकड़ा से अधिक ट्रकों में प्रतिदिन परचून, गुटखा मसाला, जूता, कपड़ा आदि माल भरकर दिल्ली आगरा



मथुरा से आ रहा है और ट्रांसपोर्ट पर माल उतर रहा है, लेकिन जीएसटी विभाग कहां सो रहा है, यह किसी को नहीं पता। मुरैना के तमाम व्यापारी बिना जीएसटी का भुगतान किए फर्जी बिल के माध्यम से प्रतिदिन लाखों रुपए का माल मंगा रहे हैं और जमकर जीएसटी की चोरी कर रहे हैं। मुरैना शहर में जीएसटी विभाग की अभी तक कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिली है, जिससे ऐसा लगता है कि व्यापारियों को संरक्षण मिला हुआ है। सूत्र बताते हैं कि शहर के माल गोदाम, जीवाजी गंज एवं मिल एरिया रोड पर संचालित ट्रांसपोर्ट पर अवैध तरीके से माल आ रहा है और जीएसटी विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं है। जीएसटी विभाग के अधिकारी अगर गोपनीय तरीके से इनकी जांच करें तो बड़ी जीएसटी चोरी पकड़ी जा सकती है। गौरतलब बात यह है कि पुलिस इस पर कार्रवाई करती है तो पुलिस पर वसूली के आरोप लगा दिए जाते हैं, जबकि यह कार्य जीएसटी डिपार्मेंट का है, लेकिन इस विभाग के अधिकारी कर्मचारी नींद में सोए हुए हैं।

### आगरा में जीएसटी टीम ने की थी बड़ी कार्रवाई

हर प्रदेश, हर जिले में जीएसटी डिपार्मेंट के अधिकारी कर्मचारी पदस्थ हैं। बताया जाता है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के आगरा में जीएसटी विभाग की टीम ने गोल्ड मोहर कंपनी पर छापा मारकर बड़ी जीएसटी चोरी पकड़ी थी, जिससे वहां के व्यापारियों में हड़कंप मच गया था। मुरैना जिले में अवैध रूप से जीएसटी की चोरी कर प्रतिदिन करोड़ों रुपए का माल मंगाया जा रहा है, लेकिन यहां कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।

### नेता प्रतिपक्ष कंसाना का संघर्ष रंग लाया

# कमिश्नर ने अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व वसूली में लगाया

सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर निगम मुरैना में नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना द्वारा निगम सरकारी कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे भारी भ्रष्टाचार तथा राजस्व वसूली न होने के संबंध में लगातार मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन को शिकायत की। राज्य शासन द्वारा नेता प्रतिपक्ष की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम कमिश्नर को पत्र लिखे गए। इसके बाद अब नगर निगम कमिश्नर द्वारा अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक कर राजस्व वसूली के कड़े निर्देश दिए और सभी को दफ्तर छोड़कर नगर निगम की वसूली के काम में लगा दिया है। आखिरकार नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना का संघर्ष रंग लाया और कई अधिकारियों के स्थानांतरण भी मुरैना से हो गए। नेता प्रतिपक्ष श्री कंसाना द्वारा की गई शिकायतों एवं नगरीय प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा एक्शन लिए जाने के पश्चात अब नगर निगम कमिश्नर द्वारा अधिकारी कर्मचारियों पर लगाम कसी गई है। हाल ही में एक बैठक आयोजित कर सभी राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों को एक से लेकर 47 वार्ड तक हर घर में जाकर जलकर, प्रकाश कर, संपत्ति कर आदि की वसूली करने के निर्देश दिए, जिसके पश्चात अब पिछले तीन दिन से अधिकारी कर्मचारी वार्डों में घूम कर वसूली करने में जुटे



हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष श्री कंसाना ने कहा है कि डोर टू डोर वसूली के पश्चात प्रत्येक वार्ड मे शिविर लगाकर वसूली की जाएगी एवं शिविर के दौरान ही आम जनता के कामों का निपटारा भी किया जाए। उन्होंने कहा है कि लोगों के नामांतरण एवं अन्य कार्य शिविर के माध्यम से मौके पर ही निपटाए जाएं, ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने शहर विकास के लिए भी नगरीय प्रशासन को पत्र लिखे है और कहा है कि विकास के मामले में मुरैना शहर काफी पीछे है और अव्यवस्थाओं में घिरा हुआ है।

## ब्रीफ न्यूज



### कैलारस थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**कैलारस।** पुलिस थाना कैलारस में होली के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन रखा गया, जिसमें थाना प्रभारी वीरेश कुशवाहा ने शहर के नागरिकों से होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की है। बैठक के दौरान थाना प्रभारी वीरेश कुशवाहा ने शहर की व्यवस्थाओं के बारे में आम लोगों से विचार विमर्श कर शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी वीरेश कुशवाहा, उप निरीक्षक संतोष बाबू गौतम, उप निरीक्षक हिमांशु यादव, उप निरीक्षक राम मंत्र गुप्ता, उप निरीक्षक आशा, भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र शुक्ला, बृजमोहन मरैया, नरहरि शर्मा, राजाराम जाटव ठेकेदार, कैलाशी अग्रवाल, बृजेश शुक्ला वैष्णव, साबुद्दीन खान, शिक्षक बीएससी खान, वीरेंद्र बसेड़िया पूर्व पार्षद, भागीरथ अग्रवाल बिजली विभाग कैलारस, शहर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

### ट्रक में क्रूरता पूर्वक भरे 41 मवेशी जब्त

**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक से क्रूरता पूर्वक भरे गए 41 मवेशियों को बरामद किया। यह कार्रवाई ऊमरी चौकी प्रभारी अशोक गुर्जर और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर की। जानकारी के अनुसार, बाबू सरदार की होटल, कंजा तिराहा, पाटई के पीछे खड़े एक ट्रक आरजे-11-जीसी-5652 में ठूंस-ठूंस कर भैंस और छोटी पड़यों को भरा गया था, जिन्हें अवैध रूप से कटने के लिए ले जाया जा रहा था। मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने ट्रक को खुलवाकर जांच की, जिसमें 22 भैंस और 19 छोटी पड़ियां पाई गई। इनमें से कुछ मवेशी घायल भी थे। मौके पर चालक फरार हो गया, जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को अभिरक्षा में लेकर चौकी पहुंचाया। सभी मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखकर चिकित्सा जांच करवाई गई। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ), 11(ङ), 11(च) के तहत मामला दर्ज कर ट्रक और मवेशियों को जब्त कर लिया है।

### दलित युवक की बारात रोककर...

# मारपीट करने वालों को पुलिस दे रही संरक्षण, पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

विगत 6 मार्च को पोरसा थाना क्षेत्र के मोती सिंह का पूरा में दलित की बारात रोक कर मारपीट करने वालों पर पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन दो दिन पश्चात एसडीओपी द्वारा मिली भगत कर आरोपियों की तरफसे दलितों पर ही मामला दर्ज करवा दिया गया। इस मामले में बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने पीड़ितों के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है और पुलिस द्वारा दर्ज की गई तमाम झूठी रिपोर्ट को ज्ञापन में अंकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजवीर सखवार पुत्र बदलूप्रसाद सखवार उम्र 55 साल निवासी गुरुद्वारा मोहल्ला अम्बाह 6 मार्च को अपने लड़के वेदप्रकाश की बारात पोरसा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मोती सिंह का पुरा में सुरेश जाटव के यहां लेकर जा रहे थे। बारात को मोती सिंह के पुरा वाली रोड़ पर इक्ठठी करके चढ़ाई करने के लिए डीजे के साथ लड़के को घोड़ी पर बिठाकर लड़की वाले के दरवाजे पर रोड होकर जा रहे थे, तभी रास्ते में तहसीलदार सिंह तोमर, करु सिंह तोमर, छोटू उर्फ आशीष तोमर मोनू तोमर इन लोगो ने आकर बारात को रोका और कहा कि हमारे दरवाजे के सामने से दूल्हा घोड़ी पर बैठकर नहीं जायेगा और न ही डी.जे. बजेगा। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा मारपीट की गई और जातिगत गालियां दी गई। जिसकी रिपोर्ट पोरसा थाने में दर्ज हुई है और पुलिस द्वारा स्वयं बारात को दरवाजे तक छोड़ा गया। बसपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और बताया कि इस मामले में पुलिस के द्वारा कोई भी उचित कार्यवाही नहीं की है और न ही अपराधियों को आज दिनांक तक गिरफ्तार किया गया है। इसके विपरीत अंबाह एसडीओपी रवि भदौरिया के संरक्षण व मिलीभगत से राजीनामा कराने के उद्देश्य से मेरे ऊपर दवाब बनाने के लिए उक्त मामले में 02 दिन बाद बिना जांच व प्रमाणित साक्ष्य के उनके ऊपर मामला दर्ज कर दिया गया। बसपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है।

### पेपर देने जा रहे 10वीं के छात्र को दो दर्जन छात्रों ने लाठी डंडों से पीटकर किया घायल



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मैन्युअल स्कूल में परीक्षा देने जा रहे दसवीं क्लास के छात्र की दो दर्जन लड़कों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी नहीं मिले। घायल युवक ने उपचार के बाद पुलिस थाने में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि आशीष नामक 10वीं क्लास का छात्र सोमवार की सुबह न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मैन्युअल स्कूल में पेपर देने जा रहा था। वह स्कूल के पास पहुंचा ही था कि तभी दो दर्जन लड़कों जिनमे कुणाल शर्मा एवं शिवम शामिल थे, उनके द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से उसकी जमकर मारपीट की तथा घायल कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। इधर घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार किया गया। पुलिस द्वारा आशीष की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जिले में आए दिन अवैध हथियारों का प्रदर्शन

## आखिर कहां से आ रहे हथियार, पुलिस तंत्र हुआ फैल, फिर हुआ वीडियो वायरल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन का एक और वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो जिले के जौरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जिसमें युवक पलंग पर अवैध कट्टा कारतूस के साथ खेल खेल रहा है और सिगरेट से धुएं के छल्ले उड़ा रहा है। पिछले डेढ़ दशक से मुरैना जिले में अवैध हथियारों का कारोबार चरम सीमा पर पहुंच चुका है, लेकिन पुलिस अब तक हथियारों के सप्लायरों और कारखाने तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस की नाकामी के कारण जिले में अवैध हथियारों का प्रदर्शन आए दिन देखने को मिल रहा है तथा पुलिस का कोई खौफन होने के कारण लोग सोशल मीडिया पर भी इन्हें वायरल कर रहे हैं। एक बार फिर से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक युवक पलंग पर सिगरेट के छल्ले उड़ाते हुए अवैध कट्टो एवं कारतूस का खतरनाक तरीके से प्रदर्शन कर रहा है और वीडियो बना रहा है। यह वीडियो जौरा थाना क्षेत्र के भटियारा गांव निवासी सत्येंद्र सिंह सिकरवार का बताया जा रहा है, जिस पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। इस प्रकार जिले में आए दिन हर्ष फायरिंग एवं हथियारों के प्रदर्शन के वीडियो



सोशल मीडिया पर देखने को मिल रहे हैं और यह वीडियो पुलिस को चुनौती भी दे रहे हैं कि रोक सको तो रोक लो। उल्लेखनीय बात यह है कि पिछले डेढ़ दशक से भी अधिक समय से मुरैना जिले में अवैध हथियारों की सप्लाई एवं निर्माण का काम हो रहा है और पुलिस कई बार कारखाने पकड़कर अपनी पीठ थपथपाती है, लेकिन अब तक यह पता नहीं कर पाई कि आखिर हथियार जिले की सीमा में कहां से आ रहे हैं और कैसे आ रहे हैं तथा जिले में निर्माण कहां हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस का मुखबिर तंत्र पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है और अधिकारियों को अवैध कारोबारों की कोई सूचना नहीं मिल पा रही।

# सामाजिक छवि धूमिल करने वालों पर कार्रवाई करने महिला नेत्री ने एसपी को दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना की ब्लॉक अध्यक्ष आशा बेहकुरिया द्वारा सोमवार को पुलिस अधीक्षक समीर सौरव को ज्ञापन देकर छवि धूमिल करने वाले दो आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस नेत्री आशा ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में बताया कि उम्मेद सिंह कुशवाह पुत्र रामभरोषी कुशवाह निवासी बिस्मिल नगर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक आवेदन दिया था, जिसमें उम्मेद सिंह ने एक महिला अनुराधा गुप्ता शिवहरे जो अपने आप को कभी पत्रकार तो कभी वकील बताती है, के साथ मिलकर न केवल अपनी दूसरी पत्नी दीपिका (शासकीय शिक्षिका) पर अनर्गल आरोप लगाए हैं, बल्कि मुझ पर भी झूठे, मिथ्या आरोप लगाकर मेरी सामाजिक छवि धूमिल कर मानसिक क्षति पहुंचने का कृत्य किया है। जबकि उक्त व्यक्ति उम्मेद सिंह को न तो कभी हम मिले हैं और न कभी कॉल पर बात हुई है। बावजूद इसके ये व्यक्ति हमें कैसे जानता है और किसके इशारे पर झूठे आरोप लगा रहा है। इतना ही नहीं बल्कि अनुराधा गुप्ता नामक महिला अपनी फेसबुक पर वीडियो तथा पोस्ट के माध्यम से भी हमारी सामाजिक छवि धूमिल कर रही है। कांग्रेस नेत्री ने पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ डीजीपी मध्य प्रदेश को भी अपना पत्र भेजा है और आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मुरैना।** जीआरपी थाना अंतर्गत सोमवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि रेलवे ट्रैक पद्दी पुरा के पास अंकित नामक युवक की लाश मिली है। सूचना मिलने पर जीआरपी एवं सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा युवक के शव को पीएम हेतु भेजा गया। जीआरपी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



# पत्नी व ससुर पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी बना रहा दबाव, पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिविल लाइन थाना अंतर्गत गुरुकुल स्कूल वाली गली बिस्मिल नगर मुरैना में 18 फरवरी को दतहरा में पदस्थ शिक्षिका दीपिका कुशवाह एवं उसके पिता पर पति ने जानलेवा हमला कर दिया और जमीन पर पटककर गला दबाकर मारने की कोशिश की। पुलिस द्वारा मामला तो दर्ज कर लिया गया, लेकिन अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और आरोपी द्वारा लगातार शिक्षिका एवं उसके पिता को धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित पिता व बेटी ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए शिक्षिका दीपिका कुशवाह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में मेरे पति तथा ससुरालीजनों से पारिवारिक विवाद चल रहा है जो मामला न केवल पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक चंबल संभाग के कार्यालय तक पहुंच चुका है बल्कि उक्त मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज की जा चुकी है। जिसको लेकर मेरे पति तथा उसके परिजनों द्वारा लगातार मेरी व मेरे पिता एवं भाई की मारपीट की गई है और लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है, परंतु आज दिनांक तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बल्कि उसके बाद भी मेरे पिता व भाई के साथ मारपीट की गई है एवं मुझ पर भिन्न-भिन्न प्रकार से दबाव डलवाया जा रहा है। पति के कारण महिला शिक्षक शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक प्रताड़ना से परेशान है। महिला शिक्षक ने पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि परिवार की जान माल की सुरक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द प्रभावी कार्यवाही कर न्याय दिलावें, अन्यथा उसे आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**दहशत** ग्रामीणों को लगा कि कहीं कोई बम फटा है या फिर मिराज क्रैश हुआ है

# तीन थाना क्षेत्र में ऐसा धमाका कि लोग दहशत में आ गए, पुलिस मौके पर पहुंची

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के तीन थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में सोमवार की सुबह तेज धमाके की आवाज में ग्रामीणों को चौंका दिया, वहीं पुलिस थानों के इंचार्ज भी इसके गवाह बने हैं और उन्होंने भी आवाज सुनी। जांच पड़ताल के लिए पुलिस के दल ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे तो पता चला कि मिराज विमान से कोई रॉकेट नुमा चीज छोड़ी गई, जो धरती और आसमान के बीच फट गई तथा तेज धमाका हुआ। मुरैना में जोर के धमाके की आवाज सुनाई दी है, धमाका इतना तेज था कि जौरा, बागचीनी तथा सरायछौला क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि धमाका इतना तेज था, जैसे कोई बम फटा हो। घटना सोमवार 11 बजे के लगभग बताई गई है। मुरैना, जौरा व बागचीनी क्षेत्र के हडबांसी, जारह, सांटा तथा सराय छोला क्षेत्र के गांवों में तेज धमाके की आवाज सुनाई दी है। ग्रामीणों को लगा



कि कहीं कोई बम फटा है या फिर मिराज क्रैश हुआ है। गांव के धीरज गुर्जर कहना है कि धमाका इतना तेज था कि ऐसा लगा जैसे हमारे मकान की छत गिरने वाली हो। धमाके की आवाज सुनकर जौरा, बागचीनी तथा सराय छोला थाना पुलिस बल के साथ सीआईडी विभाग भी सक्रिय हो गया है। इधर बागचीनी थाना प्रभारी भूमिका दुबे का कहना है कि वह थाने पर मौजूद थी, उसी समय तेज धमाका हुआ।

धमाके की आवाज सुनकर हम भी अंदाजा लगा रहे थे कि कहीं कोई हादसा हुआ है। फिर हम पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। सराय छोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत जारह गांव के लक्खा का पुरा गांव में पुलिस पहुंची। पुलिस ने गांव वालों से पूछताछ की, जिन्होंने पूरी बात बताई है। थाना प्रभारी केके सिंह का कहना है कि जांच में सामने आया है कि आकाश में मिराज विमान से कोई रॉकेट नुमा चीज छोड़ी गई, जो जमीन पर आने से पहले ही बीच में ही आसमान में फट गई, उसका तेज धमाका हुआ है।

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता करने जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

प्राइवेट विद्यालय संगठन के जिला अध्यक्ष विद्याराम प्रजापति द्वारा नवीनीकरण मान्यता इतब के द्वारा की गई अनुशंसा पर उन्हें स्वीकृत करने की मांग करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सम्पूर्ण मुरैना जिले की नवीनीकरण मान्यताओं को बी.आर.सी. के द्वारा अनुशंसा की गई है, उन मान्यताओं को स्वीकृत किया जावे, कुछ संस्थाओं के प्राइवेट बैंक शाखा में खाते है, उनमें आर.टी.ई. का भी भुगतान किया जाता है, उस बैंक शाखा की



एफ डी. आर. को मान्य किया जावे, समिति नवीनीकरण में धारा 27 हेतु चालान जमा किये गये है। नवीनीकरण कार्यकारिणी सूची निकलने में विचाराधीन है, उस चालान को ही नवीनीकरण मान्यता में मान्य किया जावे, संस्थाओं में आंशिक कमियों को समय रहते पूर्ण कर लिया जावेगा, वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 आर.टी.ई. का भुगतान करवाने की मांग शामिल है।

## ब्रीफ न्यूज

### भूसा जिले से बाहर ले जाने पर किया अपराध दर्ज

**हरदा।** 10मार्च की रात्रि गश्त के दौरान हाईवे रोड पर हरदा तरफ से एक आयशर ट्रक लोक मार्ग अवरुध्द करते हुये अन्य लोगों को संकट बाधा उत्पन्न कर वाहन में चारो तरफ से अधिक बाहर निकलकर लदा हुआ भुसा लेकर जा रहा था जिसे ब्रिज के पास हंडिया पर आयशर को रोक कर चैक किया जिसमें मवेशी का चारा भूसा भरा हुआ होकर चारो तरफ से काफी बाहर निकाल हुआ आयशर चालक द्वारा भूसे के संबंध में पूछताछ करने पर कोई जानकारी नही दिया व चालक से उसका नाम पूछने पर पवन पिता करतार सिंह चौहान उम्र 25 साल निवासी डवल चौकी थाना खुड़ैल जिला इंदौर का होना बताया उक्त वाहन के चालक द्वारा कलेक्टर महोदय हरदा के आदेस क्र 2702/एस.डब्ल्यू/2025 दिनांक 06 मार्च के विरुध्द अपने वाहन से पशुओं का आहार भूसा भरकर जिले की सीमाम के बाहर निर्यात किया जाते पाये जाने से वाहन को जप्त कर वाहन चालक के विरुध्द धारा 285, 223 धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### संविधान संशोधन कर देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करें, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद

**खंडवा।** नगर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ, सम्मेलन में संविधान में संशोधन कर भारत देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने, गौ रक्षा , लव जिहाद, समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण के बारे में कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस सम्मेलन में मालवा प्रांत के 10 जिलों में कार्यरत अनुसांगिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इन प्रमुख मुद्दों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संगठनों को मजबूत करने और प्रत्येक प्रखंड में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने पर जोर दिया गया। लगभग 6 साल पहले डॉ प्रवीण तोगडिया ने विश्व हिंदू परिषद के समानांतर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद नाम का संगठन खड़ा किया था। इस संगठन को विस्तार देने के लिए माता चौक स्थित दशमेश परिसर में मालवा प्रांत में कार्यरत पदाधिकारियों का सम्मेलन हुआ। 2 दिन तक चले इस सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौर ने मुख्य उद्बोधन देते हुए संगठनों के आगामी लक्ष्य बताए। श्री गौड़ ने कहा कि भारत देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए संविधान संशोधन किया जाए। सामान नागरिक कानून, जनसंख्या नियंत्रण कानून , गौ रक्षा कानून और लव जिहाद रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि लंबे समय से भारत देश में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों का डीएनए टेस्ट करवाकर उन्हें बाहर निकाला जाए। इस बैठक में मालवा प्रांत के हर प्रखंड में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने पर जोर दिया गया, सम्मेलन में प्रांत अध्यक्ष माखन जी पटेल इंदौर, बी आर डी प्रांत अध्यक्ष अनिल सिंगार इंदौर,किशोर यादव जी प्रांत महामंत्री,मनोज माहेश्वरी सहित इस सम्मेलन में खंडवा ,उज्जैन और देवास जिलों में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के 22 अनुसांगिक संगठनों के महिला और पुरुष पदाधिकारी शामिल हुए थे।

# सिराली में सरकारी भवन पर अवैध कब्जा

## देखरेख मरम्मत के अभाव में सरकारी भवन जर्जर





सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के सिराली तहसील अंतर्गत पुराने जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत और देखरेख पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण स्थानीय दबंग लोग सरकारी भवन पर कब्जा करके उसका निजी उपयोग कर रहे हैं जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है। पुराना तहसील भवन जो रामपुरा रोड पर पानी की टंकी के पास है जिस पर कब्जा कर निजी उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह पहले जहां आंगनबाड़ी केंद्र लगती थी वहां भी दूसरों का कब्जा है। आसपास अन्य सरकारी भवन है जो दूसरे के कब्जे में है। गोलू मंसूरी ने बताया कि वेशकीमती सरकारी भवन भूमि पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण निकट भविष्य में अवैध कब्जा हो जायेगा जिसे हटाने में सरकार को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

### देखरेख मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर

पुराने तहसील भवन जहां एक समय आर.आई. ग्राम सेवक व अन्य अधिकारी बैठते थे। उस स्थान की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वेशकीमती जमीन और भवन की अनदेखी की जा रही है। कुछेक कार्यालय किराये के मकान में चल रहे हैं।

मरम्मत रंग रोगन कराकर भवन का उपयोग किया जा सकता है। इससे शासन का पैसा बचेगा साथ में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा और देखरेख बेहतर तरीके से हो सकेगी और अवैध कब्जा की संभावना नहीं रहेगी। संबंधित विभाग के अधिकारी के ध्यान नहीं देने के कारण वेशकीमती भवन लावारिश हालत में है जो अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं नगर परिषद भी इस और ध्यान नहीं दे रही है। वार्ड के पार्षद भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। बकरी बांधने और आवासीय परिसर के रूप में जर्जर सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा है। विरोध शिकायत जोर पकड़ने के बाद जब अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की जाती है तब राजनीतिक दल सक्रिय हो जाते हैं। विभिन्न नेताओं के माध्यम से सिफारिश के साथ-साथ ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो जाता है। कई जगहों पर सरकारी भूमि कब्जा कर बैच दिया जाता है। कई ने तो सरकारी भूमि को बैचने का धंधा कर रखा है कई जगह सरकारी भूमि कब्जा करके बैच दिये हैं। जिला कलेक्टर गंभीरता से लेकर वास्तविकता का पता लगाने के लिए जांच टीम गठित करके जांच कराये तो राजस्व विभाग के पटवारी की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर कब्जा कराने का षड़यंत्र उजागर हो जायेगा।

### सरकारी भवन भूमि पर अवैध कब्जा : खोरे



जिले के अन्य स्थानों की तरह सिराली में भी सरकारी भवन और भूमि पर अवैध कब्जा है। लंबे अर्से से कब्जे होने के बाद भी उसे हटाने और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के कोई ठोस उपाय नहीं किये जा रहे है। रामपुरा रोड पर पानी की टंकी के पास दो-तीन भवन पर अवैध कब्जा के अलावा पटवारी की मिलीभगत से सरकारी भवन पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है। इसका खुलासा राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास खोरे ने कई दफे किया इसके बाद भी अवैध कब्जा हटाकर जुर्माना लगाने की सख्त कार्यवाही नहीं की जा रही है। नये काम व भवन बनाने के लिए सरकारी भूमि की आवश्यकता होती है तो भूमि नहीं मिल पाती है और अवैध कब्जा हटाना मुश्किल हो जाता है।

### क्या कहते जवाबदार -



आपके द्वारा सिराली में सरकारी भवन पर कब्जा होने का मामला संज्ञान में लाया गया है। इसकी जांच-पड़ताल कराकर कब्जाधारियों को बलपूर्वक हटाया जाएगा।

**-अशोक कुमार डेहरिया, एसडीएम, खिरकिया।**

# चैंपियन ट्रॉफी में न्यूज़ीलैंड को हराकर भारत ने विजय श्री हासिल की




### पूरे शहर के साथ केवल राम पेट्रोल पंप चौराहे पर भाजपा संगठन एवं खेल प्रेमियों ने मनाया जीत का जश्न

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जीत कोई भी हो खुशी का माहौल पैदा कर देती है, ऐसी जीतो से लगता है कि हमारा देश भारत विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर है, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि चैंपियन ट्रॉफी में ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर विजय श्री हासिल की, भाजपा संगठन द्वारा केवल राम पेट्रोल पंप चौराहे पर चौराहे पर स्क्रीन के माध्यम से भारत-न्यूजीलैंड वनडे क्रिकेट फाइनल मैच का प्रसारण दिखाया दिखाया गया जिसमें हजारों की संख्या में खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर इस शानदार मैच का आनंद लिया, जैसे ही मैच में विजय श्री प्राप्त हुई हाथों में तिरंगा लेकर ढोल ढमाकों भव्य आतिशबाजी के साथ पार्टी के कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उत्साह के साथ नृत्य करते हुए नजर आए, पुष्प वर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर एक दूसरे को विजय श्री की शुभकामना प्रेषित की, पूरे शहर के साथ केवल राम पेट्रोल पंप पर जश्न का माहौल देखा गया, इस अवसर पर जीत के जश्न में हरीश कोटवाले, प्रवक्ता सुनील जैन,प्रदीप यादव, सुधांशु जैन, चंदू पचोरी, विजय महाजन, बलदेव सिंह मौर्य ,इंदु पवार, गणेश गुरबाणी, शुभम वासले, पवन गोस्वामी पिंटू यादव, हेमंत पाटिल, देवा भावसार सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# सिराली पुलिस की बड़ी कार्यवाही, दो गिरफ्तार दो फरार




### 75 पेटियों में 660 लीटर अवैध शराब जब्त

सत्ता सुधार ■ हरदा

सिराली पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सिराली थाना पुलिस ने ग्राम गहाल में एक मकान से 660 लीटर अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य दो आरोपी फरार हैं। जब्त शराब की कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। थाना सिराली पुलिस को 9 मार्च को सूचना मिली थी कि ग्राम गहाल में एक मकान में बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी गई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने शेख असलम के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान किचन में गैस टंकियों के पीछे एक गुप्त दरवाजा मिला, जो एक विशेष कमरे में खुलता था। इसी गुप्त कमरे में 75 पेटी अवैध शराब छीपाकर रखी गई थी। भंडारण में संलिप्त आरोपी शुभम लुनिया और रज्जाक मुसलमान दोनों गहाल निवासी को मौके से गिरफ्तार किया। वहीं, उनके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ थाना सिराली में अपराध दर्ज कर जांच जारी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### पुलिस की सराहनीय भूमिका

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सिराली उपनिरीक्षक संदीप यादव, उपनिरीक्षक गोपाल प्रसाद पाल, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह राजपूत, कमल किशोर मांझी, संजय शर्मा, भगवानदास यादव, प्रधान आरक्षक तुषार धनगर, जितेंद्र पंवार, आरक्षक मनमोहन यादव, सौरभ मिश्रा, अनुप उईके, रवि तिवारी, शुभम एवं कल्पना रघुवंशी शामिल रहे।

## सिद्धवरकूट में होली पर लगेगाआध्यात्मिक रंगों का मेला

**खंडवा।** खंडवा जिले में रेवा तट पर स्थित दो चक्री दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनीराजो की पावन निर्वाण भूमि श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट का वार्षिक मेला महोत्सव 13-14 मार्च को आयोजित होगा। सुहावना सिद्धवरकूट निर्माण भूमि में आयोजित होने वाले महोत्सव में अन्तर्मुखी मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। मीडिया प्रभारी सुनील जैन व प्रचार संयोजक राजेन्द्र जैन महावीर ने बताया कि विगत अनेक वर्षों से क्षेत्र पर वार्षिक मेला आयोजित होता है। जिसमें मूलनायक भगवान श्री सम्भवनाथ मण्डल विधान, अभिषेक, पूजन, शांतिधारा, सामूहिक आरती, पंच परमेष्ठि मण्डल विधान, विमानोत्सव, घटयात्रा आदि अनेक आयोजन होगें। मेला संयोजक वर्किंग ट्रस्ट्री बाबूलाल जैन बड़वाह ने बताया कि विधान पुण्यार्जक जीवन कुमार जैन इंदौर होगें। 14 मार्च को 4.30 बजे भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक स्वर्ण रजत कलशों से होगा। साथ ही समस्त मंदिरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अमित कासलीवाल इंदौर, महामंत्री विजय काला ने बताया कि क्षेत्र पुराने कमरों के जीर्णोधार व नवीनीकरण के पश्चात लोकार्पण किया जाएगा।

## सुलह व समझौते से आपसी विवादों का हुआ अंत

# नेशनल लोक अदालत में कुल 423 लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

सत्ता सुधार ■ दमोह



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से दिनांक 08 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में श्री आनंद कुमार तिवारी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया। मान्नीय उच्च न्यायालय से व्ही.सी. के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया, जिसमें मान्नीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार तिवारी, विशेष न्यायाधीश श्री उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर, सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ दमोह श्री कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार खत्री, सचिव श्री सुधीर पाण्डेय एवं अधिवक्तागण उपस्थित हुये। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। इस हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है। प्रकरणों के निराकरण हेतु मान्नीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु गठित खंडपीठ पहुंचकर उपस्थित पक्षकारों व अधिवक्तागण को राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

# पिकअप पलटने से 1 दर्जन मजदूर घायल, 1 की मौत



सत्ता सुधार ■ हरदा

सिविल लाइन थानांतर्गत ग्राम पलासनेर खण्डवा-हरदा रोड पर मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से 1 दर्जन से अधिक मजदूर घायल हुए और वहीं 1 मजदूर की मौत हो गई। हरदा विकासखंड अंतर्गत करनपुरा गांव के 20 से 25 मजदूर चने काटने पलासनेर गांव जा रहे थे। तभी पलासनेर खण्डवा-हरदा रोड पर सोमवार को साढ़े 9 बजे के लगभग पिकप वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया । जिसमें 1 दर्जन के करीब मजदूर घायल हो गये और हादसे में एक मजदूर विष्णु गम्भीर रूप से घायल जिला चिकित्सालय से हरदा से भोपाल रेफर किया गया।रास्ते में रेफर के दौरान उसकी मौत हो गई है। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम पलासनेर के पास का बताया जा रहा है। पुलिस की डायल हंड्रेड को सूचना मिलते ही पायलेट सचिन विश्नोई व आरक्षक देवीराम पटेल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को डायल हंड्रेड की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां अब घायलों का इलाज जारी है । सनद रहे कि इन दिनों जिले में चने की कटाई का कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत प्रति दिन लोडिंग वाहनों से मजदूरों को ले जाने का सिलसिला जारी है।वाहनों पर कोई कार्यवाही नही हो रही है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाए हो रही है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा

# बालिकाओं को प्रतिभा के दम पर लगातार मिल रहा सम्मान

### महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस ÷नारी शक्ति से विकसित भारत÷ थीम पर विशेष जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय दमोह सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष दमोह प्रीति ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य पथरिया संगीता श्रीधर की गरिमामयी मौजूदगी रही। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजन एवं वंदना के साथ हुई तत्पश्चात समस्त अतिथि नारी शक्ति का तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल ने कहा गया भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को हमेशा पीछे खींचने का काम किया है, लेकिन आज समय बदल रहा है, बालिकाओं को भी सम्मान प्रतिभा की दम पर लगातार मिल रहा है। आज यह मंच इसका जीता जागता उदाहरण है। इसी क्रम में पुलिस विभाग से थाना प्रभारी एवं सायबर सेल प्रभारी नारी सशक्तिकरण का उदाहरण रचना मिश्रा द्वारा सायबर अपराध सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर अपनी बात रखी और बताया की हमें खासकर महिलाओं एवं बालिकाओं को कैसे इससे बचना चाहिये। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर ने कहा की वर्तमान सरकार द्वारा विभिन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक, सामजिक, राजनैतिक एवं शैक्षिणिक रूप से सशक्त करने में महती भूमिका निभाई है। अब जरूरत है महिलाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में स्वयं आगे आकर निर्णय लेना चाहिए, महिलाओं में निर्णय लेने के अद्भुत साहस एवं शक्ति है, हर फैसलों में आप हों न की आपके घर के लोग।




### कैदों की तलैया की शाला त्यागी बालिकाओं ने किया बाल विवाह पर दी नाट्य प्रस्तुति

कैदों की तलैया की शाला त्यागी बालिकाओं जिन्हें अभी तक समाज में पन्नी बीनने, भिक्षावृत्ति वाले नाम से संबोधित किया जाता था, मगर विगत 2 माह से सेडमेप संस्था के सहयोग से वोकेशनल प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास जिसमें ममता एच. आई. एम. सी. संस्था का विशेष सहयोग प्राप्त होने पर इनमें अमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है, उनके द्वारा न केवल नारी शक्ति के प्रतीक रानी दुर्गावती एवं रानी अवन्ती बाई के भेष में उपस्थित हुई, बल्कि 8 बालिकाओं द्वारा बाल विवाह जैसी कुरूति पर कुठारघात करते हुए नाट्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं महिलाओं, बच्चों के लिए पोषण, बाल विवाह, एएनसी एवं अन्य योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आशा, आशा पर्यवेक्षक सेक्टर पर्यवेक्षकों एवं एनएनएम को महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कल्पना पटेल द्वारा लिखित फ्रसरदार वल्लभभाई पटेलफ्र पुस्तक का विमोचन किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती सीमा जाट, श्रीमती बबली विश्वकर्मा एवं श्रीमती हीरा सिंह लोधी को सम्मानित किया गया।

### विधायक के प्रयास से पंधाना को मिली सिविल अस्पताल की सौगात, 50 बिस्तरों का अस्पताल बनेगा

**खंडवा।** खंडवा के पंधाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 50 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। यह अस्पताल पंधाना के नवोदय विद्यालय के पास 11.34 करोड़ (1134.86 लाख) रुपये की लागत से निर्मित होगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को इस बनने वाले अस्पताल भवन का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक छाया मोरे के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य नागरिक, भाजपा पदाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक छाया मोरे ने कहा कि उनके सवा साल के कार्यकाल में पंधाना विधानसभा क्षेत्र को अनेक सौगातें मिली हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है।

**आयोजन** कवि सम्मेलन, निमाड़ी लाफ्टर शो, गम्मत और आनंदीलाल भावेल के लाइव कंसर्ट से गूंजा मेला ग्राउंड

# मेला बना आकर्षण का केंद्र, पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

### झूले, दुकानें और एनिमल पार्क भी बना मुख्य आकर्षण

सत्ता सुधार ■ खंडवा

शहर की संस्कृति और परंपरा से जुड़ा ऐतिहासिक नवचंडी माता मेला इस वर्ष अपनी भव्यता और अनूठे आयोजन के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्षों बाद नगर निगम द्वारा आयोजित इस मेले में लगातार बढ़ रही दर्शकों की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि यह मेला खंडवा की संस्कृति और मनोरंजन का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। मेले में इस बार मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। पहले ही कवि सम्मेलन, निमाड़ी लाफ्टर शो (गम्मत), और आनंदीलाल भावेल के लाइव कंसर्ट ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। आने वाले दिनों में और भी कई चर्चित कलाकार मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मेले में जहां एक ओर बड़े-बड़े झूले, मनोरंजन के साधन और खान-पान की दुकानें लोगों का ध्यान खींच रही हैं, वहीं दूसरी ओर एनिमल पार्क बच्चों और परिवारों के लिए एक अनूठा अनुभव साबित हो रहा है। खासकर छोटे बच्चे और युवा इस मेले में बड़ी संख्या में पहुंचकर झूलों और विभिन्न स्टॉल्स का आनंद उठा रहे हैं।




### रोज़ बढ़ रही भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शुरुआती दिनों में अपेक्षाकृत कम लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई थी, लेकिन लगातार हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चलते अब दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। मेला प्रशासन द्वारा मेले में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मेला संचालक संतोष सोनी ने बताया की मेले में प्रवेश से लगाकर झूले और दुकानों तक क़ो फुल एच डी सीसीटीवी कैमरों से कवर किया है, जिन्हे कण्ट्रोलरूम से सतत मानिटर किया जा रहा हैं।

### होगा पांच दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन

नगर निगम और संस्कृति विभाग के संयुक्त प्रयास से से मेले में पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोकगीत, पारंपरिक नृत्य, भजन संध्या, और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी, जो दर्शकों को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़े रखने का काम करेंगी।

### दर्शकों में उत्साह, मेले में बढ़ती रौनक

नवचंडी मेला हर साल खंडवा जिले के लोगों के लिए एक विशेष आकर्षण होता है। इस बार मेले को लेकर युवाओं और परिवारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेला मैदान में लगे खास झूले और मनोरंजन के साधन हर उम्र के लोगों को लुभा रहे हैं।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

सत्ता सुधार ■ खंडवा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सिविल लाइन स्थित किशोर भवन में आयोजित महिला सम्मान नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मंत्री कुंवर विजय शाह ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने ई रिक्शा की चाबी सौंपी, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर जिला पंचायत के माध्यम से ई रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग प्राप्त 14 महिलाओं को ई रिक्शा की चाबी सौंपी गई, ई रिक्शा चालक महिला पिंकी भगोरे के पहले ग्राहक मंत्री विजय शाह, कलेक्टर ऋषव गुप्ता खुद बने और ई रिक्शा की सवारी की, सवारी ही नहीं मंत्री विजय शाह ने ई रिक्शा महिला ड्राइवर को बाकायदा किराया भी चुकाया, ई-रिक्शा संचालित करने वाली इन महिलाओं को मंत्री विजय शाह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री विजय शाह ने कहा कि महिलाओं को भी पुरुषों के समान समानता एवं अधिकार मिले इस हेतु केंद्र और प्रदेश की सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कई योजनाओं के माध्यम से कार्य कर उन्हें सक्षम बना रही है, भाजपा की सरकार द्वारा महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं भी चलाई जा रही है इसका लाभ बड़ी संख्या में महिलाएं प्राप्त कर रही है, आने वाले चुनावो में अनिवार्य रूप से 33त्न महिलाओं की भागीदारी भी रहेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### चर्लपल्ली-गोरखपुर-चर्लपल्ली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन

**बीना(सागर)।** रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 07715/07716 चर्लपल्ली-गोरखपुर-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन एक-एक ट्रिप चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन भोपाल मंडल के रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 07715 चर्लपल्ली-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 मार्च 2025 को चर्लपल्ली स्टेशन से दोपहर 14:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रानी कमलापति 09:00 बजे, बीना 11:25 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन प्रातः 05:00 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। (01 ट्रिप) गाड़ी संख्या 07716 गोरखपुर-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 मार्च 2025 को गोरखपुर स्टेशन से सुबह 08:00 बजे प्रस्थान कर, बीना रात्रि 23:35 बजे पहुँचकर, अगले दिन रानी कमलापति मध्य रात्रि 01:50 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रात्रि 23:30 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। (01 ट्रिप) ठहराव- काज़ीपेट जंक्शन, मंचेरियल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जंक्शन, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ओरई, पुखरायाँ, कानपूर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती। 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 7 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटर कर । रेल यात्रियों से अनुरोध है होली स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए करें पंजीयन

**सागर।** युवाओं के लिए भारत की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप और अच्छी मेंटरशिप प्राप्त करने के लिए शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना का वर्तमान में दूसरा चरण चल रहा है। योजना में अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन 12 मार्च तक किए जा सकते हैं। कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर युवाओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम महाकवि पद्माकर सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी युवा जाकर ओरिएंटेशन में शामिल हो और अपना निःशुल्क पंजीयन कराए। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें जिले के युवा कार्यशाला में आकर शामिल हो और अपना पंजीयन कराएं। योजना के तहत देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका। प्रतिमाह ?5000/- स्टाइपेंड . इंटर्नशिप पूरी होने पर ?6000/- बोनस, साथ ही रोजगारपरक कौशल और प्रशिक्षण के सुनहरे अवसर और इंडस्ट्री एक्सपोजर, आधुनिक तकनीक और रोजगार के अवसर मिलेंगे। योजना के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष के युवा जिनकी शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास (10वीं या उससे अधिक), जो वर्तमान में किसी रोजगार में संलग्न नहीं हों।

# सनाई में बाबा साहब की प्रतिमा का किया अपमान थाना प्रभारी ने पहुंच कर प्रतिमा को धुलवाया

## असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद, प्रतिमाएं भी सुरक्षित नहीं, लोगों ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

असामाजिक तत्वों की हौसले इतने बुलंद है कि कि वह प्रतिमाओं का भी अपमान करने से बाज नहीं आ रहे है बीना ब्लॉक के ग्राम सनाई - दिन शनिवार शाम को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर अज्ञात व्यक्तियों ने कचरे से भरे डस्टबिन उनकी मूर्ति पर डालकर चले गए और मूर्ति को नष्ट करने का प्रयास किया जिसके लिए सागर से अहिरवार समाज जिला अध्यक्ष अनिल अहिरवार, नगर अध्यक्ष मुकेश रोहित युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र अहिरवार पूर्व पार्षद महेश अहिरवार , अर्पित ठेकेदार, दीपचंद, और खुरई से सूरज बौद्ध पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, दिनेश अहिरवार भीम आर्मी और मंडी बामोरा से अहिरवार समाज अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद अहिरवार संदीप चौधरी सनाई से





चंचल जी ने थाना प्रभारी जी से जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने और उन पर कड़ी कारवाही करनी की मांग की है। दरअसल बीना ब्लॉक के सनाई ग्राम में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को डिब्बे से ढंक कर अपमानित कर दिया। सुबह जानकारी लगने पर आगासौद थाने और मंडी बामोरा चौकी से स्टाफ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने डिब्बे को हटाकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पानी डाला और सफाई कर कपड़े से ढंक दिया। फिलहाल पुलिस अज्ञात की तलाश कर रही है। निर्तला मंडी बामोरा रोड पर स्थित ग्राम सनाई में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रतिमा पर प्लास्टिक का कुप्पा डालकर ढंक दिया। कुप्पा गंदा था और उसमें थोड़ा कचरा भी था। सुबह ग्रामीणों ने यह देखा तो उसके फोटो और वीडियो बनाए। दोपहर तक खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई।इसी बीच पुलिस को जानकारी लगी, पुलिस तत्परता से मौके पर पहुंची और तत्काल डिब्बे को हटाकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पानी डाला। सफाई, धुलाई के बाद प्रतिमा को साफ कपड़े से ढंक दिया गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल ने बताया कि हमने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# राजनैतिक संरक्षण के चलते अवैध कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



बीना में राजनीतिक संरक्षण के चलते अवैध कारोबार काफी जोरों पर चल रहे हैं चाहे खनिज माफिया हो या फिर अवैध शराब विक्रेता, गली मोहल्लों में गांव-गांव में अवैध शराब का कारोबार जोरों पर चल रहा है किसी को नहीं है प्रशासन का डर और भय यह बात सोमवार को पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार बीना को ज्ञापन सोपा जिसमें उल्लेख किया गया कि बीना मुगांवली क्षेत्र से लगी बेतवा नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जा रहा है।ज्ञापन देने की पश्चात भी प्रशासन और अधिकारी मौन हैं। बेतवा नदी से जिला अशोकनगर वाले अवैध रूप उत्खनन कर रहे हैं इसलिए मुगांवली क्षेत्र एवं बीना क्षेत्र से लगी बेतवा नदी से अवैध उत्खनन कर रहे हैं इसलिए जो हमारा बीना क्षेत्र है वह बीना क्षेत्र से रेत निकाल रहे। तीन दिन के अंदर रेत उत्खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो हम आंदोलन करने के होंगें। इसके लिए शासन जिम्मेदार होगा। यह कि बीना में अवैध रूप से रेत के डंफर जिसमें बीना के क्षेत्र वालों को रेत नहीं मिल रही है। यह कि सारी रेत रिफाईनरी के पर पेट्रोल पंप पर अवैध रूप से रेत का भण्डार है कि यह हम शासन से प्रश्न पूछते मण्डी में व्यापारियों को हम किसान को गल्ला देते हैं तो 3000 बोरा देने की अनुमति कुरवाई रोड पर पेट्रोल पंप पर जो रेत के हजारों ट्रक हैं उन पर शासन द्वारा कोई रो रही है। यह कि यह रेत मजदूरों द्वारा निकाली जा रही हैं। जिसे मशीनों द्वारा बाहर है।

बीना में जो अवैध रूप से रेत के डंफर नि हैं उन पर रोक लगाई जावे एवं बीना की सीमा में से जो रेत उत्खनन के लिए मशीन रही हैं उन पर रोक लगाई जावे। अन्यथा किसी दिन बड़ा हादसा होने की संभावना प्रकार बेतवा नदी से रेत निकाली गई तो बेतवा नदी समाप्त हो जायेगी। यह कि यति अंदर यदि रेत उत्खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो हमारे द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, को जनपद सदस्य शिवकुमार चढ़ार,बृजमोहन सिंह, भगवान सिंह, राम लखन सिंह, गुलाब सिंह, हरिराम, संतोष, सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह चढ़ार आदि उपस्थित थे।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में अचल संपत्ति के बाजार मूल्य की गाइडलाइन निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निराकरण के उपरांत महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा 19 फरवरी 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। इसके पश्चात 7 मार्च 2025 को भोपाल में पुनः समीक्षा कर गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों में संशोधन कर प्रस्ताव तैयार किये गये। वसंयोजक जिला मूल्याकंन समिति द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए अनंतिम मूल्य गाइडलाइन अवलोकन हेतु वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय सागर एवं संबंधित उप पंजीयक कार्यालयों में जन सामान्य 11 से 13 मार्च 2025 तक कार्यालयीन समय में अपने सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

# वाणिज्यिक कर निरीक्षक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

पुलिस थाना मोतीनगर को प्रार्थी प्रसन्न कुमार जैन पिता कोमल चंद जैन उम्र 44 साल वाणिज्यिक कर निरीक्षक वाणिज्यिक अधिकारी सागर वृत्त कार्यालय सिविल लाईन सागर, निवासी तिली वार्ड सागर द्वारा के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र कि भौतिक सत्यापन हेतु पी.एस. कंन्सट्रक्शन कंपनी के व्यवसाय स्थल राजीवनगर वार्ड सागर पंचनामा कार्यवाही के दौरान विकास आडवानी एवं प्रशांत सेन के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डाल उत्पन्न कर अभद्रता से गाली गुप्तार कर मारपीट किया व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये पेश किया जो आवेदन पत्र पर से प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 132,121 (1), 296,115(2),351 (3), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाकर प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुखविर सूचना तंत्र के आरोपी प्रशांत सेन पिता मुकेश सेन उम्र 22 साल नि0 राजीवनगर वार्ड सागर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया जो आरोपी को गिरप्तार कर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी की तलास पतारसी जारी है। कार्यवाही के दौरान निरी जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, सउनि सोहन मरावी,प्रआर नदीम शेख ,प्रआर प्रमोद बागरी ,आर संजय,प्रेम कुमरे, राहुल की सराहनीय भूमिका रही।

# हनुमान जी जैसे कर्मठ सेवक के आचरण से अपने जीवन को परम सुखी बना सकते हैं: पाठक





सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

हनुमान जी जैसे कर्मठ सेवक के आचरण शास्त्र से स्वध्याय कर हम अपने जीवन को परम सुखी बना सकते हैं। यह बात बीना पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर पर चल रही हनुमंत कथा चित्रण के अंतिम दिवस कथा व्यास राकेश पाठक ने अपने श्री मुख से कही।

उन्होंने कहा कि रामभक्त हनुमान की शरण में जाने से सब दुखों से मुक्ति मिल जाती है। वे अपनी शरण में आए भक्तों को सात्विक गुण, बल और बुद्धि से संपन्न कर देते है। उन्होंने माता सीता को अशोक वाटिका में धैर्य और हौसला देकर ही कष्ट मुक्त किया था। राम की नाम महिमा और उनके बल पौरुष का गुणगान किया। आज कार्यक्रम की शुरुआत अमल एकादशी के शुभ अवसर पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा 12:00 से 2:00 बजे तक संकीर्तन का आयोजन चला रहा एवं उपस्थित भक्तों ने जहां कीर्तन का आनंद लिया पांच दिवस से चल रही हनुमंत कथा कथा व्यास राकेश पाठक की श्रीमुख से कथा का आनंद लिया और जीवन कैसे जिया जाता है यह हनुमान जी के चरित्र से सीख जा सकता है। रामचरितमानस में सुंदरकांड से हम अपने जीवन का प्रबंध कैसे करें यह भी हनुमान जी के चरित्र से सीखने को मिला।कौन कहता है कि छलनी में पानी नहीं रुकता, बर्फ बनने तक हौसला बनाए रखना। लोगों को धैर्य से प्रभु भक्ति करने का संदेश दिया।

### बीना की तीन बातों से पहचान है

पंडित दशरथ पुरोहित ने बताया कि वर्तमान में बीना की तीन बातों से पहचान सर्वप्रथम देव रघुनाथ मंदिर, दूसरी पहचान राम नाम सिद्ध पीठ, तीसरी पहचान ब्रह्म मुहूर्त में राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल,इस मौके पर विशेष रूप से मां जागेश्वरी धाम के अध्यक्ष दिनेश पाठक, पुजारी लक्ष्मी कांत तिवारी, राकेश पाठक, रसिक बिहारी शर्मा, विष्णु पटेरिया, दशरथ पुरोहित, भक्त माली, डॉ राम बाबू तिवारी,राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय, रामराजा यादव, जोधन सिंह, रुप नारायण, राकेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, लल्लन यादव, राम मनोहर ताम्रकार, एल एन पटेरिया, एचडी गोस्वामी, वीरेंद्र ताम्रकार, कुंज बिहारी बिलगैया, बलराम तिवारी, अजय ताम्रकार, चंदू पटेल, सीताराम चौरसिया, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, डॉ आशीष तिवारी, राम शर्मा, चंदू वाधवानी, नन्द किशोर व्यास, कुंज बिहारी बिलगैया,हरिराम दुबे,सूरज सिंह,अनेक भक्तगण के साथ ही आरती का आयोजन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी भक्तगणों का आभार व्यक्त किया।

### संरक्षण और सुरक्षा' के ध्येय वाक्य के साथ समर्पित भाव से कार्यरत है सी.आई.एस.एफ : मुख्यमंत्री

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के लिए सी.आई.एस.एफ. के सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों की राष्ट्रभक्ति को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डों एवं प्रमुख ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा प्रदान करने वाला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ÷संरक्षण और सुरक्षा÷ के ध्येय वाक्य के साथ राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित भाव से निरंतर कार्यरत है।



**सागर।** नगर निगम स्टेडियम सागर में दि. जैन सोशल ग्रुप - समन्वय द्वारा आयोजित समन्वय प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में एवं महिला व्यंजन मेला प्रतियोगिता में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह जी के साथ महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी जी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी जी एवं डॉ. सुशील तिवारी जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह जी, पार्षद व एम आई सी सदस्य राजकुमार पटेल,श्रीमती संगीता शैलेश जैन, संतोष दूबे,उमेश यादव सहित गणमान्य नागरिकों की साथ में, गरिमामय उपस्थिती रही।

**सम्मान** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नपाध्यक्ष बोली...

# महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ शिक्षा और नौकरी नहीं,बल्कि अपने को आत्म निर्भर

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



महिला दिवस नगर पालिका परिषद के सभागृह में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता नपाध्यक्ष लता सकवार ने की, कार्यक्रम में नगर की सामाजिक महिलाएं सम्मिलित हुई। नपाध्यक्ष द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से बीना से डीएसपी के पद पर सेलेक्ट हुई रश्मि अहिरवार रही, जिन्होंने एक छोटे से गांव से निकल मुकाम हासिल किया और बीना विधानसभा का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में की विशेषता रही कि जिसमें समस्त महिलाएं शामिल रही, उनमें महिला जनप्रतिनिधि एवं कुछ महिलाएं पार्षद प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुई। नपा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे शहर के प्रमुख दायित्वों का नेतृत्व महिलाएं कर रही है, आने वाला समय आपका है आप में भी नेतृत्व करने की क्षमता है, अपने अंदर के भय को निकाल कर आगे आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य कर रहे है, परन्तु महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ शिक्षा और नौकरी तक ही सीमित नहीं है हमें अपने फैसले खुद लेने और आत्मनिर्भर बनने और समान अवसर भी प्राप्त करना है। रश्मि अहिरवार ने कहा कि नारी सिर्फ सृजन की जननी नहीं,बल्कि हर क्षेत्र में सफलता की कहानी लिखनी की प्रेरणा शक्ति है,आपकी प्रतिभा आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास ही आपका सबसे बड़ा हथियार है।

पूर्व विधायक विनोद पंथी ने सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों का बखान किया और महिलाओं को आगे आकर सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में शामिल हुए महिलाओं ने भी संबोधित कर महिलाओं को जागरूक होने और उनके अधिकारों के प्रति अपनी बात रखी।इस दौरान ऊषा राय, सोनाली राय,प्रतिभा ठाकुर, अनुपमा बोहरे, भारती राय, मीना चौबे, रजनी साहू, मधुलिका यादव,शशि तिवारी,नीतू राय, ज्योति सराफ, रजनी रजक, पुष्पा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

### पंख योजना अंतर्गत कु.मानसी कोरी, ताईक्वांडो खिलाड़ी का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

सत्ता सुधार ■ सागर

मध्यप्रदेश के अंडर-19 स्पोटर्स अचीवर्स की मेहनत और उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के लिए बंसल न्यूज द्वारा पंख खेल पुरस्कार 2025 का आयोजन दिनॉक 08.03.2025 को भोपाल के जहनुमा पैलेस में किया गया, इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए म.प्र. की विभिन्न खेल प्रतिभाओं द्वारा अपना पंजीयन कराया गया था, जिसमें से सागर जिले की प्रतिभा कु.मानसी कोरी, ताईक्कांडो खिलाड़ी जिन्होने खेल परिसर सागर में ताईक्कांडो खेल की शुरूवात की और विभाग के प्रषिक्षक श्री अर्जुन सिंह रावत से ताईक्कांडो का प्रषिक्षण प्राप्त किया। वर्तमान में मानसी म.प्र. खेल और युवा कल्याण विभाग की ताईक्कांडो राज्य अकादमी में प्रशिक्षणरत है।कु.मानसी कोरी ने हेदराबाद में आयोजित 35वी TFI नेशनल सब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता वर्ष 2018 में भाग लिया। पुनः वर्ष 2023 में 5वी TFI नेशनल केडिट प्रतियोगिता 2023 में कास्य पदक अर्जित किया। तत्पश्चात 40वी TFI नेशनल जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता 2023 कर्नाटक में कास्य पदक प्राप्त किया। तथा 41 वी ज्थ्प् नेशनल जूनियर प्रतियोगिता 2024 महाराष्ट्र में सहभागिता की। वहीं एस.जी.एफ.आई द्वारा 67वी नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## ब्रीफ न्यूज

### अबरार ने शुभमन के आउट होने पर मनाये जश्न पर माफी मांगी

**लाहौर।** पाकिस्तान के क्रिकेटर अबरार अहमद ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल के आउट होने के बाद मनाये अपने जश्न के लिए माफी मांगी हैं। अबरार ने शुभमन के आउट होने के बाद जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था उपपर आपत्ति जतायी गयी थी। इस मामले में लोगों ने सोशल मीडिया के जरिये अबरार पर निशाना साधा था। अबरार ने कहा, वह मेरा तरीका था, मुझे नहीं लगता है कि मैंने कुछ गलत किया। किसी अधिकारी ने भी मुझसे नहीं कहा कि मैंने कुछ गलत किया, लेकिन इसके बाद भी किसी को बुरा लगा है तो मैं माफी मांगता हूं। मेरा इरादा किसी ठेस पहुंचाने का नहीं था। अबरार के जश्न पर पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने भी नाराजगी जताई थी। भारत के खिलाफ मैच के बाद वसीम अकरम ने कहा, मैं अबरार की गेंदबाजी से बहुत प्रभावित था पर जिस तरह से उसने जश्न मनाया वह गलत था। इन चीजों के लिए टाइम और जगह होती है।

### हार से निराश कीवी कप्तान बोले, हम बेहतर टीम से हारे

**दुबई।** भारतीय टीम के खिलाफ आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली हार से निराश न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने कहा कि हम एक बेहतर टीम से हारे हैं। सेंटनर ने कहा कि हमारी टीम बल्लेबाजी में 20 से 25 रन कम बना पायी। उन्होंने जीत का श्रेय भारतीय टीम को दिया है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को फाइनल में 4 विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। सेंटनर ने पुरस्कार समारोह में कहा ,'यह अच्छा टूर्नामेंट था। हमें कड़ी चुनौती मिली और हम आज एक बेहतर टीम से हारे हैं। सभी ने टूर्नामेंट में योगदान दिया और अलग अलग समय में अपनी भूमिका निभाई। हमने अच्छी गेंदबाजी की पर पावरप्ले में कुछ विकेट गंवा दिए जिससे नुकसान हुआ। वहीं भारतीय टीम के स्पिनरों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। हम 20-25 रन पीछे रह गए।'

### जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, 'मैंने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है।

### चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत से देश भर में खुशी का माहौर

# भारतीय टीम की जीत पर झूमे फिल्मी दुनिया के सितारे, टीम को दी बधाई

एजेंसी ■ मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम की आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत से देश भर में खुशी का माहौर है। बॉलीवुड सितारे भी इस जीत से जश्न मनाते दिखे। बिग बी से लेकर अजय देवगन, वरुण धवन, अनुपम खेर, नेहा धूपिया और दक्षिण भारतीय सितारे रामचरण ने इस जीत पर की बधाई दी। भारत की जीत पर अभिनेता वरुण धवन, नेहा धूपिया, सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन, आफताब शिवदसानी, अनुपम खेर, अमिताभ बच्चन, राम चरण, ममूटी समेत पूरी फिल्म इंडस्ट्री जश्न में डूबी नजर आई।

वहीं सुनील शेट्टी ने जीत की खुशी सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट के जरिये साझा की है। टीम इंडिया की एक तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, ÷एक बार फिर चैंपियन! धैर्य, जुनून और उत्साह के साथ टीम इंडिया ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। पूरी टीम ने अच्छा प्रयास किया, हर खिलाड़ी ने तब आगे बढ़कर काम किया जब इसकी जरूरत थी। बधाई हो, चैंपियंस!÷ सुनील ने अपने दामाद केएल राहुल की भी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, ÷भारत की विश, राहुल की कमांड।÷

अभिनेता अजय देवगन ने सोशल मीडिया में 'कभी खुशी कभी गम' से काजोल वाले एक सीन के 'हम जीत गए' वीडियो को साझा करते हुए लिखा, ÷ हमारे घर में आज भी यही माहौल है बधाई हो टीम इंडिया!÷ वहीं अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने लिखा, ÷ओये होये! 25 साल का इंतजार समाप्त। रोहित के टीम ने न्यूजीलैंड से चैंपियंस ट्रॉफी 2000 का हिसाब बराबर कर लिया। दोस्तों, इस ट्रॉफी पर तो हमारा अधिकार था और टीम इंडिया ने ना सिर्फ ट्रॉफी जीती बल्कि भारत के लोगों का दिल भी जीत लिया। रोहित हमेशा की तरह मिसाल पेश की। टीम इंडिया के पास अब दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट



स्टेडियम में सबसे ज्यादा जीत हासिल का रिकॉर्ड है। मेरा भारत महान, जय हिन्द!÷

अमिताभ बच्चन ने लिखा, ÷चैंपियनशिप, शांत, संयमित और सुनियोजित। कोई ड्रामा नहीं, कोई घबराहट नहीं, बस बेहतरीन प्रदर्शन।÷ वहीं रामचरण ने लिखा, ÷क्या मैच था। जीत हासिल करने के लिए हमारे चैंपियंस को बधाई।÷ अभिनेता ममूटी ने लिखा, ÷चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई।÷ वरुण धवन ने एक वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, वेल डन बॉयज। वहीं, नेहा धूपिया ने एक वीडियो शेयर कर अपनी खुशी जाहिर की।

### जूनियर एनटीआर ने टीम इंडिया को बधाई दी

**हैदराबाद।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद देश भर में जश्न का माहौल है। हर कोई टीम इंडिया के लिए खुशी जाहिर कर रहा है और खिलाड़ियों को बधाई दे रहा है। इसी बीच जूनियर एनटीआर ने भी सोशल मीडिया के जरिये भारतीय टीम को बधाई दी। जूनियर एनटीआर ने लिखा 'चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई, बिना हारे जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।' भारतीय टीम ने पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप जीता था। इस प्रकार उसने रोहित की कप्तानी में दूसरा आईसीसी खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने 2002 में श्रीलंका के साथ ट्रॉफी संयुक्त रुप से जीती थी जबकि 2013 में टीम इंडिया ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में ट्रॉफी को अपने नाम की थी। जूनियर एनटीआर केजीएफ फेम निर्देशक प्रशांत नील की आने वाली फिल्म में नजर आयेंगे।

# अभी संन्यास नहीं ले रहा : रोहित

### भविष्य की योजनाएं आने वाले समय में तय करेंगे

एजेंसी ■ दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली जीत के बाद कहा कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे हैं। इसलिए इस बारे में अफवाएं न फैलाएं। इससे पहले अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले सकते हैं। रोहित ने जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा , 'भविष्य की योजनाएं भविष्य में तय की जाएंगी. अभी, सब कुछ वैसे ही चलता रहेगा जैसा चल रहा है.'

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास न लेकर रोहित ने संकेत दिये हैं कि वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक टीम में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा क्रिकेट खेला। अपने अनुसार परिणाम हासिल करना एक शानदार अहसास है। आक्रामक शैली से न खेलना मेरे लिए यह स्वाभाविक नहीं है, लेकिन मैं सही में ऐसा करना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'जब आप कुछ अलग कर रहे होते हैं तो आपको टीम और प्रबंधन से समर्थन होना चाहिए। मैंने इस बार में कोच से भी बात की थी। . मैं वास्तव में ऐसा करना चाहता था। मैं इन साल में एक अलग शैली में खेला और अब हम इस शैली के साथ परिणाम हासिल कर रहे हैं.'

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने



गत वर्ष वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप जीता था। इसके बाद रोहित और विराट कोहली ने टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। ऐसे में कहा जा रहा था कि रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद भी इसी तरह का फैसला लेते हुए एकदिवसीय प्रारुप से संन्यास ले सकते हैं पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। फाइनल से पहले कप्तान रोहित ने जिस प्रकार मीडिया से बात करने शुभमन गिल को भेजा था उससे भी लगा था कि वह फाइनल के बाद संन्यास ले सकते हैं। वहीं फाइनल में हार के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि उनकी टीम एक बेहतर भारतीय टीम से हारी। सेंटनर ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह अच्छा टूर्नामेंट था। हमें कड़ी चुनौती मिली और हम आज एक बेहतर टीम से हारे।

### रोहित ने अय्यर को साइलैंट हीरो करार दिया

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने में मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भी अहम योगदान दिये। रोहित ने अय्यर को साइलैंट हीरो करार दिया है जो मध्यक्रम को जब भी जरुरत पड़ी संभालते दिखे। पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारतीय टीम का मध्य क्रम अपनी जिम्मेदारी निभाता रहा। इस दौरान कई मैच विजेता साझेदारियां भी हुई। रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि हालात कठिन होंगे पर हमने अपने को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की। बल्लेबाजी में गहराई ने भारत को फायदा पहुंचाया है, श्रेयस अपने शांत व्यवहार और आक्रामक अंदाज से बाकी खिलाड़ियों से अलग दिखने नजर आते हैं। उनके खाते तें शतक तो नहीं हैं पर अपनी निरंतरता के कारण वह टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। श्रेयस ने पांच मैचों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए हैं। रोहित ने श्रेयस के विभिन्न खेलों में महत्वपूर्ण साझेदारियों के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए भारत के रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने की यात्रा में इस खिलाड़ी का नाम आना चाहिये।

### विराट के बयान से उनके संन्यास लेने की अटकलें, प्रशंसक हुए निराश

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक ऐसी बता कही जिससे उनके प्रशंसकों को संन्यास लेने का अंदेशा हुआ। विराट ने कहा कि कहा कि हम चाहते थे कि जब हम टीम छोड़कर जाएं तो टीम बेहतर स्थिति में हो। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। बहरहाल विराट के संन्यास लेने की आशंका से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैचा नहीं हारी। विराट फाइनल में रन नहीं बना पाये पर पूरे टूर्नामेंट में उनकी अहम भूमिका रही। पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक से ही भारतीय टीम जीती है। जैसे ही विराट ने अपने संन्यास की बात की, उनके प्रशंसक भावुक हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद कोहली बेहद उत्साहित दिखे। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने की बात कही, जिससे प्रशंसक थोड़े समय के लिए भावुक हो गए। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि यह सफर अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अच्छी वापसी करना चाहते थे और इस खिताबी जीत से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। अब उन्हें युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने का बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। विराट ने ये भी कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी टीम को सही दिशा में लेकर जा रहे हैं और यह उनकी प्रगति को देखकर वह काफी खुश हैं। विराट ने आगे कहा कि इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद आप अनुभवी खिलाड़ी से दबाव वाली स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग मैचों में अपनी भूमिका ठीक से निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही टीम खिताब जीतने में सफल रही है। साथ ही कहा कई खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी जिसका लाभ टीम को मिला। विराट ने यह भी बताया कि वह हमेशा युवा खिलाड़ियों से बात करने की कोशिश करते हैं और उन्हें अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन्हें यह बताते हैं कि उन्होंने इतने सालों तक क्रिकेट कैसे खेला और किस तरह से दबाव की स्थितियों में अपने प्रदर्शन को बेहतर किया।

## स्मिथ को द.अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद



एजेंसी ■ जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि उनकी टीम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत सकती है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका का सामना डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है।

स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि , 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा। दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं। इसने काफी दर्शक जोड़े हैं। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट में अंत में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीन चार लीग बचेंगी और शायद एक टू टियर सिस्टम। भविष्य में सभी सदस्य देशों को साथ मिलकर एक दूसरे की लीग को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि शेड्यूलिंग भी अहम है इससे राजस्व का प्रवाह बना रहता है। वहीं अगर ऐसा नहीं होता है तो टेस्ट क्रिकेट में दबाव आ जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश एक दूसरे से ही खेलते रहे और अफ्रीकी या दूसरे देशों से नहीं खेलेंगे तो उनके लिए राजस्व हासिल करना कठिन हो जाएगा।





चीन में जापान की तकेडा रियो ब्लू बे एलपीएल गोल्फ टूर्नोमेंट में जीत के बाद ट्रॉफी उठाये हुए।

### श्रीलंकाई क्रिकेटर मुरलीधरन को जम्मू-कश्मीर सरकार के मुफ्त जमीन देने पर उठा विवाद

**श्रीनगर।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन को जम्मू कश्मीर में मुफ्त में जमीन आवंटित किये जाने पर राज्य सरकार घिरती जा रही है। ये मामला विधानसभा में भी उठा पर सरकार ने आरोनों को गलत बताया है। राज्य के मंत्री जावेद अहमद डार ने कहा कि सरकार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि एक पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर को केंद्र शासित प्रदेश में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए मुफ्त में जमीन दी गयी है। वहीं सीपीएम के विधायक एम वाई तारिगामी और कांग्रेस विधायक दल के नेता जी ए मीर ने इस मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने पूछा कि एक श्रीलंकाई क्रिकेटर को फ्री में जमीन कैसे दे दी गई? इसपर कृषि उत्पादन मंत्री डार ने डार ने कहा कि यह राजस्व विभाग से जुड़ा मामला है। हमारे पास कोई जानकारी नहीं है और हम तथ्यों को जानने के लिए इसकी जांच करेंगे। खबरों के अनुसार, पूर्व क्रिकेटर मुरलीधरन की कंपनी 'सीलोन बेवरेजेस' को कठुआ में बोतल भराई और एल्यूमीनियम केन निर्माण संबंधी 1,600 करोड़ रुपये की यूनिट लगाने के लिए 25.75 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। तारिगामी ने किसी का नाम लिए बिना 'मुफ्त' जमीन आवंटन को लेकर सवाल उठाया।

# संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं के कारण ही हर भूमिका निभा सका : पांड्या

एजेंसी ■ दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम की आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीत में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गेंद और बल्ले दोनो से ही जरुरत के समय भरपूर योगदान दिया। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में पांड्या ने मो शमी के साथ गेंद साझा की। इसी को लेकर पांड्या ने कहा कि संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं के कारण ही वह अपनी नई भूमिका को सही तरीके से निभा पाये। पिच के स्पिनरों के अनुकूल होने के कारण उन्हें हालांकि टूर्नामेंट में अधिक गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। पांड्य ने भारतीय टीम की



खिताबी जीत के बाद कहा, 'गेंदबाजी अपना काम स्वयं करती है। उनके लिए यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। साथ ही कहा कि मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना ??रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो उनका जमकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास हमेशा ही अवसर होता है। पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमेशा ही कड़ी मेहनत करते रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा अपनरे पर भरोसा रहा है कि मैं क्या कर सकता हूं। साथ ही कहा कि कड़े अभ्यास का हमेशा ही फल मिलता है। मेरा हमेशा मानना ??है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, उसका प्रभाव खेल पर भी दिखता है। इस क्रिकेटर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में जीत से साल 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से मिली हार की निराशा भी कम हुई है।

### क्रिकेटर मनीष पांडे और अभिनेत्री आश्रिता के बीच दूरिया बढ़ीं

**मुम्बई।** क्रिकेटर मनीष पांडे और उनकी पत्नी तमिल अभिनेत्री आश्रिता शेट्टी के बीच लगता है सबकुल ठीक नहीं चल रहा। इसी कारण दोनो ने एक दूसरे को सोशल मीडिया से भी अनफॉलो कर दिया है। दोनो ने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया अकाउंट्स से हटा दी हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसर दोनों की शादी टूटने के करीब हैं हालांकि अभी तक दोनो में से किसी ने भी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। मनीष ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 68 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, और आश्रिता तमिल फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री रही हैं। दोनो की ही शादी साल 2019 में हुई थी।

दैनिक सत्ता सुधार

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

**इनाम** 11 करोड़ की इनामी राशि मिली

# हार के बाद भी उपविजेता न्यूजीलैंड हुई मालामाल

एजेंसी ■ दुबई

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद जहां भारतीय टीम को साढ़े 21 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम को करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं। इस प्रकार देखा जाये तो हार के बाद भी कीवी टीम को मोटी रकम मिली है। भारतीय टीम ने दुबई में खेले गये फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया।

चैंपियंस ट्रॉफी की इनामी राशि को लेकर आईसीसी ने पहले ही घोषणा कर दी थी। साल 2017 के मुकाबले इस बार इनामी राशि में 53 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। इसी कारण उपविजेता टीम भी मालामाल हुई है।उपविजेता टीम के लिए आईसीसी ने 10 करोड़ रुपये का इनाम रखा था, जो न्यूजीलैंड को मिलेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड को पार्टिसिपेशन प्राइज और लीग फेज के मैच जीतने के लिए इनाम मिलेगा। इस तरह कीवी टीम का कुल इनाम करीब 11 करोड़ 44 लाख रुपये बैठता है। इतना ही नहीं, सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को भी मोटी रकम मिली है। पहले सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम को सेमीफाइनल तक का सफर तय करने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये की प्राइज राशि मिली है। इसमें 1 करोड़ 9 लाख रुपये टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए और लीग स्तर में एक मैच जीतने और दो मैच परिणाम रहित रहने पर करीब 59 लाख रुपये मिले। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को साढ़े 6 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मिली। इसके अलावा दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को भी करीब 5 करोड़ रुपये मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका को दो लीग मैच जीतने के कारण 59 लाख रुपये अलग से मिलेंगे और 1 करोड़ 9 लाख टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मिले। इस तरह उसे कुल 6 करोड़ रुपये मिले हैं।

### चैम्पियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय खिलाड़ियों को इसलिए मिले ब्लेजर

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद- भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ ही पदक और चैम्पियंस ट्रॉफी के लोगों वाला सफेद ब्लेजर दिया गया। चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के खिलाड़ियों को यह ब्लेजर एक प्रतीक के तौर पर दिया जाता है। आईसीसी ने इस ब्लेजर को महानता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम के एक वीडियो के साथ ही आईसीसी ने इस ब्लेजर को लॉन्च किया था। इस वीडियो में दिखाया गया था कि ब्लेजर किस प्रकार बनाया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी जब साल 1998 में शुरू हुई थी। तब विजेता टीम को सफेल ब्लेजर नहीं दिए जाते थे। ब्लेजर देने की शुरुआत 2009 में दक्षिण अफ्रीका में हुई चैंपियंस ट्रॉफी के साथ शुरू हुई। तब रिकी पोंटिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर पहली बार यह ब्लेजर हासिल किया था। इसके बाद के दो टूर्नामेंट इंग्लैंड और वेल्स में हुए। साल 2013 में एजबेस्टन में भारत ने इंग्लैंड को हराकर यह ब्लेजर जीता था। हर खिलाड़ी की बॉडी अलग होती है। ऐसे में सवाल है कि ब्लेजर को तैयार कैसे किया जाता है। आईसीसी फाइनल से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों का माप लेकर ब्लेजर तैयार करवाती है।





# बांके बिहारी मंदिर में होली...हवा में उड़ता गुलाल और रंगों की बौछार

**झूम उठेंगे भक्त : अब से पांच दिन ऐसा ही नजारा मथुरा में देखने को मिलेगा**

**श्रद्धालुओं ने दाऊजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया, हुरंगा से पूर्व नृत्य महारास, हुरंगा का पूर्वाभ्यास देखने उमड़ा सैलाब**

### समाज गायन में सेवायत श्रद्धालु नाचते गाते हुए नजर आए

एजेंसी ■ मथुरा

ब्रजमंडल में होली की धूम जोरों पर है। रंगभरनी एकादशी के पावन अवसर से ही कान्हा की नगरी में पंच दिवसीय रंगोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। चारों ओर भक्तों के टोलियां भक्ति और उल्लास में सराबोर होकर आनंद रस में गोते लगा रही हैं। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी भक्तों के बीच रंगोत्सव का अनूठा नजारा देखने को मिल रहा है। जैसे ही ठाकुर बांके बिहारी लाल धवल श्वेत वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन देने पहुंचे, पूरा मंदिर परिसर रास रचैया की जय-जयकार से गूंज उठा। सेवायत गोस्वामीजन ने भक्तों पर सोने-चांदी की पिचकारियों से टेसू के फूलों से बने प्राकृतिक रंगों की बौछार की। मंदिर परिसर में चारों ओर अबीर-गुलाल की सातरंगी छटा छाई हुई है। भक्तगण ठाकुरजी की रंग-प्रसादी में भीगकर भक्ति रस में डूब रहे हैं। सेवायतों द्वारा होली के रसिया भजनों का पारंपरिक गायन किया जा रहा है, जिससे वातावरण में भक्ति और मस्ती का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है।

### होली प्रेम और भक्ति का अद्भुत संगम

फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी से प्रारंभ हुआ यह आनंदमयी रस वर्षण फाल्गुन पूर्णिमा तक इसी तरह जारी रहेगा। हर भक्त ठाकुरजी के साथ होली खेलने और रंग-प्रसादी का एक कण पाने को लालायित है। सेवायत गोपी गोस्वामी ने कहा कि बांके बिहारी लाल की यह होली प्रेम और भक्ति का अद्भुत संगम है। हर साल लाखों भक्त इसमें शामिल होकर ठाकुरजी के रंग में रंग जाते हैं। इस बार भी ठाकुरजी अपने भक्तों पर कृपा कर रहे हैं और हर कोई इस अलौकिक रंगोत्सव में डूबा हुआ है। भक्त इस होली में रंगने को आतुर रहते हैं।



### राजाधिराज ने अपने भक्तों को दिए दर्शन

पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश महाराज ने कुंज में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन दिए। इस दौरान मंदिर ठाकुरजी महाराज अबीर गुलाल, टेसू के शुद्ध फूलों के रंग से होली खेली। इस दौरान लोग भक्ति के अद्भुत रंग में रंगे नजर आए। ठाकुरजी की रंग गुलाल की प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के मुखिया ने पिचकारी से श्रद्धालुओं पर टेसू का रंग बरसाया और रंग बिरंगा गुलाल लुटाया। श्रीधाम वृंदावन में सोमवार को रंगभरनी एकादशी पर ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर में होली रंगोत्सव का भव्य आयोजन चल रहा है। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है।

### सोने-चांदी की पिचकारी से बरस रहा रंग...

मथुरा में रंगभरनी एकादशी के अवसर पर सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वृंदावन की बात करें तो यहां के रास्तों पर जिधर नजर पड़े उधर ही रंगे हुए चेहरे और राधे-राधे की गूंज सुनाई दे रही है। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में सुबह से ही गुलाल की बौछार शुरू हो चुकी है। बांके बिहारी ने भक्तों के साथ सोने और चांदी की पिचकारी से होली खेली।

### डीआईजी और डीएम ने संभाली व्यवस्था

वृंदावन में होली के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सड़क से लेकर मंदिर तक पुलिस की कड़ी चौकसी देखने को मिली। खुद डीआईजी शैलेश पांडे और जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुऐ हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई है। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है। डीआईजी शैलेश पांडे ने कहा, हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो और आयोजन पूरी तरह सुरक्षित माहौल में संपन्न हो।

### रंगभरी एकादशी पर हर-हर महादेव से गूंजा विश्वनाथ धाम

इधर, रंगभरी एकादशी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। काशी विश्वनाथ धाम परिसर में बाबा और गौरा की प्रतिमा का भ्रमण कराया गया तो भक्तों में हर- हर महादेव का जयकारा गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ धाम में रंगभरी एकादशी का उत्सव और उल्लास कण-कण में नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं ने सोमवार को बाबा और गौरा को हल्दी लगाकर गुलाल अर्पित किया। काशीवासियों समेत दूर-दराज से काशी आए सभी श्रद्धालु इस उत्सव में पूरी श्रद्धा एवं उमंग के साथ शामिल होकर परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। सोमवार की सुबह से श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ एवं माता गौरा को हल्दी, अबीर-गुलाल और पुष्प अर्पित किए। धाम परिसर में रंगभरी एकादशी के पर्व की ऊर्जा महादेव के भक्तों को उत्साहित कर रही है। साथ ही बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। फूलों से सजाई गई पालकी पर विराजमान महादेव और माता गौरा की चल रजत प्रतिमा प्रांगण में भ्रमण को निकाली गई।

# अलीगढ़ में पकड़े गए चार बांग्लादेशी

**खुलासा: सभी 17 साल से रह रहे थे अवैध**

### बच्चों के बनवा रखे थे फर्जी आधार कार्ड

एजेंसी ■ अलीगढ़

अलीगढ़ की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नई बस्ती से महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को 17 साल से अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने बेटों के फर्जी आधार कार्ड भी बनवाए। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड के साथ तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। टप्पल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जट्टारी स्थित नई बस्ती से चार बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों से भारत आने के बारे में पूछा तो मकसूद खान पुत्र इब्राहिम ने बताया कि सभी बांग्लादेश में जिला जिसोर के गांव बांगडंगा बगरपाड़ा के रहने वाले हैं। वहां खेती का काम करते थे।

### झुग्गी -झोपड़ी में रहने लगे

17 साल पहले वर्ष 2008 में बेनापुल बोर्डर के रास्ते सियालदा ट्रेन से आगरा रेलवे स्टेशन होते हुए बस द्वारा अलीगढ़ के टप्पल थाना अंतर्गत जट्टारी में आकर कबाड़ बीनने का काम करने लगे। नई बस्ती में झुग्गी -झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से रहने लगे। उसकी पत्नी साहिना व दो लड़के मोहम्मद तौफीक व मौहम्मद साबिर साथ रहते हैं। फर्जी कागज तैयार कर दोनों बेटों के आधार कार्ड भी बनवा लिए।

### इन्हें किया गिरफ्तार

मकसूद खान पुत्र इब्राहिम मुल्ला निवासी गांव बागडंगा थाना बगर पाडा जिला जिसोर बांग्लादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़, ममोहम्मद तौफीक पुत्र मकसूद खान निवासी ग्राम बागडंगा थाना बगरपाडा जिला जिसोर बांग्लादेश हाल पता नई बस्ती कस्बा जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़, मोहम्मद साबिर पुत्र मकसूद खान निवासी गांव बागडंगा थाना बगर पाड़ा जिला जिसोर बंग्लादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़, साहिना पत्नी मकसूद खान पुत्री इब्राहिम मोडोल निवासी गांव बागडंगा थाना बगर पाड़ा जिला जिसोर बंग्लादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़। वहीं पकड़ी गयी महिला से 2 फर्जी आधार कार्ड और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# अब प्रभु राम के दर्शन के साथ लीलाएं भी देख सकेंगे भक्त

**अयोध्या में शानदार रामकथा संग्रहालय का भी होगा निर्माण**

### राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी जानकारी

**अयोध्या।** राम मंदिर परिसर में अब सिर्फ रामलला के दर्शन ही नहीं होंगे बल्कि श्रद्धालु भगवान श्रीराम से संबंधित जो भी प्रसंग हैं, वह भी देख सकेंगे। भगवान राम के जन्म से लेकर लंका विजय तक की सारी लीलाएं अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से देख सकेंगे। राम मंदिर परिसर में एक वर्ष के अंदर रामकथा संग्रहालय यानी म्यूजियम भी बनकर तैयार हो जाएगा। इस पर राम मंदिर भवन निर्माण समिति और राम मंदिर ट्रस्ट दोनों ने काम शुरू कर दिया है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि म्यूजियम में कितनी गैलरी होगी, उसमें क्या रखा जाएगा, बैठक में यह सब तय कर लिया गया है। अब म्यूजियम में बनने वाली गैलरी और उसकी अलग-अलग स्क्रिप्ट इसके डायरेक्टर लिखेंगे। नृपेंद्र ने बताया कि म्यूजियम के लिए कैडमिन नाम की कंपनी से समझौता किया गया है। कैडमिन कंपनी को पहले स्क्रिप्ट दी जाएगी। स्क्रिप्ट के अनुसार ही कंपनी तय करेगी कि कौन सी जगह पर वीडियो टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होगी किन जगहों पर इमरशिप टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होगी और कहां पर आर्टिफैक्ट डिस्प्ले होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व विधायक इरफान और उसके भाई को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से सीसामऊ कानपुर के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को बड़ी राहत मिली। रंगदारी मांगने के आरोप में दो साल से जेल में बंद इरफान और रिजवान की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। जस्टिस राजवीर सिंह की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए फैसले को सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को फैसला सुनाया। दोनों भाइयों की जमानत अदालत से मंजूर जरूर हो गई है, लेकिन दोनों अभी जेल से बाहर नहीं निकल पाएंगे। क्योंकि रिजवान सोलंकी के खिलाफ अभी गैंगस्टर के मुकदमे में मुकदमा विचाराधीन है। साथ ही इरफान सोलंकी की गैंगस्टर के साथ-साथ फर्जी आधार कार्ड पर यात्रा करने का मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है।

### सुल्तानपुर में गैंगेस्टर सिराज पर शिकंजा, करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**सुल्तानपुर।** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड के मुख्य आरोपी व एक लाख के इनामी सिराज अहमद पर शिकंजा कस गया है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के आदेश पर सोमवार को फरार बदमाश सिराज अहमद की 4 करोड़ 66 लाख 11 हजार 300 की कुल संपत्ति कुर्क की गई है। बता दें कि पांच दिन पूर्व ही जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने कार्रवाई का निर्देश दिया था। भुलकी बाईपास पर 6 अगस्त 2023 की शाम भुलकी गांव में ताबड़तोड़ फायरिंग कर अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या व उसके भाई को घायल कर दिया गया था। जिसके सबंध में सलीम अहमद ने बेटे की हत्या के लिए नामजद एफआईआर लिखाई थी।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

### निर्भीकता, शक्ति और परिष्कृतता का सर्वोत्तम मेल हाईलक्स ब्लैक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोजाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। लॉन्च पर वरिंदर वाधवा ने कहा टोयोटा में हमेशा बेहतर कारें देने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की गहरी समझ पर आधारित है। व्यापक बाजार अनुसंधान और उपभोक्ता अंतर्दृष्टि के माध्यम से, हम उन वाहनों की बढ़ती मांग को पहचानते हैं जो शक्ति, परिष्कार और मजबूत बहुमुखी प्रतिभा का सहज मिश्रण करते हैं। टोयोटा हाइलक्स लंबे समय से स्थायित्व और प्रदर्शन का प्रतीक रहा है और हाइलक्स ब्लैक एडिशन की शुरुआत के साथ, हम इस विरासत को और भी आगे ले जा रहे हैं। आकर्षक ऑल-ब्लैक एक्सटीरियर इसकी बोल्ड और कमांडिंग रोड प्रेजेंस को बढ़ाता है, जो एक शक्तिशाली बयान देता है जो रोमांच चाहने वालों और लाइफस्टाइल उत्साही लोगों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित होता है।

**सीएम योगी करेंगे लोकार्पण, विकास को लगेंगे पंख**

# गोरखपुर को होली बाद मिलेंगी तीन सौगात

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर





शहरवासियों को होली के बाद तीन बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर, एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर और गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार है। सीएम योगी जल्द इनका लोकार्पण कर सकते हैं। राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत गोरखपुर क्लब के सामने गोरखपुर नगर निगम का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वातानुकूलित नगरीय सेवा केंद्र बन कर तैयार हो गया है। यहां 2.49 करोड़ से सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का निर्माण किया गया है। यहां वरिष्ठ नागरिकों को दिनभर के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और सामाजिक माहौल मिलेगा। सेंटर बुजुर्गों को विधिक सलाह, मनोरंजन, योग, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य गतिविधियों के लिए उपलब्ध होगी, ताकि वे अकेलापन महसूस न करें और सक्रिय रह सकें। 20 दिसंबर 2023 में इसका निर्माण शुरू हुआ था, जो अब पूरा हो गया है। पास में ही जोनल कार्यालय तीन बना है। यहां इस जोन के तहत आने वाले वार्डों के नागरिकों के जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, सड़क, पेजयल, सीवर, संपत्तिकर संबंधी समस्याओं का समाधान, नगर निगम की सभी सुविधाओं, योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षित कर्मचारियों के जरिये उपलब्ध कराई जाएगी। यहां निगम के कार्यों की सूचना और सुविधा की जानकारी देने वाला काउंटर भी होगा।

### एबीसी सेंटर भी तैयार

गुलरिहा के अमवा में करीब 2.55 करोड़ रुपए की लागत से एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) बनाया गया है। यह बनकर तैयार भी हो चुका है। संचालन की जिम्मेदारी चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी फॉर ह्यूमन काइंड एंड एनिमल को मिली है। यहां प्रतिदिन 41 कुत्तों की नसबंदी की योजना है। साथ ही यहां 30 कुत्ते रखे जाएंगे। इनके बेहतर ढंग से संचालन के लिए पशु कल्याण अधिकारी डॉ. रॉबिन चंद्रा शनिवार लखनऊ गाजियाबाद में एबीसी सेंटर की कार्यप्रणाली को समझने गए हैं।

**कवायद** भारी फोर्स के साथ ड्रोन की निगरानी में निकलेंगे जुलूस, जिले को छह जोन और 29 सेक्टर में बांटा

# संभल में होली को लेकर तैयार हुआ सुरक्षा प्लान

एजेंसी ■ संभल




होली के जुलूस निकलने के दौरान शहर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे। पुलिस के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जुलूस की सुरक्षा बॉक्स फॉर्मेट में रहेगी। बताया कि इस दौरान ड्रोन कैमरों से निगरानी भी कराई जाएगी। यदि किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। पुलिस-प्रशासन का प्रयास है कि होली का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराए जाएं और जुमे की नमाज भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। होली के जुलूस निकलने के चलते जिलेभर में जुमे की नमाज का समय दोपहर 2.30 बजे तय किया गया है। इस समय बढ़ाने को लेकर कई तरह के राजनीतिक बयान सामने आ रहे हैं। एसपी का कहना है कि यह समय पीस कमेटी की बैठक में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा सहमति के बाद तय हुआ है। समय को लेकर खड़े हुए विवाद और अतिसंवेदनशील संभल में होली का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन के लिए प्राथमिकता है। इसको देखते हुए शहर के अतिसंवेदनशील इलाके में थ्री लेयर सुरक्षा प्लान तैयार किया गया है। इसमें पुलिस, पीएसी और आरआरएफ के जवान मुस्तैद किए जाएंगे। निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। डीएम ने बताया कि संभल को छह जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है।

### अतिरिक्त सुरक्षा बल भी होंगे तैनात

एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद से अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। होली के दिन सुरक्षा में पीएसी की सात कंपनी और दो प्लाटून जवान तैनात रहेंगे। आरआरएफ के जवान भी तैनात किए जाएंगे।

**जामा मस्जिद क्षेत्र में निगरानी:** 24 नवंबर को हुए बवाल के बाद जामा मस्जिद के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इन कैमरों का कंट्रोल रूम जामा मस्जिद के बाहर बने पुलिस गार्द कक्ष में बना हुआ है। हर समय इन कैमरों से इलाके में निगरानी की जा रही है। एसपी ने बताया कि अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।

घर बैठे कमाए

indus TOWERS

सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट छत पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी नक्शा ऑफिस आयें या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं

8319401203
8278191967

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910